kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-233 | गुरुवार, 25 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



पिछले कुछ दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान मुझे मिले विभिन्न उपहारों की ऑनलाइन नीलामी चल रही है। इस नीलामी में बहुत ही रोचक कृतियां शामिल हैं जो भारत की संस्कृति और रचनात्मकता को दर्शाती हैं। नीलामी से प्राप्त राशि नमामि गंगे मिशन में जाएगी। नीलामी में अवश्य भाग लें। **नरेंद्र मोदी**

वायु प्रदूषण की समस्या का स्थायी समाधान जैव ईंधन : गडकरी 11

कैमूर सहित पूरे बिहार में अब कानून का राज है : मुख्यमंत्री 12

## वोट चोरी पर चुनाव आयोग का ई-लॉक

एजेंसी




❐ वोटर लिस्ट से नाम हटाने की गड़बड़ी रोकने के लिए शुरू किया नया सिस्टम

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया में गड़बड़ी रोकने के लिए नया ई-वेरिफिकेशन सिस्टम लागू किया है। अब कोई भी व्यक्ति यदि नाम हटाने या शामिल करने पर आपत्ति जताएगा, तो उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। इस कदम का उद्देश्य फर्जी आवेदन रोकना और वोटर लिस्ट को सही-सही बनाए रखना है।

ईसी अधिकारियों ने बताया कि कई मामलों में लोग आपत्ति दर्ज कराते समय किसी और का नाम और मोबाइल नंबर डाल देते थे। इससे गलत नाम हटाने की कोशिशें होती थीं। नया सिस्टम इस दुरुपयोग को रोकने में मदद करेगा। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह कदम किसी खास घटना के बाद नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए उठाया गया है। कर्नाटक की अलंद विधानसभा क्षेत्र में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के 6,018 आवेदन ऑनलाइन आए थे। इनमें से केवल 24 ही सही पाए गए, जबकि 5,994 आवेदन गलत निकले। आयोग ने सही पाए गए 24 आवेदन स्वीकार किए और बाकी को खारिज कर दिया। ईसी ने साफ किया कि फॉर्म-7 भरने से नाम अपने आप नहीं हटता, बल्कि सत्यापन प्रक्रिया के बाद ही फैसला लिया जाता है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि ई-वेरिफिकेशन फीचर केवल पारदर्शिता और गड़बड़ी रोकने के लिए जोड़ा गया है। वोटर चाहे तो ऑनलाइन फॉर्म-सात भर सकता है, लेकिन केवल आवेदन से नाम नहीं हटता। हर आवेदन की गहन जांच और वेरिफिकेशन के बाद ही कार्रवाई होती है। आयोग का कहना है कि यह कदम पूरे देश में चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए है। ईसी के इस कदम को चुनावी प्रक्रिया में बड़ा सुधार माना जा रहा है। माना जा रहा है कि मोबाइल वेरिफिकेशन की बाध्यता से गलत और फर्जी आवेदन लगभग असंभव हो जाएंगे। इससे न केवल नाम हटाने की प्रक्रिया साफ-सुथरी होगी बल्कि राजनीतिक दलों के बीच विवाद भी कम होंगे। हालांकि, कंग्रेस और विपक्ष का मानना है कि आयोग को और पारदर्शिता लानी होगी और हर मामले में ठोस सबूत जनता के सामने रखने होंगे।

## जीवन रक्षक 33 दवाओं को जीएसटी से पूरी तरह छूट : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ हजरतगंज बाजार में व्यापारियों और ग्राहकों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

❐ जीएसटी रिफॉर्म से यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को हुआ सबसे अधिक लाभ

❐ विद्यार्थियों की पढ़ाई हुई सस्ती, नोटबुक-पेंसिल पर जीएसटी शून्य

❐ ज्यादातर घरेलू सामान पर जीएसटी घटाकर किया गया या 5%

❐ बाजार में खपत बढ़ी, उत्पादन और रोजगार में आएगी तेजी



लखनऊ। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन से लागू हुए 'नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म' ने बाजार में नई ऊर्जा भर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुकसेलर के पास जीएसटी रिफॉर्म को लेकर पत्रकार वार्ता की।उन्होंने कहा कि घटे हुए जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस रिफॉर्म ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा।

त्योहारों के सीजन में बड़ा कदममुख्यमंत्री ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए नोटबुक, पेंसिल और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है। इसी तरह ज्यादातर घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों को जीरो या 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। जीवन रक्षक 33 प्रकार की दवाओं को भी पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। इससे व्यापारी और उद्यमी दोनों को लाभ हुआ है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुले हैं। त्योहारों के सीजन में यह बड़ा कदम उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है और इस रिफॉर्म से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी। सीएम ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद देश का कलेक्शन 7 लाख करोड़ से बढ़कर 22 लाख करोड़ तक पहुंचा है, जबकि यूपी में यह 49 हजार करोड़ से बढ़कर 1.15 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। महंगाई से राहत देने की दिशा में बड़ा कदमपत्रकार वार्ता से पहले मुख्यमंत्री ने हजरतगंज मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए। सीएम ने दुकानदारों और ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### बहराइच में भेड़िये के हमले में मासूम की मौत

बहराइच, 24 सितंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले की कैसरगंज तहसील के मंझारा तौकली इलाके में स्थित बाबा पटाव ग्राम में बुधवार दोपहर भेड़िये के हमले में तीन वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई।

सूत्रों के अनुसार, बच्ची सोनी अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी एक भेड़िया घात लगाकर वहां पहुंचा और उसे अपने जबड़ों में दबाकर खेतों की ओर भाग गया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से लैस होकर भेड़िए का पीछा किया। ग्रामीणों के शोर और विरोध के कारण भेड़िया बच्ची को छोड़कर खेत की ओर भाग गया, लेकिन तब तक वह बच्ची के शरीर को गंभीर रूप से क्षति पहुंचा चुका था, विशेषकर उसका बायां हाथ बुरी तरह से खा गया था।

ग्रामीणों ने तत्काल बच्ची को बाइक से स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हाईकोर्ट में सरकारी वकीलों की तैनाती मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

लखनऊ 24 सितम्बर (वार्ता) इलाहाबाद उच्च न्यायालय और लखनऊ पीठ में सरकारी वकीलों की तैनाती प्रक्रिया को चुनौती मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर को नियत की है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश मामले में दाखिल चार जनहित याचिकाओं पर दिया। मंगलवार को मामले की फाइनल सुनवाई के समय महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे। मामले में हाईकोर्ट में सरकारी वकीलों की तैनाती में पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने का आग्रह किया गया है। साथ ही सरकारी वकीलों की तैनाती के 1975 के एल आर मैनुअल में भी संशोधन करने की गुजारिश भी की गई है।

मामले में वर्ष 2017 में दाखिल महेंद्र सिंह पवार की जनहित याचिका समेत चार जनहित याचिकाओं में हाईकोर्ट में सरकारी वकीलों की तैनाती प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय और लखनऊ पीठ में दो हजार से अधिक सरकारी वकील तैनात हैं। बीते मंगलवार को न्यायमित्र अधिवक्ता ने एल आर मैनुअल पर बहस की थी। याचियों की बहस पूरी हो चुकी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई पर राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता को पक्ष पेश करने को कहा था। इस मामले में याचियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर, कोर्ट ने यूपी सरकार से सरकारी वकीलों की तैनाती का ब्योरा मांगा है। कोर्ट ने पक्षों के वकीलों को सरकारी वकीलों की तैनाती मामलों में पहले दिए गए फैसलों को पेश करने का भी मौखिक निर्देश भी दिया है।

### एयर इंडिया विमान हादसे में पायलट संगठन ने की न्यायिक जांच की मांग

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया विमान हादसे में एक पायलट संगठन ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर न्यायिक जांच की मांग की है। फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने पत्र में अबतक हुई जांच पर सवाल उठाये हैं।

### यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 : मोदी आज करेंगे शुभारम्भ

## निवेश, नवाचार और संस्कृति के महाकुंभ का होगा आगाज

एजेंसी/कैनविज टाइम्स ब्यूरो




❐ निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ही उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर स्थापित करेगा आयोजन

❐ रेडी प्लेटफॉर्म तैयार करना है उद्देश्य - क्राफ्ट, कल्चर और कुजीन के संगम का प्रतीक बनकर प्रदेश की विविध पहचान सामने लाएगा यूपीआईटीएस

❐ पार्टनर कंट्री के रूप में सम्मिलित होगा रूस, दोनों देशों के नीति निर्माताओं को मिलेगा साझा मंच

❐ तीसरे संस्करण में 2500 से अधिक प्रदर्शक, 500 विदेशी खरीदार और 5 लाख से अधिक विजिटर्स के आने की उम्मीद

ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच के तहत 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में प्रदेश की औद्योगिक, कृषि, सांस्कृतिक और नवाचार क्षमताओं का भव्य प्रदर्शन होगा। इस मेगा आयोजन का उद्देश्य केवल निवेश और व्यापार को बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर स्थापित करना और युवाओं, उद्यमियों व अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए फ्यूचर-रेडी प्लेटफॉर्म तैयार करना भी है। तीन वर्षों में दोगुना आकार, वैश्विक पहचान योगी सरकार की पहल से यह ट्रेड शो ''क्राफ्ट, कल्चर और कुज़ीन'' के संगम का प्रतीक बनकर प्रदेश की विविध पहचान को दुनिया के सामने लाएगा। वर्ष 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उद्घाटित पहले संस्करण से लेकर 2024 में तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा उद्घाटन किए गए दूसरे संस्करण तक, यूपीआईटीएस ने आकार, आंकड़ों और प्रभाव में दोगुना से अधिक प्रगति की है। पहले आयोजन में 1914 प्रदर्शक और 400 विदेशी खरीदार थे, जबकि दूसरे संस्करण में 2122 प्रदर्शक, 350 विदेशी खरीदार और 5 लाख विजिटर्स शामिल हुए। 2200 करोड़ रुपये से अधिक के निर्यात ऑर्डर और 40 करोड़ रुपये से ज्यादा की सीधी बिक्री ने इसे निवेश और निर्यात का केंद्र बनाया। तीसरे संस्करण में 2500 से अधिक प्रदर्शक, 500 विदेशी खरीदार और 5 लाख से अधिक विजिटर्स के आने की उम्मीद है। ओडीओपी पवेलियनः हर जिले की कहानी और वैश्विक पहचान हॉल नंबर-9 में सजने वाला वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पवेलियन 343 स्टॉल्स के माध्यम से हर जिले के सिग्नेचर प्रोडक्ट्स को पेश करेगा। भदोही का कालीन, फिरोजाबाद का ग्लासवर्क, मुरादाबाद का मेटलवेयर और सहारनपुर की नक्काशी जैसे उत्पाद ''लोकल से ग्लोबल'' की यात्रा को नई दिशा देंगे। यह पवेलियन न केवल शिल्प और हस्तकला को वैश्विक पहचान देगा, बल्कि स्टार्टअप्स, डिज़ाइनर्स और अंतरराष्ट्रीय बायर्स के लिए नेटवर्किंग, व्यापारिक सौदे और साझेदारी के अवसर भी खोलेगा। रूस-इंडिया बिजनेस डायलॉग खोलेगा नए अवसरों का द्वार इस बार रूस आयोजन के साथ बतौर पार्टनर कंट्री सम्मिलित हो रहा है। 26 सितंबर को रूस-इंडिया बिजनेस डायलॉग आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत और रूस के उद्योगपतियों, वित्तीय संस्थानों, बीमा कंपनियों, शिक्षा क्षेत्र और सरकारी नीति-निर्माताओं के लिए ● शेष पेज 11 पर

## 71 माओवादियों ने डाले हथियार

एजेंसी

### 30 पर 64 लाख रुपये का था इनाम



दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 71 माओवादियों ने सामूहिक तौर पर आत्मसमर्पण किया है इनमें से 30 ऐसे माओवादी है जिन पर इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस ने आज आत्मसमर्पण करने वाले 71 माओवादियों की पूरी सूची एक प्रेस वार्ता दी। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी सूची के अनुसार, इनमें 30 ऐसे कैडर शामिल हैं, जिन पर कुल 64 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में 21 महिला और 50 पुरुष नक्सली हैं।

प्रमुख इनामी माओवादी और इनाम राशि इस प्रकार हैंः बामन मड़काम (30), प्लाटून नंबर 02, मनकी उर्फ समीला मंडावी (20) पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम रखा गया था। शमीला उर्फ सोमली कवासी (25), गंगी उर्फ रोहनी बारसे (25), संतोष मंडावी (30), देवे उर्फ कविता माड़वी (25) पर पांच पांच लाख रुपये का इनाम रखा गया था। रानू उर्फ गडरू वेको (35) पर तीन लाख रुपये, हिड़मे कारम (24), विष्णु उर्फ गुड्डी ओयाम (38, जोगा मड़काम (30), हाथी राम उर्फ राजेश वेको (35), सुक्को बाई अट्टामी (51) पर दो-दो लाख रुपये, परमेश कोरसा (20), वेल्ला सोड़ी (24), कुमारी पारो उर्फ कमला पोयाम (18), रामसू उर्फ मनीराम लेकाम (22), सोमड़ी उर्फ मनीषा वेको (23), सन्नी माड़वी (27), मोटू राम तामो (26), अजय अलामी (40), सन्नू ओयाम (35) पर एक-एक लाख रुपये का इनाम रखा था। अन्य आत्मसमर्पित कैडर जिन पर 50,000 रुपये का इनाम था, उनमें मुन्ना राम वेको (25) उर्मिला तामो (25), सुनिता मंडावी (25), संतोष पोयाम (21), चैतराम पोयाम (27), चैतराम अट्टामी (25) कुमारू वेको (21) और भीमसोन तामो (30) शामिल हैं। शेष आत्मसमर्पित

## अदालत ने मतपत्र से चुनाव कराने का अनुरोध करने वाली याचिका की खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें केंद्र और निर्वाचन आयोग को देश के आम चुनाव ईवीएम के बजाय मतपत्रों के माध्यम से कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि पिछले वर्ष उच्चतम न्यायालय ने माना था कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) सरल, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल हैं तथा मतदाता, उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधियों के अलावा भारत ● शेष पेज 11 पर

## राजोआना को अब तक फांसी क्यों नहीं दी गई : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

❐ दया याचिका पर फैसला सुनाने में अत्यधिक देरी पर उठाया सवाल



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के आरोपी को लेकर केंद्र सरकार से कुछ सख्त सवाल पूछे हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि जब केंद्र ने इसे 'गंभीर अपराध' बताया था, तो बलवंत सिंह राजोआना को अब तक फांसी क्यों नहीं दी गई है? बता दें कि 1995 में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या का दोषी बलवंत सिंह राजोआना पिछले 29 सालों से जेल में बंद है। 31 अगस्त 1995 को चंडीगढ़ स्थित सिविल सचिवालय के एंट्री गेट पर हुए एक विस्फोट में बेअंत सिंह और 16 अन्य लोग मारे गए थे। इसके बाद एक विशेष अदालत ने जुलाई 2007 में राजोआना को मौत की सजा सुनाई थी। बुधवार को शीर्ष अदालत राजोआना की दया याचिका पर फैसले में देरी के आधार पर उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने की याचिका पर सुनवाई कर ● शेष पेज 11 पर

## रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा 78 दिनों का दिवाली बोनस

एजेंसी

### मोदी कैबिनेट बैठक में फैसला : बिहार के लिए 6 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी



नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट में बुधवार को 10.90 लाख रेलवे कर्मचारियों को उत्पादकता आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी। यह बोनस दिवाली से पहले कर्मचारियों के अकाउंट में भेजा जाएगा। इसके लिए 1865 करोड़ 68 लाख रुपये के भुगतान को स्वीकृति दी गई है। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कैबिनेट के इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज 10 लाख 91 हजार 146 रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) के रूप में 1865 करोड़ 68 लाख रुपये के भुगतान को स्?वीकृति दी। रेलवे कर्मचारियों के बेहतर कामकाज को मान्?यता देते हुए यह मंजूरी दी गई है।उन्होंने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस पर करीब 2,192 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के लिए लगभग छह हजार करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह बोनस रेलवे कर्मचारियों के 78 दिनों के वेतन के बराबर है। हर साल दुर्गा पूजा, दशहरा की छुट्टियों से पहले पात्र रेल कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान किया जाता है। उन्?होंने कहा कि इस वर्ष लगभग 10 लाख 91 हजार अराजपत्रित रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर पीएलबी राशि का भुगतान किया जा रहा है। पिछले साल सरकार ने रेल कर्मचारियों के लिए 2,029 करोड़ रुपये के बोनस को मंज़ूरी दी थी। इससे 11,72,240 कर्मचारियों को लाभ हुआ था। उन्होंने कहा कि रेलवे के समग्र प्रदर्शन में सुधार के लिए रेल कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में पीएलबी भुगतान किया जाता है। प्रत्येक पात्र रेल कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर अधिकतम देय पीएलबी की राशि 17 हजार 951 रुपये है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेल कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप-सी कर्मचारियों को दी जाएगी। रेल मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 मिलियन टन माल ढुलाई की और लगभग 7.3 बिलियन यात्रियों को गंतव्य स्थल तक पहुंचाया।

### मेडिकल कालेजों में स्नातकोत्तर की पाँच हजार, स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने को कैबिनेट की मंजूरी

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए स्नातकोत्तर की पाँच हजार सीटें और स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने की मंज़ूरी दी है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों/स्टैंडअलोन पीजी संस्थानों/सरकारी अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तीसरे चरण को मंज़ूरी दे दी है ताकि 5,000 स्नातकोत्तर की सीटें और एमबीबीएस के लिए 5,023 सीटें बढ़ाई जा सकें। उन्होंने कहा कि इस पहल से महत्वपूर्ण रूप से स्नातक चिकित्सा क्षमता में वृद्धि होगी, अतिरिक्त स्नातकोत्तर सीटें सृजित करके विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी और सरकारी चिकित्सा संस्थानों में नई विशेषज्ञताओं की शुरुआत संभव होगी। इससे देश में डॉक्टरों की समग्र उपलब्धता मजबूत होगी। इन दोनों योजनाओं का कुल वित्तीय भार 2025-26 से 2028-29 की अवधि के लिए 15,034.50 करोड़ रुपये है, जिसमें से केन्द्रीय हिस्सा 10,303.20 करोड़ रुपये तथा राज्य हिस्सा 4731.30 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लक्ष्य 2028-29 तक सरकारी संस्थानों में 5000 पीजी सीटें और 5023 यूजी सीटें बढ़ाना है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए जाएँगे। वर्तमान में देश में 808 मेडिकल कॉलेज हैं, जो दुनिया में सबसे ज़्यादा हैं और जिनकी कुल प्रवेश क्षमता 1,23,700 एमबीबीएस सीटें हैं। पिछले एक दशक में, 127 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 69,352 से अधिक नई एमबीबीएस सीटें जोड़ी गईं। इसी प्रकार, इस अवधि के दौरान 43,041 पीजी सीटें जोड़ी गईं, जो 143 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाती हैं। चिकित्सा सीटों ● शेष पेज 11 पर

## सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 15 जुलाई तक कराई जायेंगी

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की संभावित तिथि जारी कर दी है। बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी, 2026 से शुरू होकर 15 जुलाई, 2026 तक चलेंगी।

इस दौरान, मुख्य परीक्षाओं के साथ-साथ, कक्षा 12वीं के खेल वर्ग के छात्रों के लिए परीक्षाएं, कक्षा 10वीं की द्वितीय सत्र की बोर्ड परीक्षाएं और कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षाएँ भी आयोजित की जाएँगी। बोर्ड के अनुसार, लगभग 45 लाख छात्र 2026 की परीक्षाओं में शामिल होंगे। ये परीक्षाएं भारत में 204 विषयों और 26 विदेशी देशों में आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक विषय की परीक्षा के लगभग 10 दिन बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू होगा और इसे 12 दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उदाहरण के लिए, यदि 12वीं कक्षा का भौतिकी का पेपर 20 फ़रवरी को होता है, तो मूल्यांकन 3 मार्च, 2026 से शुरू होगा और 15 मार्च तक पूरा हो जाएगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि यह एक ● शेष पेज 11 पर

# जिलाधिकारी ने बैंक की उप जिला मजिस्ट्रेट को सौंपी जांच

## कोराव तहसील के बैंक आफ बड़ौदा का मामला

**बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कोरांव का मामला, जिसके विरुद्ध शिकायत उसी की मिली जांच,हुआ विरोध**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। काफी दिनों से बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कोरांव में व्याप्त अनियमितताएं,मनमानी,जनप्रतिनिधियों, खातेधारकों के साथ एक बैंक कर्मचारी द्वारा बदतमीजी करने,दलालों का सिर्फ सेटिंग करके लोन,तथा अन्य कार्यों की वरीयता देने, अव्यवस्थाओं और फ्रेंचाइजियों को महत्व न देने आदि जैसी कई लोगों की शिकायतों क्रमशः शिकायत संख्या 40017525060285 एवं 40017525060589 पर डीएम प्रयागराज ने एलडीएम को जांच कार्यवाही का आदेश दिया था। दरअसल पहली शिकायत की जांच नैनी के एक चीफ मैनेजर परासर जी ने बैंक शाखा में आकर की और कई लोगों को बुला कर बातचीत की थी,और कुछ बैंक स्टाफ को जनता ग्राहकों के हितों की ध्यान देने की हिदायतें और शिकायत करने वालों को समझा बुझा कर चले गए थे। और हिमांशु मल्होत्रा नामक बैंक स्टाफ के बारे में अफसरों को अवगत कराने की बात कही थी। किंतु बैंक शाखा प्रबंधक का निस्तारण आख्या और कार्यवाही संतोष जनक नहीं रही। जिस पर ग्राम प्रधान ए ए सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने आपत्ति किया।उक्त शिकायतों पर डीएम प्रयागराज के ही निर्देश पर एल डीएम बैंक ऑफ बड़ौदा ने बैंक आकर ग्राम प्रधान और अन्य से बात की। किंतु मुख्य रूप से मल्होत्रा नामक स्टाफ जिसकी शिकायत थी उसने अपने दलालों एजेंट के द्वारा बाहर करेंट खातेदारकों को खोज खोज कर मल्होत्रा के बचाव में लिखवाया गया। किंतु बैंक के अधिकारियों ने शिकायत के सापेक्ष जांच कार्यवाही न करके बैंक प्रबंधक सहित अन्य बिंदुओं पर जांच कार्यवाही न करके उल्टा प्रबंधक अपने स्टाफ की बचाने के लिए ग्राम प्रधान को ही दोषी ठहराया। और कार्यवाही की संस्तुति किया। उल्टा चोर कोतवाल को डाटे जैसी कहावत तर्ज पर निस्तारण की जानकारी जैसे ही ग्राम प्रधान श्री सिद्दीकी प्रधान संघ लीडर को हुई तो उन्होंने बीते 23 सितंबर को जिलाधिकारी प्रयागराज से मिलकर लिखित शिकायत किया और बैंक के लोगों को बचाने की बात कही। डीएम ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए पूरी शिकायत और गलत निस्तारण करने की आख्या सहित उपजिलाधिकारी कोरांव को सौंप दी।

ग्राम प्रधान ने बताया कि जिसके विरुद्ध शिकायत की गई हो वहीं जांच रिपोर्ट प्रेषित कर रहा है,अपने बचाव में यह कहां और कितना उचित है। फिलहाल गलत रिपोर्ट निष्पक्ष जांच कार्यवाही न किए जाने के विरोध में ग्राम प्रधानों ने नाराजगी जताई है। और डीएम तथा एसडीएम से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## प्रयागराज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापारियों के साथ जीएसटी समीक्षा बैठक

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जीएसटी दरों में किए गए परिवर्तन और इसके लाभों के विषय में चर्चा की गई। बैठक में जिले के विभिन्न व्यापार मण्डलों के पदाधिकारी तथा राज्य कर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 01 जुलाई 2017 से लागू जीएसटी में 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब समाप्त कर दिए गए हैं और अब मुख्यतः केवल 5 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत की दरें लागू हैं। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और व्यापारियों के लिए बिक्री में वृद्धि का अवसर पैदा होगा। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि अपने प्रतिष्ठानों में आने वाले ग्राहकों को जीएसटी से होने वाले लाभ से अवगत कराएँ।बैठक में व्यापारियों द्वारा उठाई गई जिज्ञासाओं का सम्यक निस्तारण किया गया। 22 सितंबर से पूर्व के स्टॉक पर कर देयता के लिए आईटीसी का उपयोग पूर्ववत रूप से जारी रहेगा।

# जीएसटी रिफॉर्म पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने की प्रेसवार्ता




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता कर नेक्स्ट जेन क्व्द्दठ रिफॉर्म के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि यह सुधार व्यापार और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लाभकारी है और सरकार ने इसे नवरात्रि, दशहरा और दीपावली का उपहार बताया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की एक राष्ट्र, एक बाजार की परिकल्पना इस सुधार से साकार हो रही है। उन्होंने व्यापारियों और आम जनता के लिए सरल नियम और कर में राहत की जानकारी दी। मंत्री ने पत्रकारों से अपील की कि वे जनता को इस सुधार की विस्तृत जानकारी दें ताकि छोटे व्यवसाय और उद्योग इस योजना का लाभ उठा सकें। इसके अलावा मंत्री ने बताया कि रिफॉर्म से बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## बम धमाका मामले में युवक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** अतर सुईया के दरियाबाद में बम फेंककर दहशत फैलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक का नाम भूरी बताया गया है। घटना के समय इलाके में भारी भय और अफरा-तफरी का माहौल था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारीयों ने कहा कि आरोपी ने जानबूझकर लोगों में डर फैलाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया था। जांच के दौरान बम के स्रोत और अन्य संभावित सहयोगियों की पहचान पर भी काम किया जा रहा है। इलाकेवासियों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## फूलपुर में 18 लाख के गहनों की लूट

**प्रयागराज।** फूलपुर के वीरकाजी गांव में बदमाशों ने बेटियों की गर्दन पर चाकू रखकर लगभग 18 लाख रुपये के गहने लूट लिए। लूट की वारदात एक ही गांव के चार अलग-अलग घरों में हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी घरों की सुरक्षा और दिनचर्या का अध्ययन करके चोरी को अंजाम दे रहे थे। ग्रामीणों में भय का माहौल है और पुलिस लगातार गश्त बढ़ा दी है। घटना के बाद पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें कानून के हवाले किया जाएगा।

## नगरामः खेत में पशु चराने को लेकर किसान की पिटाई, घायल

**नगराम , लखनऊ ।** नगराम थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में खेत में पशु चराने को लेकर विवाद हो गया। विपक्षी पक्ष के लोगों ने किसान शिवचन्द्र की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित का आरोप है कि शिवबरन के पुत्र व दो अज्ञात लोग जानवर खेत में चरा रहे थे। मना करने पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और हाथ की अंगुली भी जख्मी हो गई। पीड़ित ने थाना नगराम में तहरीर देकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## प्रयागराज में प्रेम प्रसंग हत्या का खुलासा, दो आरोपियों को जेल भेजा गया

**प्रयागराज।** डीसीपी विवेक यादव के निर्देश पर यमुनानगर की शंकरगढ़ पुलिस ने प्रेम प्रसंग में पति की हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई की। थाना प्रभारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने वांछित आरोपी विकास और संध्या सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जानकारी के अनुसार, यह हत्या 2 दिन पूर्व शंकरगढ़ के फूलतारा गांव में हुई थी। पुलिस के मुताबिक, पत्नी ने अपने प्रेम प्रसंग के चलते पति की हत्या कराई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में जुर्म की बात स्वीकार की।क्व्ट्ठ विवेक यादव ने कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अभी मामले की गहन जांच कर रही है और हत्या में शामिल अन्य संभावित आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और महिलाओं तथा सामान्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## उप्र अधिवक्ता कल्याणकारी महासंघ फैजुल्लागंज की बैठक हुई सम्पन्न

**लखनऊ।** उ प्र अधिवक्ता कल्याणकारी महासंघ फैजुल्लागंज की मासिक बैठक स्थान लखनऊ लान में श्री विश्वकर्मा जी, अशोक जी की संरक्षकता में तथा श्री अरविंद कुमार पांडे जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संगठन के नवीन पदाधिकारीगणों का सम्मान किया गया तथा संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। इस संबंध में विभिन्न वक्ताओं द्वारा अपना उद्बोधन दिया गया जिसमें श्री मनमोहन शुक्ला जी, श्री प्रवेश तिवारी जी महामंत्री, श्री सुनेंद्र कुमार मिश्रा, संगठन मंत्री, धीरेंद्र कुमार अग्निहोत्री कोषाध्यक्ष, श्री दीपक तिवारी जी, शुभम शुक्ला जी मीडिया प्रभारी ए0 के0 सिंह सोमवंशी जी उपाध्यक्ष, कौशलेंद्र सिंह जी, रविंद्र प्रताप सिंह जी, राजेंद्र सिंह चौहान जी, श्री ऐश्वर्या वर्मा जी, श्री बिजेन्द्र कुमार मिश्र जी उपाध्यक्ष, राहुल सोनी जी, मोहित मिश्रा जी, सुमेर चंद्र विश्वकर्मा जी सहित तमाम पदाधिकारीगण द्वारा उद्बोधन दिया गया तथा अतिथि के रूप में तथा नवागंतुक सदस्यों में श्री संतोष पांडे जी, महेंद्र मिश्रा जी, दिनेश मिश्रा जी आदि तमाम अधिवक्तागढ़ उपस्थित रहे।

## नारी उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण पर अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन

**प्रयागराज।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत बुधवार को क्षेत्रीय अभिलेखागार, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा नारी उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण विषयक अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी सुश्री अपराजिता सिंह ने किया। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, अधिकारों और सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत विचार व्यक्त किए।प्रदर्शनी में महिलाओं के अधिकारों से संबंधित कई ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण दस्तावेजों को प्रदर्शित किया गया। इनमें कन्या भ्रूण हत्या रोकने हेतु अंग्रेज सरकार द्वारा 1739 से 1870 तक बनाए गए नियम, बाल हत्या निषेध कानून-1886 के बाद जनपदवार आंकड़े, विवाह व्यय नियंत्रण प्रस्ताव-1864, स्त्री शिक्षा संबंधी आयोग की संस्तुतियां-1884, महिला शिक्षा विकास समिति-1904, महिलाओं को वकालत का अधिकार-1922, शारदा एक्ट-1936, बाल विवाह संशोधन एक्ट-1938 समेत अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव और दस्तावेज शामिल रहे।इस अवसर पर क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र यादव, सहायक निदेशक पत्राचार रविंद्र सिंह, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं कलाकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया तथा अतिथियों का स्वागत पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर ने किया।

## वाराणसी मंडल में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाये जा रहे ''स्वास्थ्य नारी,सशक्त परिवार अभियान''

वाराणसी। वाराणसी मंडल पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाये जा रहे ''स्वास्थ्य नारी,सशक्त परिवार अभियान'' के अंतर्गत मंडल चिकित्सालय,लहरतारा में महिलाओं एवं किशोरियों को उनके मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं मनोदशा को सामान्य बनाए रखने हेतु मानसिक स्वास्थ्य कल्याण जागरूकता शिविर का आयोजन कर सौ से अधिक महिलाओं एवं किशोरियों का मानसिक स्वस्थ्य परखा गया तदनुसार परामर्श दिया गया । इस मानसिक स्वास्थ्य कल्याण का शुभारंभ मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती वानी जैन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर.जे.चौधुरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ नीरज,वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ मोनिका शुक्ला,मंडल चिकित्साधिकारी डॉ ममता सिंह तथा मुख्य वक्ता के रूप में न्यू लाईफ हॉस्पिटल,गांधी नगर से पधारे मनोचिकित्सक डॉ निशांत ओहरी एवं मंडल चिकित्सालय की महिला पैरामेडिकल स्टाफ एवं मरीज महिलाएं उपस्थित थे।उक्त सेमिनार में डॉ निशांत ओहरी ने उपस्थित सभी महिलाओं को सामान्य मनोदशा एवं तनावग्रस्त मनोदशा का अंतर स्पष्ट करते हुए मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सेमिनार को संबोधित करते हुए बताया कि व्हाट इस स्ट्रेस (तनाव)?हंस सेली ने 1936 में कहा था, ''तनाव परिवर्तन की किसी भी मांग के प्रति शरीर की अविशिष्ट प्रतिक्रिया है।''मुख्यतः शारीरिक प्रतिक्रिया के संदर्भ में पशुओं पर किये शोध के आधार पर मनोवैज्ञानिक सेली ने बताया है कि लगातार तनाव के कारण पशुओं में भी मनुष्यों जैसी विभिन्न बीमारियाँ विकसित हो सकती हैं।

# प्रयागराज में जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जनपद प्रयागराज में वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम और द्वितीय तिमाही की जिलास्तरीय बैंकर्स समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने की, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ से एलडीओ सुधीर पांडेय और नाबार्ड के डीडीएम अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक मणि प्रकाश मिश्रा ने किया।बैठक में बताया गया कि जून तिमाही में जनपद का ऋण-जमा अनुपात केवल 40.80% रहा, जो राज्य के औसत से काफी कम है। मुख्य विकास अधिकारी ने 40% से कम ऋण-जमा अनुपात वाले बैंकों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक और पंजाब नेशनल बैंक को मोनिटरेबल एक्शन प्लान तैयार कर अनुपात सुधारने के निर्देश दिए। वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत जनपद ने कुल लक्ष्य का 41.15% प्राप्त किया, लेकिन प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में मात्र 28.5% लक्ष्य पूरा हुआ।बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना पर भी चर्चा हुई। वर्ष 2025-26 के वार्षिक लक्ष्य 2900 में से बैंकों ने कुल 1235 आवेदन स्वीकृत और 1173 वितरित किए। सीडीओ महोदया ने भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक की कार्यप्रणाली में कमी पर नाराजगी जताई और सभी लंबित आवेदनों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।एलडीएम ने बैंकों से पीएमएफवाय योजना, पशुपालन एवं मत्स्यपालन केसीसी और कृषि आधारभूत संरचना निधि योजना में अधिक से अधिक लाभार्थियों को सुविधा देने का आग्रह किया। साथ ही अनक्लेम्ड डिपाजिट अभियान के तहत ग्राहकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीसी एनआरएलएम, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, पीओ डूडा, जिला मत्स्य अधिकारी सहित सभी बैंक समन्वयक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उद्योग मंडल ने जीएसटी दरों में कमी का किया स्वागत

## भाजपा विधायक हर्षवर्धन बाजपई को दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (क्व्द्दठ) की दरों में की गई कमी का हार्दिक स्वागत किया है। मंडल ने कहा कि यह कदम व्यापार जगत और उपभोक्ताओं दोनों के लिए राहत देने वाला है और इससे बाजार में नई ऊर्जा का संचार होगा।मंडल के महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल ने कहा कि ''जीएसटी दरों में कमी व्यापारियों के लिए बड़ी राहत है। इससे कारोबार को गति मिलेगी और उपभोक्ताओं को भी सस्ता सामान उपलब्ध होगा। यह निर्णय देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक कदम है। इससे महंगाई में कमी आएगी, खरीद क्षमता बढ़ेगी और बाजार में रौनक लौटेगी। व्यापार को दो-दम मिलेगा।''दर कटौती की घोषणा के बाद बाजारों में रौनक बढ़ गई है और व्यापारी वर्ग में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। मंडल ने इस अवसर पर भाजपा विधायक हर्षवर्धन बाजपई को बधाई दी और उनके निरंतर व्यापारियों व समाज के हित में सहयोग की सराहना की।मंडल के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि सरकार भविष्य में भी इसी प्रकार व्यापार-हितैषी नीतिगत निर्णय लेगी, जिससे उद्योग और व्यापार का वातावरण और अधिक अनुकूल बनेगा।इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल के साथ वरिष्ठ महामंत्री नवीन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष राजकुमार केसरीवानी, महामंत्री अभिषेक केसरीवानी, महामंत्री पियूष पांडेय, महिला जिला अध्यक्ष रोशनी अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, अधिवक्ता मनोज गोस्वामी, हर्ष जायसवाल, नवीन सिंह, विकास वैश्य, रानू अग्रवाल सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त की अध्यक्षता में नगर पथ विक्रय समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा की अध्यक्षता में आज नगर निगम के सभागार में, नगर पथ विक्रय समिति, की बैठक नगर निगम के सभागार में आहूत की गयी, बैठक में वाराणसी विकास प्राधिकरण, पुलिस प्रशासन, नगर निगम के सभी जोनल अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा निधि वाजपेयी तथा फ़ेरी पटरी संघ के अध्यक्ष अभिषेक निगम उपस्थित थे। उक्त बैठक में जोनवार चिन्हित वेंडिंग जोन की समीक्षा की गयी। समिति द्वारा प्रस्तावित प्रत्येक वेंडिंग जोन/नान वेंडिंग जोन पर चर्चा हुई। जिसके फलस्वरूप 27 वेंडिंग ज़ोन एवं 04 नान वेंडिंग का समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। वेंडिंग जोन नगर निगम, वाराणसी सीमा क्षेत्र में है। जोनवार वेडिंग जोन के अन्तर्गत, भेलूपुर में 5 वेडिंग जोन बनाये जायेगें, दशाश्वमेध जोन में 2 वेडिंग जोन बनाये जायेगें, कोतवाली जोन में 3 वेडिंग जोन बनाये जायेगें, रामनगर जोन में 2 वेडिंग जोन बनाये जायेगें, ऋषि माण्डवी जोन में 1 वेडिंग जोन होगा, सारनाथ जोन में 8 वेडिंग जोन बनाये जायेगें तथा वरूणापार जोन में 6 वेडिंग जोन बनाये जायेगें। इसी प्रकार 4 नान वेडिंग जोन क्षेत्र घोषित किया गया, जिसमें भेलूपुर जोन में 1 तथा कोतवाली जोन में 3 वेडिंग जोन है। इन घोषित नान वेडिंग जोन के स्थान पर वैकल्पि व्यवस्था हेतु भूमि चिन्हित करने हेतु समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी। समिति की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि डालाछठ पर्व तक फ़ेरी फटरी के दुकानदारों को हटाये जाने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा सहानुभूति पूर्वक व्यवहार किया जायेगा। वेंडिंग जोन अनुमोदन के पश्चात समिति के समस्त पदाधिकारियों ने निर्णय का स्वागत किया, तत्पश्चात सबका धन्यवाद ज्ञापन करते हुये बैठक समाप्त की गयी।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लंबित ऋण आवेदनों की समीक्षा की गई और बैंकों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।मुख्य विकास अधिकारी ने विशेष रूप से उन बैंकों को ध्यान देने का निर्देश दिया, जिनका सीडी रेशियो (ऋण-जमा अनुपात) कम है, ताकि स्थिति में सुधार लाया जा सके। उन्होंने सभी बैंकों से यह भी कहा कि पात्र लाभार्थियों को ऋण और अन्य योजनाओं का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए।बैठक में वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना और कृषि आधारभूत संरचना निधि सहित अन्य योजनाओं की प्रगति और बैंकवार उपलब्धियों की समीक्षा की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने और योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार, एलडीएम सहित सभी बैंकों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त ने पांडेयपुर चौराहे का निरीक्षण कर यातायात को लेकर दिये आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल ने पांडेयपुर चौराहे का निरीक्षण कर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को सुरक्षित, सुगम और निर्बाध यातायात उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क चौड़ीकरण के दृष्टिगत घ्डक विभाग से समन्वय स्थापित कर टूटी सड़कों की मरम्मत और मलबा सड़क पर न फैलने देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को हटाने व नियमित निगरानी रखने पर जोर दिया गया। प्रमुख चौराहों पर लागू ऑटो लेन व्यवस्था का प्रभाव जानने हेतु पुलिस आयुक्त ने चालकों से प्रत्यक्ष संवाद किया, जिसमें चालकों ने बताया कि इससे सवारी बैठाने-उतारने में आसानी, यातायात की सुचारूता और जाम की समस्या से निजात मिली है। आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए गए कि प्रमुख स्थानों पर प्रभावी ट्रैफिक डायवर्जन हेतु अस्थायी बैरिकेडिंग, पंडालों का व्यवस्थित निर्माण, अलग पार्किंग व्यवस्था तथा अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को मजबूत किया जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री सोमवीर सिंह व सम्बन्धित थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## कौड़िहार में महिला आयोग की सदस्य ने किया शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने बुधवार को विकासखंड कौड़िहार के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए बच्चों और महिलाओं के कल्याण से जुड़े व्यवस्थाओं पर जोर दिया।इसके बाद उन्होंने विकासखंड कौड़िहार मुख्यालय पर आयोजित राष्ट्रीय पोषण अभियान के ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर पांच गर्भवती महिलाओं को गोद भराई, पांच बच्चों का अन्न प्रासन्न किया गया और 20 किशोरियों को सुरक्षा किट वितरित की गई। नवरात्र के अवसर पर 9 बालिकाओं का चरण पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया।कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी कौड़िहार, बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएँ एवं विकासखंड स्तर के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।तत्पश्चात माननीय सदस्य ने जिला महिला चिकित्सालय, डफरिन का निरीक्षण किया, जिसमें एसएनसीयू वार्ड, लेबर रूम और महिलाओं को भर्ती किए जाने वाले अन्य वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


**उत्तर रेलवे**

**ई—ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई—ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | Catering GMU |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall under GMU category at Gauriganj station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15-09-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-10-2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 01-10-2025 at 11:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under :-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date /Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GAURIGANJ | Catg-LKO-GNG-GMU-71-24-1 | GNG/PF-1/18/ADDL | 01-10-2025 at 11:30 hrs | GMU | WOMEN |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2942/2025

# गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेना जरूरी: अपर्णा यादव

## गरिमा मिश्रा ने अर्पणा यादव को श्रीराम लला का प्रतिरूप देकर सम्मानित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । राष्ट्रीय पोषण माह के तहत बुधवार को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मोहनलालगंज ब्लॉक के लालपुर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर महिलाओं और बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी दी। ग्राम प्रधान नीरज और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अपर्णा यादव ने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को अन्नप्राशन संस्कार कराते हुए खीर खिलाई। साथ ही गर्भवती महिलाओं को गोदभराई व कन्याओं को भोज कराकर नवरात्रि पर्व का उत्सव मनाया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषण की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि गर्भ के दौरान सही खानपान मां और शिशु दोनों के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर महिलाएं सुबह उठकर सीधे चाय पी लेती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसकी जगह अगर महिलाएं दूध, दलिया, दही और फलों का सेवन करें तो वे और उनका बच्चा दोनों स्वस्थ रहेंगे। अपर्णा ने महिलाओं को समझाया कि गर्भावस्था में पौष्टिक आहार की अनदेखी मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य पर असर डालती है। कार्यक्रम में मौजूद गर्भवती महिलाओं को फलों व पोषण आहार से भरी टोकरी देकर गोदभराई की गई। वहीं कन्याओं को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। बच्चों को फूल माला पहनाकर व तिलक लगाकर अन्नप्राशन भी कराया गया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान भाजपा निगोहा मंडल के महामंत्री नवीन मिश्रा की पत्नी गरिमा मिश्रा ने अपर्णा यादव को श्रीराम लला का प्रतिरूप भेंटकर सम्मानित किया। महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल और ऑनलाइन गेम्स से दूर रखना चाहिए, ताकि उनका शारीरिक व मानसिक विकास सही ढंग से हो सके। कार्यक्रम में सीडीपीओ दिलीप सिंह, सुपरवाइजर सुनीता बाजपेई, ग्राम प्रधान नीरज सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए निगोहां कस्बा इंचार्ज अनूप तिवारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

# नगराम नगर पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, कार्रवाई न होने से लोगों में रोष



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ । नगराम नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। नगराम के कसाई टोला निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद इरफान ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि नगर पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जे का खेल खुलेआम चल रहा है।

शिकायत कर्ता इमरान के अनुसार नगराम क्षेत्र के भाटन टोला स्थित बैजू तिराहे से आगे की भूमि पर काशी प्रसाद और आशीष द्वारा कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इमरान का कहना है कि यह भूमि नगर पंचायत की है, जिस पर अतिक्रमण पूरी तरह अवैध है।शिकायत कर्ता ने इस अवैध निर्माण की शिकायत संबंधित तहसील प्रशासन और नगर पंचायत प्रशासन से भी की है, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी से अतिक्रमणकारी हौसले बुलंद हैं और नगर पंचायत की जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य तेज़ी से जारी है। फिलहाल शिकायत कर्ता ने न्याय और उचित कार्रवाई की मांग करते हुए उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। सवाल उठता है कि आखिर नगर पंचायत की भूमि पर हो रहे इस अवैध निर्माण पर प्रशासन चुप क्यों है।

क्या जिम्मेदार विभाग इस मामले में सख्त कदम उठाएंगे या फिर यह भी कागजों में ही दब जाएगा।

# सरोजनीनगर बार एशोसियेशन द्वारा प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। सरोजनी नगर बार एसोसिएशन की तहसील परिसर में बुधवार को एक बैठक हुई। बैठक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं महामंत्री गोविंद प्रताप शुक्ला के संचालन में संपन्न हुई।वहीं बैठक में सभी पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व में बार द्वारा दिए गए प्रस्तावों का अधिकारियों द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। इसके संबंध में कुछ मांगों को लेकर सरोजनीनगर बार एसोसिएशन बुधवार को न्यायिक/प्रशासनिक कार्यों से पूरी तरीके से विरत रहकर उप जिलाधिकारी के सामने शांतिपूर्वक अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अपनी मांगे जिसमें जिलाधिकारी के मौखिक आश्वासन के बावजूद अभी तक उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सरोजनीनगर की नियुक्ति न होना व असंक्रमण्यीय से संक्रमणीय भूमिधर घोषित न किए जाने को लेकर कई बार प्रस्ताव दिया गया जिसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि अब भी इन मांगों को ना माना गया तो पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण आगे की रणनीति तय करेंगे। अपनी मांगों को लेकर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

## श्री शक्ति सेवा संस्थान एवं अंतरराष्ट्रीय रामायण वैदिकशोध संस्थान के तत्वावधान में होगी भव्य रामलीला



लखनऊ।सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के अर्जुनगंज में साईं दाता मार्ग पर भव्य रामलीला का आयोजन किया जाएगा। रामलीला को भव्य बनाने के लिए श्री शक्ति सेवा संस्थान एवं अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के तत्वावधान में 35 दिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र एवं समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया , समापन के अवसर पर आज प्रशिक्षण कर्ता अमित दीक्षित द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया, इस अवसर पर समस्त सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संरक्षकः अशोक सिंह, अध्यक्षः वंदना मिश्रा के साथ कृष्णदेव त्रिपाठी,जय प्रकाश वर्मा, ब्रह्मदेव सिंह,शैलेन्द्र शुक्ला,रश्मि शर्मा,राम कृष्ण शुक्ल,डॉक्टर अरविंद सोनी,योगेंद्र मिश्रा,चंद्रकांत शुक्ला उपस्थित रहे।

# पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज में छात्राओं को सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव के गुर सिखाए

## सुधांशु मिश्रा ने एसीपी व थाना प्रभारी को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने मंगलवार को नगराम क्षेत्र के पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, हरदोइया में छात्राओं के साथ जागरूकता मीटिंग की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा, आत्मविश्वास और डिजिटल युग में बढ़ते खतरों से बचाव के प्रति जागरूक करना था।

एसीपी वर्मा ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, ऑनलाइन गेमिंग से होने वाले फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव जैसे अहम विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने छात्राओं से कहा कि हर लड़की में अपार संभावनाएँ होती हैं, जिन्हें शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर आगे बढ़ाना चाहिए। कठिन परिस्थितियों में डरने के बजाय साहस और विवेक से काम लेने की प्रेरणा दी। ऑनलाइन गेमिंग के बहाने बच्चों से ठगी करने के मामलों पर चेताते हुए छात्राओं को बैंक डिटेल्स, ग्ढ्ढ और व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी गई। साथ ही संदिग्ध एप या लिंक मिलने पर तुरंत उसे डिलीट कर पुलिस व अभिभावकों को सूचित करने के निर्देश दिए। साइबर अपराधों से जुड़े मामलों पर चर्चा करते हुए एसीपी वर्मा ने नकली सोशल मीडिया आईडी, ब्लैकमेलिंग, फर्जी कॉल्स और अश्लील संदेश जैसी घटनाओं से सचेत किया। उन्होंने छात्राओं को मजबूत पासवर्ड बनाने, अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस या साइबर सेल में शिकायत करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतें राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 और पोर्टल पर दर्ज कराई जा सकती हैं। इस दौरान विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्रा ने एसीपी व थाना प्रभारी को अंगवस्त्र डाल कर सम्मानित किया।

# महिलाओं के सम्मान में मोहनलालगंज थाना परिसर में हुआ विशेष सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज। लखनऊ,मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना मोहनलालगंज में मंगलवार को एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक श्री डी.के. सिंह ने थाना क्षेत्र की उन महिलाओं को सम्मानित किया, जिन्होंने समाज और पुलिस के बीच सेतु का कार्य करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और क्षेत्रीय महिलाओं की उपस्थिति रही। महिलाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह और योगदान की सराहना की गई।अपने संबोधन में प्रभारी निरीक्षक डी.के. सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल समाज की उन्नति ही नहीं, बल्कि सुरक्षित और जागरूक वातावरण की नींव है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना, आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है।उन्होंने विस्तार से महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े अधिकारों और उपायों की जानकारी दी। इस दौरान हेल्पलाइन नंबर 1090 महिला पावर लाइन 112 आपातकालीन नंबर और 181 महिला हेल्पलाइन के बारे में बताया गया। इसके साथ ही साइबर अपराध से सुरक्षा, घरेलू हिंसा से निपटने के उपाय तथा महिला संबंधी कानूनों की जानकारी भी साझा की गई।प्रभारी निरीक्षक ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं जागरूक रहें, बल्कि अपने आस-पड़ोस की महिलाओं और बालिकाओं को भी सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक करें।इस दौरान सम्मानित महिलाओं ने भी अपने विचार रखे और थाना मोहनलालगंज पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। उनका कहना था कि इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें समाज में नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने मिशन शक्ति अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार' अभियान के अन्तर्गत आयोजित हुआ शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ । काकोरी में एम.सी.एच. विंग द्वारा एक बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन को जय देवी कौशल, सदस्य विधानसभा मलिहाबाद एवं जिलाध्यक्ष भाजपा विजय मौर्य दोनों के संयुक्त रूप से अपने कर कमलो द्वारा उद्घाटनकिया । वही कार्यक्रम के शुभारंभ में भाजपा मण्डल अध्यक्ष, विपिन राजपूत , मण्डल मंत्री सहित भाजपा जिला लखनऊ के पदाधिकारी भी उपस्थिति रहें। डॉक्टरों द्वारा लगाए गए शिविर में मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित रोगियों के उपचार हेतु बलरामपुर चिकित्सालय से डा0 अभय सिंह तथा उनकी टीम द्वारा रोगियों को जांच करते हुए दवा वितरण किया गया। वही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुप्रिया पाण्डेय, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरविन्द कुमार ई.एन.टी विशेषज्ञ डॉक्टर एस.एन. तिवारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील कुमार, दन्त रोग चिकित्सक डा0 अंकिता त्रिपाठी द्वारा रोगियों को उपचारित किया गया। शिविर में कुष्ठ रोग, क्षय रोग आदि गंभीर रूप से रोगग्रस्त व्यक्तियों के बचाव तथा उपचार के साथ ही साथ रोगियों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को उपचार प्रदान किया गया तथा समस्त प्रकार की पैथोलॉजी की जॉचे तथा औषधियों उपलब्ध कराई गई। उपरोक्त कार्यक्रम में फाइलेरिया रोगियों को फाइलेरिया की किट का वितरण, दन्त रोगियों को दन्त किट का वितरण, आयुष्मान लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण गर्भवतियों को एम.सी.पी. कार्ड का वितरण एवं आशा को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया एवं स्वास्थ्य शिविर में उपचारित रोगियो की कुल संख्या 630 थी। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र काकोरी के समस्त स्टाफ द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं सहित सभी लोगों ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया।

## उधप्र0 अधिवक्ता कल्याणकारी महासंघ फैजुल्लागंज की बैठक हुई सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उध प्र0अधिवक्ता कल्याणकारी महासंघ फैजुल्लागंज की मासिक बैठक स्थान लखनऊ लान में श्री विश्वकर्मा जी, अशोक जी की संरक्षकता में तथा श्री अरविंद कुमार पांडे जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संगठन के नवीन पदाधिकारीगणों का सम्मान किया गया तथा संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। इस संबंध में विभिन्न वक्ताओं द्वारा अपना उद्बोधन दिया गया जिसमें श्री मनमोहन शुक्ला जी, श्री प्रवेश तिवारी जी महामंत्री, श्री सुनेंद्र कुमार मिश्रा, संगठन मंत्री, धीरेंद्र कुमार अग्निहोत्री कोषाध्यक्ष, श्री दीपक तिवारी जी, शुभम शुक्ला जी मीडिया प्रभारी ए0 के0 सिंह सोमवंशी जी उपाध्यक्ष, कौशलेंद्र सिंह जी, रविंद्र प्रताप सिंह जी, राजेंद्र सिंह चौहान जी, श्री ऐश्वर्या वर्मा जी, श्री बिजेन्द्र कुमार मिश्र जी उपाध्यक्ष, राहुल सोनी जी, मोहित मिश्रा जी, सुमेर चंद्र विश्वकर्मा जी सहित तमाम पदाधिकारीगण द्वारा उद्बोधन दिया गया तथा अतिथि के रूप में तथा नवागंतुक सदस्यों में श्री संतोष पांडे जी, महेंद्र मिश्रा जी, दिनेश मिश्रा जी आदि तमाम अधिवक्तागढ़ उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी सशक्त, परिवार कार्यक्रम में पहुंचे विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज सीएचसी पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य कैंप में स्थानीय भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत शामिल हुए। विधायक का सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मेजर सुरेश पांडे द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। इस अभियान के तहत विशेष कर महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच गर्भावस्था संबंधित देखभाल और पोषण परामर्श सेवाएं, शिशु बाल देखभाल सेवाएं तथा टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही बाल रोग, नाक कान गला रोग, स्त्रियों के प्रसूति रोग, सामान्य देखभाल, चर्म रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, कुष्ठ रोग, क्षय रोग गैर संचारी रोगों की संबंधी परामर्श विशेष चिकित्सकों द्वारा प्रदान किया गया। आयुष्मान कार्ड का वितरण भी विधायक अमरेश कुमार रावत द्वारा किया गया। उन्होंने अपने हाथों से ममता वर्मा व जनक लली को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। लोक बंधु राज नारायण चिकित्सालय लखनऊ के ईएनटी चर्म रोग व नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विशेषज्ञ सुविधा प्रदान की गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर गर्भवती महिलाओं को विधायक द्वारा फल व स्वल्पाहार वितरण किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मेजर सुरेश पांडे ने बताया कि दो उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का ऑपरेशन द्वारा प्रसव कराने के साथ-साथ 24 बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी किया गया। क्षय रोग के 22,कुष्ठ रोग 7 व दंत रोग के27, नेत्र रोग 34,शिशु विशेषज्ञ 26 के साथ 19 टीकाकरण किए गए। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री दिनेश साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज नयन सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जाम मुक्त सड़कों के लिए पुलिस के साथ प्राइवेट गार्ड्स की तैनाती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।सुल्तानपुर रोड पर अर्जुनगंज क्षेत्र में लेकर साईं दाता मार्ग पर जाम की समस्या देखने को मिलती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए अब पुलिस के साथ-साथ प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड्स भी तैनात किए जाएंगे। इस पहल के तहत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को ट्रैफिक नियंत्रण में सहयोग देने के लिए दो प्राइवेट गार्ड्स बुधवार और शनिवार को सब्जी मंडी के पास ड्यूटी करने के लिए दिए जाएंगे। यह व्यवस्था अशोक सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई है। उद्देश्य क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करना है।

अर्जुनगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा ने बताया कि सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस पहले से ही ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने में तत्परता दिखाती है। अब प्राइवेट गार्ड्स की तैनाती से यह व्यवस्था और प्रभावी होगी। खासतौर पर वीआईपी मूवमेंट के दौरान अर्जुनगंज में ट्रैफिक व्यवस्था अक्सर चरमरा जाती है, जिसके कारण स्थानीय लोगों और व्यापारियों को परेशानी होती है। पुलिस प्रशासन इस दिशा में लगातार कार्यवाही कर रहा है, और गार्ड्स की तैनाती इस प्रयास को और मजबूती देगी।

# मिशन शक्ति 5.0 पोषण पंचायत : महिला आयोग सदस्य ने माताओं-बच्चों को दी स्वस्थ जीवन की दिशा

**गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली, शिशुओं को अन्नप्राशनम, डीपीओ ने केंद्र-प्रदेश योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। ब्लॉक नकहा के सभागार में बुधवार को मिशन शक्ति 5.0 के तहत ''पोषण पंचायत'' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजाता कुमारी ने की, जबकि ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, खंड विकास अधिकारी संगीता यादव, डीपीओ भारत प्रसाद और सीडीपीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।अपने संबोधन में सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सुजाता कुमारी ने जोर देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों का सही पोषण उनके स्वास्थ्य और भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने माताओं को समय पर स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित पोषण देने और बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर ध्यान देने की प्रेरणा दी।ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता ने कहा कि पोषण पंचायत माताओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने परिवार में पोषण और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। डीपीओ भारत प्रसाद ने मिशन शक्ति एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी, जिससे उपस्थित माताओं और महिलाओं को सरकारी लाभों और सेवाओं के प्रति जागरूकता मिली।

### गोद भराई-अन्नप्राशन संस्कार और सरकारी लाभ वितरण

कार्यक्रम के दौरान पांच गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली देकर गोद भराई संस्कार संपन्न कराया गया, जबकि पांच शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार आयोजित किया गया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और कन्या सुमंगला योजना के 5-5 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

### स्वरोजगार और सुरक्षा पर जोर: मिशन शक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

मिशन शक्ति 5.0 के दौरान NRLM के तहत संचालित स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं के स्वरोजगार, THR प्लांट और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। खीरी थाने की पुलिस टीम ने महिलाओं की सुरक्षा और सहायता हेतु पुलिस विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उपस्थित ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने ग्राम पंचायत में इस अभियान के माध्यम से जनसहभागिता बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

## ग्राम पंचायत डीह में हुआ अन्नपूर्णा भवन का भव्य लोकार्पण

रायबरेली। ग्राम पंचायत डीह में मनरेगा एवं राज्यवित्त योजनांतर्गत निर्मित अन्नपूर्णा भवन का भव्य लोकार्पण विधायक सलोन अशोक कुमार द्वारा एवं जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष फूलचंद्र अग्रहरि के प्रयासों से निर्मित यह भवन अब ग्रामीणों को एक साथ अनेक सुविधाएँ उपलब्ध कराएगा। आज यह अन्नपूर्णा भवन डीह कोटेदार हर्ष जायसवाल को औपचारिक रूप से हस्तांतरण किया गया। यहाँ अब पात्र परिवारों को राशन वितरण के साथ ही जनसुविधा केंद्र के रूप में सरकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ मिल सकेंगे साथ विभिन्न प्रकार के योजनाओं के कार्य को संपादन भविष्य में किया जा सकता है। कार्यक्रम में सहकारी बैंक के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सुशील शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह, खंड विकास अधिकारी शिवाकांत बाजपेयी, एपीओ दीपक कुमार, एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी विवेक आदि लोग मौजूद रहे।

# पटना पंचायत की घटना: बनवाए गए मानकविहीन सोकपिट में गिर रहे मासूम

**एस एल डबल्यू एम के कार्यों में मची लूट से आए दिन घट रहीं घटनाएं नहीं रखे जा रहे ढक्कन: पीड़िता अजमतुल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। भ्रष्टाचार में पूर्व से ही सकरन का नाम रोशन कर रही ग्रामपंचायत पटना ने अपने अजीबो गरीब कार्यों के जरिए एक बार फिर अपने ग्रामप्रधान के करनामों की पुलिस खोलने का काम किया है, ग्रामपंचायत में बनवाए जा रहे सोकपिट आज तक बगैर ढक्कनों के हादसे करवा रहे ग्रामीण अजमतुल निसार इस्तियाक इसरार छोटेलाल विनोद सुभाष ने बताया ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में वैसे तो मानक विहीन कार्य कराए ही जाते हैं उसी तरीके से सोकपिट भी बनवाए गए परन्तु ढक्कन आज तक नहीं रखे गए जिसके चलते आए दिन मासूम बच्चे गड्ढों में गिर चोटिल हो रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में लगवाई गई इंटरलाकिंग में खूब लूट की गई शिकायत बाद जाँच भी हुई पर आज तक जाँच रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की गई, हैंड पम्प मरम्मत व रिबोर के नाम पर आज तक लाखों रूपए निकाले गए पर काम कुछ भी नहीं हुआ इसी तरीके से कूप मरम्मत के नाम पर खूब लूट की गई, ग्राम पंचायत विकास निधि को लूटने में ग्राम प्रधान ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी फिर भी बार बार शिकायतों के बाद भी अधिकारीयों के कान पर जू तक नहीं रेंग रही।

# सीडीओ ने किया ग्राम डहर का दौरा, जल जीवन मिशन और शिक्षा-स्वास्थ्य योजनाओं का किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान मिली खामियां , ग्रामीणों की परेशानी पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने लगाई जिम्मेदारों को फटकार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । बुधवार को ब्लॉक मितौली के ग्राम डहर में सीडीओ अभिषेक कुमार ने जल जीवन मिशन, शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं का निरीक्षण किया। ओवरहेड टंकी के निर्माण, ठ्ठक्वद्गकशिविर, कंपोजिट विद्यालय और एग्रीस्टैक डिजिटल सर्वे का जायजा लेते हुए उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों को जनहित कार्यों में तेजी और सटीकता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्लॉक मितौली के ग्राम डहर में हर घर जल योजना के तहत निर्माणाधीन ओवरहेड टंकी का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन बिछाए जाने के छह महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जल आपूर्ति शुरू नहीं हुई। ग्रामीणों की मुश्किलें सुनते ही सीडीओ ने अधिकारियों को ह्लजनहित योजना में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीङ्क कहते हुए कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### वीएचएसएनडी शिविर: स्वास्थ्य सेवाओं का स्थलीय निरीक्षण

सीडीओ ने मितौली के ग्राम डहर में वीएचएसएनडी शिविर का औचक निरीक्षण कियालखीमपुर खीरी, मितौली। ब्लॉक मितौली के ग्राम डहर में यूनिसेफ द्वारा आयोजित वीएचएसएनडी शिविर का निरीक्षण सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। निरीक्षण में पाया गया कि आंगनवाड़ी, आशा व एएनएम कर्मियों द्वारा गर्भवती महिलाओं का चिन्ह्यांकन पर्याप्त नहीं किया गया था। इसके अलावा, शुगर और यूरिन जांच के लिए आवश्यक स्ट्रिप, हीमोग्लोबिन जांच किट (दो माह से अनुपलब्ध) और एचआईवी व अन्य जांच के लिए बफर (लिक्विड) भी मौजूद नहीं थे। निरीक्षण में यह भी देखा गया कि गर्भवती महिलाओं की पूर्ण जांच के लिए उपयुक्त स्थान की कमी थी, जबकि छोटे बच्चों के वजन के लिए मशीन भी उपलब्ध नहीं थी। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक उपकरण और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### परिषदीय विद्यालय: शिक्षा गुणवत्ता और स्वच्छता का ऑडिट

ग्राम डहर के कंपोजिट विद्यालय डगर का औचक निरीक्षण करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने ने छात्रों से प्रश्नोत्तर कर पढ़ाई की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बुनियादी दक्षताओं पर विशेष ध्यान दें और नियमित मूल्यांकन करें। इसके अलावा विद्यालय परिसर की स्वच्छता, शौचालयों में जल आपूर्ति और समतलीकरण का भी निरीक्षण किया। उपस्थित अध्यापक और ग्राम प्रधान को साफ-सुथरे शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### एग्रीस्टैक योजना: सीडीओ ने की डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा

कृषि विभाग की एग्रीस्टैक योजना के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने गाटा संख्या 857 का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने ग्राम सचिव और पंचायत सहायक से सर्वे की प्रगति और डेटा संकलन की जानकारी प्राप्त की।सीडीओ ने सटीकता और समयबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि सर्वे पूरा होने के बाद ही किसानों को डिजिटल लाभ उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम रोजगार अमित सिंह परिहार, ग्राम प्रधान और ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में महिलाओं को सशक्तीकरण अभियान जागरूकता में,आत्मनिर्भर व उनके सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए जा रहें मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मोहम्मदी थाना क्षेत्र के ग्राम साहबगंज में स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मदी सीओ अरुण कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में उमेश चंद्र चौरसिया व महिला उप निरीक्षक अंजना जायसवाल ने कहा कि मुश्किल की घड़ी में छात्राएं हेल्पलाइन नंबर डायल करें, किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर पुलिस की हेल्पलाइन नम्बरों पर पुलिस को सूचना दें।वहीं मोहम्मदी क्षेत्राधिकार द्वारा कहा गया कि महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए स्वंय आगे बढ़ाना चाहिए जिससे अपराधियों में डर पैदा होंगे।इस मौके पर रेहरिया पुलिस चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह व कांस्टेबल संदीप कुमार,प्रधानाचार्य सरिता वर्मा, अध्यापिका सोनम पांडे,व समस्त स्टाफ मौके पर मौजूद रहा।

# डीएम का औचक निरीक्षण : सहायक अध्यापिका को नोटिस

**पढ़ाई से मिड-डे मील तक की कसौटी पर तौली शिक्षा व्यवस्था, लापरवाही पर सख्त हिदायत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बुधवार को बिना भनक दिए विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के चार परिषदीय विद्यालयों दुर्गापुर, बन्नी और कुसमौरीमें अचानक जा पहुंचीं। डीएम के औचक निरीक्षण से शिक्षक वर्ग में हड़कंप मच गया। जहां पढ़ाई और मिड-डे मील का जायजा लिया गया, वहीं मिली लापरवाही पर सहायक अध्यापिका को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह, बीडीओ फूलबेहड़ सुमित कुमार सिंह मौजूद रहे।सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर में तहरी मेन्यू के मुताबिक पक रही थी, मगर 40 पंजीकृत बच्चों में सिर्फ 18 ही मौजूद थे। डीएम ने अभिभावकों से संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया। छात्र राहुल से किताब पढ़वाकर रीडिंग स्किल परखी और टेबल सुनाने वाले बच्चों को टॉफी व चॉकलेट देकर उत्साहित किया।

संविलियन विद्यालय बन्नी में निरीक्षण के दौरान 272 में से महज 150 छात्र ही उपस्थित मिले। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने छात्राओं शिवांगी और रूबी से किताब पढ़वाकर पढ़ाई की गुणवत्ता परखी। कमजोर बच्चों को आगे बैठाने के निर्देश का पालन न करने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और सहायक अध्यापिका आराधना मिश्रा पर नोटिस जारी करने का आदेश दिया। कक्षा छह में ब्लैकबोर्ड पर प्राकृतिक संख्या से जुड़े सवाल पूछकर गणित की समझ जांची। बच्चों से दूध और फल वितरण की पुष्टि की। शिक्षक संदर्शिका और अन्य पंजिकाओं को भी बारीकी से खंगाल कर निर्देश दिए कि सभी अभिलेख समय से और विस्तार से दर्ज किए जाएं। प्राथमिक विद्यालय कुसमौरी में कक्षा दो की पिंकी और रागिनी से ब्लैकबोर्ड पर लिखे अक्षर पढ़वाए। छात्राएं अक्षर पहचानने में सफल रहीं, लेकिन मात्राओं का ज्ञान कमजोर निकला। मिड-डे मील में तहरी के साथ सोयाबड़ी की गुणवत्ता भी परखी। उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसमौरी में तो बाथरूम की रनिंग वाटर सप्लाई ठप और पानी की टंकियां नदारद मिलीं। डीएम ने कड़ी फटकार लगाई और तुरंत सुधार के निर्देश दिए। परिसर में उगी बड़ी-बड़ी घास कटवाने के आदेश दिए। शिक्षक डायरी में 14, 15 और 16 सितम्बर का विवरण न मिलने पर समय से दर्ज करने की सख्त हिदायत दी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025) के दौरान परिषदीय विद्यालयों के शौचालयों की कमियों को दूर कर उन्हें पूरी तरह दुरुस्त किया जाए। निरीक्षण में कई विद्यालयों के शौचालयों में जलापूर्ति बाधित, ताले बंद या गंदगी पाई गई। डीएम ने बीडीओ को हर 15 दिन पर स्वयं निरीक्षण करने के भी सख्त निर्देश दिए हैं।

# बालिका शिक्षा के संकल्प संग मीना जन्मदिवस पर हुआ विशेष आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर कंपोजिट में मीना का जन्मदिन पूरे हर्ष एवं उल्लास के वर्तमान में मनाया गया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं बालिकाओं को जागरूक किए जाने हेतु अनेक कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए। मीना मंच की सुगमकर्ता सोनम सिंह , बालिकाओं एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा केक काटकर जन्मदिवस की खुशियां मनाई गई।इस अवसर पर जिले से पधारे डी .आर.पी.श्री मुख्तार अंसारी जी द्वारा अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। इस अवसर पर फतेपुर मीराबेहण की प्रधान अध्यापिका सुनीता यादव ने मीना के काल्पनिक पात्र के संबंध में सभी को अवगत कराते हुए लिंग भेद की असमानता को दूर किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। मीणा मंच की ब्लाक नोडल शिक्षिका सुबोधमान ने बालिकाओं को शिक्षा पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधान अध्यापक अवधेश कुमार जायसवाल ने आए हुए सभी अतिथियों , अभिभावकों एवं स्टाफ का धन्यवाद दिया गया।कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार शुक्ला द्वारा किया गया ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम प्रसाद यादव, अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति मिश्री लाल,जय प्रकाश निगम,सरोज कुमार,प्रवीण कुमार,सर्वेश कुमार वर्मा,नमिता गुप्ता,स्मृति सिंह,पूजा दीक्षित, जया कुशवाहा,शशि,हेमलता सिंह, अनिल यादव,राजेश कुमार,सफी अहमद,रमाशंकर डिगर,विधायक जी,आदेश यादव सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

## पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सैदापुर में मनाया गया मीना जन्मोत्सव



कसमंडा। कमलापुर क्षेत्र के पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय सैदापुर में मीना मंच जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसका मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी के द्वारा केक काटकर शुभारंभ किया गया। जिसमे मीना मेला, करियर मेला, विज्ञान व गणित स्टाल लगाए गए एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम का भी सफल आयोजन किया गया बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गिरिजेश अवस्थी जी , प्रधानाध्यापिका ज्योति मिश्रा सहायक अध्यापिका सीमा द्विवेदी, सरिता सिंह, रितु निगम ,रेनू अवस्थी, अल्पा यादव, राजेंद्र यादव, अनुराग सिंह, आरती , सशिबाला, आशीष सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा

## गोमती मे डूबे दोनों युवकों के शव मिले



ततरोई, नैमिषारण्य। नैमिषारण्य मे रविवार को गोमती नदी मे डूबे दो युवको के शव सोमवार को उतरते मिले नैमिषारण्य मे राजघाट और दशाश्वमेघ के बीच नया घाट बना है सिधौली कस्बे के हानुमानपुर गोडईया निवासी मनीष यादव 28 और सुमित यादव 30 वर्ष गोमती नदी मे स्नान करने उतरे थे दोनो नहाते समय लापता हो गए थे सोमवार को घटनास्थल से दस किलोमीटर दूर घैला घाट के पास मनीष का शव पाया गया मछली का शिकार कर रहे लोगो ने टापू के किनारे मनीष का शव देखा वही सुमित का शव दोपहर एक बजे घटनास्थल से 14 किमी दूर लोकनापुर के पास एनडीआरएफ की टीम ने तलाश कर निकाला वहा पहुंचे सिधौली से हजारो की संख्या मे लोग इधर उधर के ग्रामीण भी मौजूद रहे सिधौली के विधायक मनीष रावत मजिस्ट्रेट राजस्व विभाग की टीम भी मौजूद रहे ।

## वरिष्ठ समाजसेवी ने दुरुस्त कराई सड़क, ग्रामीणों ने किया आभार व्यक्त



रायबरेली। विकाश खंड क्षेत्र के राघोपुर से देवी खेड़ा गंगागंज मिश्रण पुरवा सहित अन्य कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बदहाल हो चुका था। जिसके चलते आए दिन राहगीर व स्कूली छात्र गिरकर चोटिल हो रहे थे। कई बार जिम्मेदारों के कहने के बावजूद भी सड़क का दुरुस्तीकरण नहीं हो पाया था।रास्ता बदल होने के चलते आवागमन बाधित हो रहा था। ग्रामीणों द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी नीरज यादव को इसके बारे में बताया गया तो उन्होंने तत्काल ग्रामीणों के मदद से मिट्टी डलवा कर सड़क को का दुरुस्तीकरण कराया जिससे फिर से आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हुआ। वहीं ग्रामीण विजय बहादुर,इंद्रेश कुमार, अमित कुमार,सुरेंद्र कुमार भोला सहित ग्रामीणों ने सड़क बनने का आभार व्यक्त किया।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा वृहद स्वच्छता अभियान

रायबरेली। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया है कि ''स्वच्छता ही सेवा-2025'' अभियान, 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 स्वच्छोत्सव की थीम पर कार्य कराया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत जनपद के समस्त 980 ग्राम पंचायतों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया है कि 08 दिवस मे जनपद की ग्राम पंचायतों मे विभिन्न गतिविधियां कराई गयी है जिसके अनुसार 3210 स्वच्छता लक्षित इकाइयों मे से 1716 इकाइयों का रूपांतरण कर सफाई कार्य कराया गया। 1015 चिन्हित सार्वजनिक स्वच्छता संस्थानों / प्रतिष्ठानों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों के लक्ष्य के सापेक्ष 612 स्थानों की साफ-सफाई का कार्य कराया गया। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर-निवारक स्वास्थ्य जांच अंतर्गत 642 कर्मचारियों की एकल खिड़की शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सिधौली में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली, सीतापुर। ''स्वस्थ नारी ऽ सशक्त परिवार'' अभियान के तहत आज दिनांक 24 सितंबर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पर जिला ब्लड यूनिट के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया।इस अवसर पर चिकित्सालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और मानवता की सेवा के लिए रक्तदान किया। कुल 15 रक्तदाताओं ने इस कैंप में स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया।कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई ज़िंदगियां बचा सकता है। साथ ही लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस कैंप की सफलता में जिला ब्लड यूनिट की टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली के सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# बीएसए ने निरीक्षण के दौरान बच्चों के साथ चखा एमडीएम का स्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। विद्यालयों की हकीकत जानने के लिए बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने निरीक्षण किया। बछरावां ब्लॉक के विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने परिसर में बारिश की वजह से जमा गंदगी पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान ही उन्होंने बच्चों के साथ में भोजन भी किया। बुधवार को जिले के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिए बीएसए राहुल सिंह बछरावां ब्लॉक के विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिए पहुँचे। बछरावां विद्यालय के कम्पोजिट विद्यालय सरौरा विद्यालय का निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई के निर्देश दिए। कम्पोजिट विद्यालय नीमटीकर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों के साथ एमडीएम भी किया। यहाँ पर आज मेन्यू के हिसाब से तहरी बनी हुई थी और बच्चों के साथ में उन्होंने गुणवत्ता को चेक करने के लिए तहरी खाई। भोजन की गुणवत्ता बेहतरीन पाए जाने पर रसोइया की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण के दौरान बच्चों से अंग्रेजी में गिनती सुनी। बच्चों के गिनती सुना ले जाने पर प्रशंसा की। विद्यालय में नामांकित 329 छात्र-छात्रा के सापेक्ष 166 बच्चे ही उपस्थित मिले। जिस पर नाराजगी जताते हुए बीएसए ने बच्चों की छात्र संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निपुण लक्ष्य के हिसाब से बच्चों की पढ़ाई पर जोर दिया। बीएसए ने शिक्षकों से प्रतिदिन कार्य योजना बनाकर शिक्षण कार्य करने के लिए कहा। विद्यालय में अनुदेशक पूजा 18 सितंबर से अनवरत बिना किसी सूचना के अनुपस्थिति पाई गई। वहीं, प्रधानाध्यापक के सीसीएल पर होने के बाद भी कोई भी चार्ज हस्तांतरण नहीं किया गया था, इस पर बीएसए ने यह प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा। नीमटीकर में शिक्षकों ने बताया कि सफाई कर्मचारी नहीं आता है। इस पर उन्होंने अधिकारियों से बात करके विद्यालय में सफाई कराने की बात कहीं। इसके अलावा बीएसए ने कस्तूरबा विद्यालय हरचंदपुर का निरीक्षण करके वहां की व्यवस्था को देखा। यहां उन्होंने बच्चों के पढ़ाई कक्ष से लेकर हॉस्टल तक को देखा। इसके अलावा बच्चों के बन रहे भोजन को भी चेक किया। रसोईघर का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने वहां पर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। बीएसए राहुल सिंह ने मीडिया को बताया कि शिक्षा गुणवत्ता और विद्यालयों का आवरण बेहतर बनाने के लिए खण्ड शिक्षाधिकारियों को अनवरत निरीक्षण करते रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि जहां पर भी कमियां हैं उनको दूर करने के लिए भी निर्देशित किया गया है ताकि व्यवस्था को बेहतर और पठन-पाठन का बेहतर माहौल बनाया जा सकें।

# क्राइम मीटिंग में अपराध पर नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन का आदेश

एसएसपी ने रात्रि गश्ती तेज करने और कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने का भी निर्देश दिया

एसएसपी ने सख्त लहजे में कहा कि अच्छा काम करने वालों से ही थाना चलवाया जायेगा

सभी अधिकारी व पुलिसकर्मी अभी से चेत जायें। शिकायत मिलने पर कार्रवाई तय है।



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बुधवार को तेजतर्रार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने जिले के सभी थानों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से सभी थानों के थानाध्यक्ष से उनके क्षेत्र में होने वाले कांडों के बारे में चर्चा किया तथा अहम निर्देश दिए। बैठक में अपराध नियंत्रण के लिए एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को अपराध में कमी लाने का कड़ा निर्देश दिया। लंबित सहित अन्?य मामलों की समीक्षा करते हुए क्राइम मीटिंग में एसएसपी ने थानेवार लंबित मामले, शिकायतें, लंबित अनुसंधान, गैर जमानती वारंट, नोटिसों का तामिला आदि की समीक्षा की। बैठक में कहा कि थानो पर आने वाले शिकायतकर्ता की समस्याओ को सहानुभूतिपूर्वक सुनकर त्वरित व प्रभावी निस्तारण कराया जाये। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समयबद्ध जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आईजीआरएस प्रभारी को दिए निर्देश। लुटेरे, चोर व गम्भीर अपराध के पेशेवर अपराधियों की सतत निगरानी व उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियों को दिये गये निर्देश। लम्बित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश। महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व सम्बंधित अपहृता की सकुशल बरामदगी के लिए दिए गए कड़े निर्देश। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले, अवैध शस्त्रों का निर्माण व संग्रहण करने वाले, टॉप-10, ईनामिया व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश। सम्मन वारंट को समय से तामिल कर संबंधित को न्यायालय प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। गवाहों की समय से न्यायालय में गवाही कराने, महिला संबंधित मुकदमों में पैरवी कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। गैंगस्टर एक्ट के अभियोगों में अपराधियों की अवैध सम्पत्ति चिन्हित कर धारा 14(1) के अन्तर्गत सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। हिस्ट्रीशीटर, ईनामिया, टॉप-10 अपराधियों, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियों के विरुद्ध त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। शासन द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र 2.0 अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत मुख्य चौराहो/बाजारों व महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सहित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनायें रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने क्षेत्र महत्वपूर्ण,सार्वजनिक स्थलों, प्रतिष्ठानों, रोडवेज व रेलवे स्टेशन सहित बाजारों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सतत रूप से फुट पेट्रोलिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों,वस्तुओं, वाहनों की चेकिंग करने एवं संवेदनशील एवं चिन्हित हॉटस्पाट क्षेत्रो मे ड्रोन से लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फ़ेज-5.0) के तहत महिला हेल्पडेस्क,एंटी रोमियो टीम व शक्ति दीदी,महिला बीट आरक्षियों द्वारा गांवो, मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा स्कूल, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के प्रति तथा उन्हे सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जन-जागरूकता, आत्मरक्षा के बारे में, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों सहित जागरुकता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत जिला सम्भल में 30 खिलाड़ियों को मिली खेल किट

संभल। एक जनपद - एक खेल पहल के तहत केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत संभल में खेलो इंडिया का एथलेटिक कैंप चल रहा है जिसमें 30 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है/आज जिला सम्भल स्थित डीएम कार्यालय में अभ्यासरत खिलाड़ियों को खेल किट का वितरण किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा जिले के कुल 30 खिलाड़ियों को किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपक्रीड़ा अधिकारी प्रमीला भारती, एथलेटिक सचिव अजय कुमार, खेलो इंडिया एथलेटिक कोच नकुल तोमर, तथा मयंक कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलो इंडिया योजना युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी। निरंतर अभ्यास और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। सभी अधिकारियों एवं कोचों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा– 2025 आयोजित

मुरादाबाद। शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) उत्तर प्रदेश, लखनऊ के द्वारा 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा– 2025 आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडे ने बताया कि जनपद स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता तीन वर्गों में क्रमशः जूनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) एवं सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) एवं सामान्य वर्ग में सम्पन्न होनी है। चित्रकला प्रतियोगिता विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत व डिजिटल भारत की थीम पर कराई जानी है। जूनियर वर्ग (कक्षा–9 से 12) की चित्रकला प्रतियोगिता को विद्यालय स्तर पर दिनांक 25 सितंबर 2025 तक सम्पादित की जानी है तथा जनपद स्तर पर प्रतियोगिता दिनांक 29 सितंबर 2025 को चित्रगुप्त इण्टर कालेज, मुरादाबाद में कराई जानी प्रस्तावित है। सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग का चित्रकार/कलाप्रेमी प्रतिभाग कर सकता है। तीनों वर्गों में पृथक-पृथक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार 51000 रुपये, 21,000 रुपये एवं 11,000 रुपये की पुरस्कार राशि के साथ-साथ प्रमाण पत्र दिया जायेगा। सामान्य वर्ग में प्रतिभाग करने हेतु दिनांक 27 सितंबर 2025 तक कार्यालय जिला जिला विद्यालय निरीक्षक, मुरादाबाद में आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जा सकता है।

## मुरादाबाद में मनाया गया 10वां आयुर्वेद दिवस

मुरादाबाद। शहर स्थित पुराना महिला चिकित्सालय टाउन हॉल में दसवां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा और आयुर्वेदिक औषधियों के महत्व और इसके लाभ आदि के बारे में जानकारी दी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह नायक ने बताया की शासन के निर्देश पर 10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रकृति परीक्षण शिविर, आयुर्वेद चिकित्सा शिविर, यूनानी चिकित्सा शिविर, योग चिकित्सा शिविर, पंच कर्म चिकित्सा शिविर आदि से संबंधित स्टॉल लगाए गए साथ ही निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण तथा स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद को प्रोत्साहित करना तथा लोगों को आयुर्वेदिक दवाओं के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ–साथ डॉ. नदीम मलिक, डॉ. फाइक अली, डॉ. नदीम परवेज, डॉ. परमेश, डॉ. अतुल मलिक, डॉ. दानवीर सिंह, डॉ. रेनू वाला, डॉ. सोमदत्त आदि मौजूद रहे।

## विश्व बधिर दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न

**बदायूँ ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा मंगलवार को विश्व बधिर दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर विकास भवन, बदायूँ स्थित सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा विश्व बधिर दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा जनपद के स्वै0 संस्था–बधिर जन कल्याण सशक्तीकरण संस्था, बदायूँ व सर्वजन मूक बधिर कल्याण संस्थान, बदायूँ द्वारा दिव्यांगजन की समस्याओं के सम्बन्ध में प्रेषित समस्याओं के निराकरण हेतु विभाग द्वारा किये गये कार्यों का विवरण उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में स्वै0 संस्था के प्रतिनिधि व अन्य मूकबधिर दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

## 30 अक्टूबर तक करें पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन

**बदायूँ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष व शैक्षिक सत्र 2025–28 में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग हेतु पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9–10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11–12) तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग, एवं अल्पसंख्यक वर्ग हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11–12 को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु छात्रों के लिए ऑनलाईन आवेदन हेतु समय सारिणी निर्गत की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9–10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11–12) योजनान्तर्गत छात्र–छात्राओं के स्तर से आवेदन किये जाने की तिथि 30 अक्टूबर 2025 तक है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11–12 को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु छात्र–छात्राओं के स्तर से आवेदन किये जाने की तिथि 20 दिसम्बर, 2025 तक है। इच्छुक छात्र व छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति की वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्ेबीवसंतेपचण्नचण्हवअण्पद पर आवेदन किये जा सकते हैं।

## अब 26 सितम्बर को कृषक मेले का आयोजन

बदायूँ। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने बताया कि सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 बदायूँ में 24 सितम्बर 2025 को समिति स्तरीय कृषक मेला आयोजित होने की सूचना प्रसारित की गई थी। परन्तु अरिहार्य कारणवश इस तिथि में परिवर्तन करते हुए अब कृषक मेला 26 सितम्बर 2025 को सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 बदायूँ के परिसर में आयोजित होगा। समस्त कृषकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मेले में भाग लेकर लाभांवित हों।

## 30 सितम्बर से शक्ति पीठों में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बदायूँ।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शारदीय नवरात्रि में अप्ट्मी एवं महानवमी के पावन अवसर पर 30 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2025 तक सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में 09 मंदिरों व शक्तिपीठों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की व्यवस्था पूर्ण कराने के लिए सम्बंधित उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को नामित किया गया है। उन्हांने बताया कि शक्ति पीठ नगला मन्दिर, ककोडा देवी मन्दिर, शिव शक्ति भवन बिल्सी, गवां देवत मन्दिर बिसौली, दुर्गा मंदिर (अस्टल मंदिर) नगर पालिका परिषद दातागंज, मंगला माता मन्दिर वजीरगंज, देवी मंदिर कश्यप बस्ती, ग्याऊँ, देवी मंदिर महादेव करवा इस्लामनगर, भोलेबाबा देवी मन्दिर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए नामित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चिन्हित देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। शारदीय नवरात्रि कार्यक्रम में 30 सितम्बर को प्रातः 11:00 बजे से 01 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे तक रामायण, सुन्दरकांड व दुर्गा सप्तशती पाठ के कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय लोक कलाकारों, भजन मण्डली, कीर्तन मण्डली के माध्यम से कराएं। कार्यक्रम की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

## डीईओ ने की खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के संबंध में बैठक

**बदायूँ।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि निर्वाचन के लिए मंडलायुक्त बरेली मंडल रिटर्निंग ऑफिसर तथा सभी सम्बंधित जनपदों के जिलाधिकारी सहायक रिटर्निग ऑफिसर होंगे। उन्होंने दलों के प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने बताया कि वर्तमान विधान परिषद सदस्य का कार्यकाल 07 दिसंबर 2026 को पूर्ण होगा। वर्ष 2022 में हुए निर्वाचन में कुल मतदाता 3275 थे जिसमें से 2202 पुरुष व 1073 महिलाएं थी तथा इसके लिए 10 मतदेय स्थल बनाए गए थे। मतदाता के लिए 16 किलोमीटर के दायरे में मतदेय स्थल बनाए गए थे।

# रामलीला महोत्सव के चौथे दिन हुआ ताड़का वध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### अहिल्या उद्धार प्रसंग का भावपूर्ण मंचन

बबराला। नगर में चल रहे रामलीला महोत्सव के चौथे दिन मंगलवार की रात पौराणिक कथाओं पर आधारित अद्भुत झांकियों और मंचन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वृंदावन की प्रसिद्ध श्री कृष्ण लीला संस्थान के कलाकारों ने शिवराज ठाकुर के निर्देशन में भगवान श्रीराम के बाल्यकाल से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया।शुरुआत आरती पूजन के बाद ताड़का, सुबाहु व मारीच वध की लीला से हुई। मंचन में दिखाया गया कि किस प्रकार महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ में विघ्न डालने वाले राक्षसों का भगवान राम और लक्ष्मण ने संहार किया। ताड़का और सुबाहु का वध कर दिया गया, जबकि मारीच को बाण मारकर समुद्र के दूसरी ओर फेंक दिया गया। दर्शकों ने इस प्रसंग को तालियों और जयकारों से सराहा।इसके बाद कथा आगे बढ़ी और महर्षि विश्वामित्र राम-लक्ष्मण को लेकर जनकपुर की ओर बढ़े। मार्ग में अहिल्या उद्धार की लीला का मनोहारी मंचन हुआ। कथा के अनुसार, गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या अपनी सुंदरता के कारण देवराज इंद्र के छल का शिकार हो गईं। इंद्र ने गौतम ऋषि का रूप धारण कर अहिल्या से छल किया। लौटने पर ऋषि गौतम ने इंद्र को हजार योनियों का श्राप दिया और अहिल्या को पत्थर बन जाने का दंड दिया।वहीं, पुत्री अंजना को कुंवारी मां बनने का श्राप दिया। पिता गौतम ऋषि से शापित अंजना ने ही हनुमान जी को जन्म दिया। युगों तक शिला बनी रहीं अहिल्या को मुक्ति तब मिली, जब भगवान श्रीराम ने अपने चरणों का स्पर्श किया। भगवान के स्पर्श मात्र से अहिल्या पुनः अपने नारी स्वरूप में आ गईं। मंचन के दौरान कलाकारों ने इस प्रसंग को इतने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया कि पूरा पंडाल भाव-विभोर हो उठा।अहिल्या उद्धार के उपरांत कथा में आगे दिखाया गया कि महर्षि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर जनकपुर पहुंचते हैं। पूरे मंचन के दौरान श्रद्धालुओं ने ''जय श्रीराम'' और ''हर-हर महादेव'' के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया।रामलीला महोत्सव के आयोजक संजीव वर्मा, शुभम वार्ष्णेय, अरविंद डिसिल्वा, प्रशांत वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता ने बताया कि प्रतिदिन नए-नए प्रसंगों का मंचन किया जा रहा है, जिससे नगरवासियों को धर्म और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। रामलीला स्थल पर श्रद्धालुओं की बेतहाशा भीड़ जुट रही है। लोग इस बार रामलीला को अविस्मरणीय बताते हुए कलाकारों की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।

# 27 सितम्बर को वदन सिंह मैमोरियल पीजी कालेज इस्लामनगर में होगा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशिकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 सितम्बर 2025 को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन केसरी चौधरी वदन सिंह मैमोरियल पी0जी0 कालेज इस्लामनगर बदायूँ में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेलें में एस0आई0एस0 सिक्योरिटी कम्पनी देहरादून, भगवती प्रोडक्स प्रा0लि0 नोयडा, एस0एन0स्टाफिंग सॉल्यूशन प्रा0लि0, पुखराज हैल्थ केयर प्रा0लि0, फिलिपकार्ट कम्पनी नोयडा हरियाणा, ब्राईट फयूचर ऑरगेनिक हर्बल एण्ड आर्युवेदिक प्रा0लि0, आर0के0 इलैक्टानिक्स प्रा0लि0, निमिया हर्बल प्रा0लि0, जे0पी0वी0एम0जी0एम0 के0टी0 प्रा0लि0 सहित लगभग 10 कम्पनियों प्रतिभाग कर रही है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेला में पहुँचकर रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की नौकरियों में सुनहरा अवसर पायें। इस रोजगार मेलें में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आई0टी0आई0 एवं जी0टी0आई0 उत्तीर्ण समस्त ट्रैडों के अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार उपलब्ध कराने की सौगात है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी अपने सभी प्रमाण पत्रों एवं शैक्षिक योग्यता वॉयोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठायें। रोजगार मेला उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।

# प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं सरकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी ने बढ़ाया आकर्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा बदायूं क्लब बदायूं में आयोजित प्रदर्शनी में माननीय प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ-साथ केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया गया है। यह प्रदर्शनी आमजन को योजनाओं की जानकारी देने और उनमें सहभागिता सुनिश्चित करने का माध्यम बन रही है।प्रदर्शनी के प्रति जनपद के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों तथा गणमान्य नागरिकों में गहरा रुझान देखने को मिला। बुधवार को क्रिशचियन हायर सैकेण्ड्री स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापकों व छात्रों ने समूह बनाकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित सामग्री को देखकर उत्साह व्यक्त किया। प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व, उनके संघर्षपूर्ण जीवन, उपलब्धियों तथा देशहित में किये गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई।प्रधानाचार्यों एवं अध्यापिकाओं ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों में प्रेरणा का संचार करती है और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंग, उनके द्वारा संचालित कार्यक्रम, उपलब्धियां एवं विकासपरक दृष्टिकोण को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिससे विद्यार्थी न केवल इतिहास और वर्तमान की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं बल्कि भविष्य की दिशा में सोचने के लिए भी प्रेरित हो रहे हैं। प्रदर्शनी में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया गया है। प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं की उपलब्धियों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है, जिससे आमजन तक उनका संदेश आसानी से पहुँच रहा है।गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ समाज को जागरूक करने और योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने में सहायक होती हैं।

# एसएसपी ने देर रात किए 55 पुलिसकर्मियों के तबादले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह ने मंगलवार रात को जिले में बड़े पैमाने पर तबादले किए। जारी आदेश के मुताबिक निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी व महिला आरक्षियों सहित 55 से अधिक पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से नए कार्यक्षेत्र में भेजा गया है। निरीक्षक संजीव कुमार को थाना जरीफनगर से पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। उपनिरीक्षकों में सतेन्द्र सिंह उज्जवल, सन्नी चौधरी, उम्मेद सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, सतीश कुमार, कप्तान सिंह और इन्द्रपाल सिंह सहित कई उपनिरीक्षकों को विभिन्न थानों से हटाकर पुलिस लाइन या अन्य थानों में भेजा गया है। उपनिरीक्षक आकाश तोमर को चौकी रोडवेज थाना सिविल लाइन से हटाकर आईजीआरएस सेल में तैनाती दी गई है। इसी तरह राहुल कुमार, हरगोविन्द सिंह, मुकेश कुमार, सुभाष चन्द्र, राकेश वर्मा, बृजपाल सिंह, आशाराम, राजकुमार सिंह, पवन कुमार समेत कई अन्य उपनिरीक्षकों के भी कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। कम्प्यूटर ऑपरेटरों अबरार आलम को थाना बिल्सी से मूसाझाग तथा अरशद अली को थाना मूसाझाग से बिल्सी भेजा गया है। आदेश में बड़ी संख्या में मुख्य आरक्षियों और आरक्षियों को भी बदला गया है। इनमें प्रमुख नाम भानू प्रताप, जितेन्द्र सिंह, नीतीश कुमार, संजीव कुमार, विमल कुमार, राजवीर, राजकुमार, अरुण कुमार, अंकुर कुमार, अमित कुमार, कपिल गुप्ता, बिजेन्द्र यादव, पारूल त्यागी, कुसुम कुमारी, रेनू सिंह, राधा, रोहित कुमार, त्रिवेश कुमार, सुमनपाल सिंह, मनीष कुमार, दीपक कुमार, अक्षय, अरविन्द तोमर, दीपक यादव, इलियास अहमद, गौरव प्रसाद, पुष्पेन्द्र कुमार, रोली, सपना चौहान, शिवानी, रमन गौर, पूजा और आथरती शामिल हैं।

## मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये टीमों का किया गया चयन

बदायूँ। सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में हुई माध्यमिक विद्यालयों की कबड्डी प्रतियोगिता में मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये जनपद की अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 में खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनकर्ता अजय पटेल जिला क्रीड़ा सचिव व सह सचिव ओमवीर यादव ने टीमों के बीच मैच कराकर चयन प्रक्रिया पूरी की गई. जिसमें अंडर-14 बालक वर्ग में रमन,सौरभ,विवेक,रोहित पाल,आकाशशाक्य,वंश,रोहित, गजेंद्र,रोहित,निहालगुप्ता,सूरज, प्रदीप कुमार व आरके लक्ष्य चयनित किए गए हैं। वही अंडर-17 बालक वर्ग में शिवा,प्रशांत शाक्य,सतेंद्र, अतुल कुमार,सुमित यादव,दिव्यांश, अभिषेक,दीपक,केशव कुमार, अभिषेक कुमार,मोहम्मद जुनैद, पंकज शाक्य व रौनक शाक्य का चयन किया गया वही अंडर 19 बालक बर्ग में सुधीर सिंह, प्रियांशु सिंह,सोमन्द्र,आकाश पाल,अरुण बाल्मीकि,राहुल,कृष्णा,सत्यम,प्रयांश बाबू,हार्दिक सिंह,जतिन शाक्य व राहुल चुने गए। चयनित टीमें कोच अजय पटेल,ओमवीर सिंह यादव टीम इंचार्ज रामौतार मौर्य व नीरज चौहान के नेतृत्व में मंडलीय प्रतियोगिता के लिए 26 सितंबर को बरेली खेलने जाएंगी।कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी हैं।

# गुरुजनों एवं दीदीजनों को एक दिवसीय शिक्षक–प्रशिक्षण का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### न्याय पंचायतवार एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ, प्रशिक्षण में असमोली, हरथला, गुमसानी, मढ़न न्याय पंचायत शामिल हुए

सम्भल, बहजोई। विकासखंड असमोली के सभागार में न्याय पंचायतवार एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ प्रशिक्षण में असमोली, हरथला, गुमसानी, मढ़न न्यायपंचायत के समस्त गुरुजनों एवं दीदीजनों को एक दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के संरक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित प्रशिक्षण जनपद के सभी विकासखंडों में गतिमान है, प्रशिक्षण 8 सितंबर से 30 सितंबर तक जनपद संभल की आठों विकासखंड की 65 न्यायपंचायत में न्याय पंचायत बार आयोजन किया जा रहा है , अब तक बहजोई, बनियाखेड़ा, जुनावाई, गुन्नौर , पंवासा, रजपुरा, सम्भल विकास खण्ड की 53 न्यायपंचतों में प्रशिक्षण हो चुका है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के लिए गुणात्मक शिक्षा युगनिर्माता के रूप में गुरुजी एवं दीदी को आदर्श शिक्षक के रूप में स्थापित करना तथा विकास का आधार ग्राम सचिवालय ग्राम कुल को सक्रिय करना है ।प्रशिक्षण का प्रेरणास्त्रोत पुनरुत्थान विद्यापीठ, अहमदाबाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 तथा गिजूभाई का ग्रंथ दिवास्वप्न है प्रशिक्षण का उद्देश्य गुणात्मक शिक्षा हेतु जनपद संभल में क ख ग घ मिशन को पूर्ण रूप से लागू करना, शिक्षकों में गुरुत्व की भावना जागृत करना तथा प्रधान की अध्यक्षता और प्रधानाध्यापक की सह अध्यक्षता में ग्रामकुल की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है प्रशिक्षण चार सत्रों में संपन्न हुआ था पहले सत्र में सभी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर गुणात्मक शिक्षा प्रदान किए जाने तथा स्वयं में गुरुत्व की भावना जागृत करने एवं विद्यार्थियों को विश्व स्तर का तैयार करने तथा स्वयं स्वाध्याय करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया दूसरे सत्र में प्रश्न सत्र तथा तीसरे सत्र में फीडबैक एवं अंत में शपथ ग्रहण कराते हुए प्रशिक्षण संपन्न हुआ प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी श्री अंशुल कुमार द्वारा कहा गया कि प्रत्येक शिक्षक को विद्यार्थियों के जीवन परिवर्तन करने के लिए शिक्षा देनी चाहिए न कि केवल अगली कक्षा में आने के लिए , प्रशिक्षण में डीपीएमयू के जिला समन्वयक डॉ एस एन शर्मा द्वारा कहा गया कि प्रत्येक शिक्षक को अपने अंदर गुरुत्व की भावना जगानी चाहिए तथा पुनरुत्थान विद्यापीठ अहमदाबाद के सिद्धांतों, सूत्रों तथा दर्शन का अनुकरण करते हुए शिक्षण कार्य करना चाहिए एवं डीपीएमयू जिला समन्वयक विपुल राठौर द्वारा प्रशिक्षण में जिले में गक्ष 2020 ( I.K.S) को पूर्ण रूप से लागू करने हेतु क, ख, ग, घ मिशन के तहत प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है।

## एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन

मुरादाबाद। उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा सेवा पखवाडा-2025 एवं समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के तहत ''विपणन विकास सहायता (एससीएसपी) योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26'' में तहसील कंठ के विकास खण्ड छजलैट में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया, जिसके मुख्य अतिथि मा0 श्री ओम प्रकाश गोला प्रजापति, उ0प्र0 माटीकला बोर्ड (पू0 अध्यक्ष) रहे। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह द्वारा विभागीय योजनाओ की समस्त जागकारी दी गयी। सभी प्रतिभागियो द्वारा स्वरोजगार को बढावा देने एवं सूक्ष्म लघु उद्योग लगाने का संकल्प लिया गया। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख, छजलैट एवं प्रतिनिधि एल0डी0एम0, वरिष्ठ प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, मुरादाबाद, निदेशक, आर0सेटी, मुरादाबाद, सहायक विकास अधिकारी (आई.एस.बी.), सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, छजलैट तथा समस्त ग्रामोद्योग का स्टाफ उपस्थित रहे।

# नरौली में गणेश शोभा यात्रा पर पत्थर फेकें जाने व कार्रवाई न होने से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### 25 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुनवायी न होने से कस्बे के बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं ने मंत्री आवास के बाहर मंडल अध्यक्ष को सोंपा इस्तीफा

नारौली, संभल। कस्बा नरौली में गणेश शोभा यात्रा पर पत्थर फेंका गया था,जिसके बाद हिंदू संगठन तथा भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी रोष था साथ ही वह अपनी ही सरकार में खुद को काफी ठगा महसूस कर रहे थे इस दौरान मुकेश शर्मा ने कहा जब अपनी सरकार में अपनी समस्या का समाधान ना हो रहा धार्मिक भावनाओं का आहत करने वाले आरोपी पैसे के बल पर खुलेआम घूम रहे हैं तब हमारा पद पर रहने का क्या फायदा इसलिए हम सब बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्त्ता अपने अपने के पद से इस्तीफा दे रहे हैं जिस कारण भाजपाइयों ने जिसमें नरौली के 13 बूथ अध्यक्ष , दो सेक्टर संयोजक तथा कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री गुलाब देवी जी के आवास पर मंडल अध्यक्ष हरवेश राघव को अपना त्याग पत्र सौंपा ।इस दौरान संजीव राघव,सत्येंद्र शर्मा , कमल प्रजापति,सोनी राघव, माधवेंद्र सिंह, नितिन राघव रविन्द्र सिंह,अमरीश शर्मा,सचिन शर्मा, राकेश शर्मा, संतोष गुप्ता,राजकुमार, प्रजापति, हर्षित भारद्वाज, विवेक गोयल, विपिन गोयल,श्यामू शर्मा अमन आदि लोगो ने इस्तीफा दिया तथा मौजूद रहे।

## बूंदी के लड्डू में निकले कीड़े, पुलिस से शिकायत


बदायूं। बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव अगोल निवासी एक व्यक्ति ने बूंदी के लड्डू में कीड़े निकलने की शिकायत की है। शिकायत करने पर दुकानदार पर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अगोल गांव निवासी फूल सिंह पुत्र लेखराज ने पुलिस को बताया कि उसने बिल्सी नगर में खैरी रोड स्थित एक मिठाई की दुकान से एक किलो बूंदी के लड्डू खरीदे थे। वह घर लेकर पहुंचा और परिवार के लोगों को लड्डू खाने को दे दिया। इसी दौरान बूंदी के लड्डू में कीड़े निकलने लगे। पीड़ित ने दुकानदार से इसकी शिकायत की। आरोप है कि दुकानदार ने फूल सिंह के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिछले दिनों पनीर की सब्जी में चूहा निकलने का मामला सामने आया था। इसके बावजूद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम दुकान की जांच नहीं कर रही है।

# धड़ल्ले से चल रहे अवैध नर्सिंग होम, कार्रवाई को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा स्वास्थ्य महकमा

**अधिकारियों से उठ चुका है जनता का विश्वास अब सिर्फ सीएम योगी से आस**

**जिले की सीएमओ अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्रवाई करने से क्यों कतरा रही**

**मरीजों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले अवैध रुप से चल रहे क्लीनिक व पैथालाजी सेटरों कार्रवाई क्यों नहीं**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ व डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाल रहे बृजेश पाठक सर कारी अस्पतालों में मुफ्त में जांच,मुफ्त दवा का वितरण करा रहे है जिससे गरीबो को इलाज में पैसा खर्च न करना पड़े।जिला मुख्यालय से लेकर सीएचसी पीएचसी,यहां तक कि एएनएम सेंटरो तक दवाओं का निःशुल्क वितरण हो रहा है।लेकिन लगता है गोंडा जिले का स्वास्थ्य विभाग सीएम योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठ क की सोच के विपरीत सोच रखता है।तभी तो जिला मुख्या लय पर बैठे अधिकारी नगर व ग्रा मीण क्षेत्र में सीएचसी के नाक के नीचे दर्जनों से अधिक अवैध पैथालोजी नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे है। लेकिन इनके खिलाफ कार्यवाही कोई नही कर रहा है।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि सीएचसी के जिम्मेदार चिकित्सक से सेटिंग होने के कारण अवैध होते हुए भी वैध है और धड़ल्ले से अप ना रोजगार करके अनपढ़ गंवार मरीजो से जोंक की तरह उनका खून चूस रहे है।बता दे कि ऐसी पैथॉलॉजियो पर न तो मानक के अनुरूप क्वालिफाइड लैब असिस्टेंट है,न ही अल्ट्रासाउंड करने वाला चिकित्सक और न ही नर्सिंग होम में प्रशिक्षित सर्जन बावजूद अगर इन लोगो पर कार्यवाही नही होती है।तो निश्चित है कि स्वास्थ्य विभाग के साहब लोगो को ये लोग दक्षिणा जरूर अर्पित करते होंगे।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगो का कहना है कि जिले का स्वास्थ्य विभाग इन लोगो पर कोई भी कार्यवाही नही करेगा,न ही जिला प्रशासन क्योंकि जि ले के अधिकारियों से जनता का विश्वास उठ चुका है।अब अगर किसी पर विश्वास है जो ऐसे अवैध केंद्रों पर कार्य वाही करा सकते है तो वे है प्रदेश के मुखिया योगी आदि त्य नाथ या फिर उपमुख्य मंत्री बृजेश पाठक अब देखना है कि गोंडा जिले में अवैध पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर व अवैध नर्सिंग होम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कब इन अवैध कारोबारियों पर कार्यवाही करने का आदेश दे रहे है..? इसके पहले जितनी भी खबरें छपी है लेकिन इन पर अभी तक कार्यवाही नही हुई है।वही इससे जिले की सीएमओ रश्मि वर्मा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगो के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध पैथॉलॉजियो और नर्सिंग होम्स पर आखिर क्यों नही कार्य वाही कर रही है...? सीएमओ गोंडा रश्मि वर्मा ? आखिर इनके खिलाफ कार्यवाही से पीछे क्यो हट रहा है स्वास्थ्य विभाग..?

## एचवाईएफ टीम ने शाही इमाम से की मुलाकात बाढ़ पीड़ितों के लिए सौंपी मेडिकल किट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । ह्यूमैनिटी यूथ फाउंडेशन की टीम ने पंजाब के लुधियाना स्थित जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी से विशेष मुलाकात की। इस दौरान पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति और राहत कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। संस्था बहराइच से जुड़े गांवों में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजित करती रही है। इसी कड़ी में संस्था अध्यक्ष मोहम्मद सलमान अपनी टीम शकील अहमद उपाध्यक्ष, मोहम्मद दानिश सचिव, राशिद अली उपसचिव व नसरूल्लाह सदस्य के साथ लुधियाना पहुँचे थे। हालांकि, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र लुधियाना से लगभग 200 किलोमीटर दूर होने और संगठन के उपाध्यक्ष शकील अहमद की अचानक तबियत बिगड़ जाने के कारण टीम मेडिकल कैंप स्थल तक नहीं पहुँच सकी। इसके बावजूद एचवाईएफ अध्यक्ष ने संस्था द्वारा तैयार की गई मेडिकल किट शाही इमाम के सुपुर्द कर दी, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में ज़रूरतमंद लोगों तक दवाइयाँ पहुँचाई जा सकें। तत्पश्चात टीम बहराइच के लिए रवाना हो गई।

# डीएम–एसपी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**सम्पन्न सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए दिए गए निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए। बैठक का मुख्य एजेंडा राजमार्गों पर अवैध कटों को बंद कराने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने, हाईवे-1 व नेशनल हाईवे-1 को मॉडल सेफ रोड के रूप में विकसित करने, ब्लैक स्पॉट्स के निवारण, अतिक्रमण हटाने तथा प्रवर्तन कार्रवाई को प्रभावी बनाने पर केंद्रित रहा।हाईवे किनारे संचालित विद्यालयों के आसपास अवैध कटों पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में सुरक्षा गार्ड की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा विद्यालयों में संचालित पुराने वाहनों की फिटनेस समय-समय पर जांची जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मानकविहीन व पुराने हो चुके वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की जाए तथा रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई हो।डीएम ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। हिट एंड रन मामलों में परिवहन विभाग को कराधान अधिनियम/नियमावली के अंतर्गत प्रतिकार कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह, डीआईओएस संजीव सिंह, एआरटीओ, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, एसीएमओ डॉ. अरविंद, बीएसए राहुल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बरेली के फतेहगंज पश्चिमी में अवैध कॉलोनियों पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

बरेली । उत्तर प्रदेश में बरेली जिले की बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने बुधवार को थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में दो अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर साइट ऑफिस, बाउंड्रीवाल और प्लॉटिंग के लिए बनाए गए निशान हटवाए।बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंदन ए ने बताया कि जानकारी के अनुसार, सत्येंद्र यादव और सोमपाल ने करीब पांच हजार वर्गमीटर भूमि पर बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के कॉलोनी विकसित करना शुरू कर दिया था। वहीं, मुस्तकीम ने भी लगभग चार हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध प्लॉटिंग और साइट ऑफिस का निर्माण कराया था। दोनों ही मामलों में बीडीए की अनुमति न होने के बावजूद अवैध निर्माण कार्य जारी था। बीडीए की टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। बीडीए की प्रवर्तन टीम में अवर अभियंता संदीप कुमार और सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह मौजूद रहे। बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि शहर में अवैध कॉलोनियों को किसी भी हालत में पनपने नहीं दिया जाएगा। बिना मानचित्र स्वीकृति के कॉलोनी विकसित करना और प्लॉटिंग करना पूरी तरह गैरकानूनी है।

# जीएसटी की दरों में कमी से जनता को महंगाई से मिलेगी राहत: प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हमीरपुर । भाजपा जिला कार्यालय हमीरपुर में आज बुधवार को जिलाध्यक्ष सुनील पाठक की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री हमीरपुर प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जीएसटी बजट उत्सव के अंतर्गत जीएसटी की दरों में कमी के सन्दर्भ में ग्राहकों को लाभ देने हेतु व्यापारियों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें व्यापारियों/आम जनमानस को बताया जाएगा कि भारत सरकार द्वारा व्यवस्था में कई सुधार किए गए हैं।पूर्व से प्रचलित 5, 12, 18 एवं 28 प्रतिशत में से 12 एवं 28 प्रतिशत का स्लैब खत्म कर दिया गया है। इसके साथ ही 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब की लगभग 90 प्रतिशत वस्तुओं को 5 प्रतिशत के स्लैब में डाल दिया गया है। इससे आम जनमानस को काफी सहूलियत होगी, जिससे रोजमर्रा की कई वस्तुएं कम दामों पर खरीद सकेंगें। प्रभारी मंत्री ने बताया कि जो जीएसटी के अंतर्गत कर की दरें कम हुई है, उनके अनुसार ग्राहकों को कम हुए कर दर का लाभ दिया जाये और उक्त संदर्भ में व्यापारियों एवं उपभोगताओं को जागरूक किया जाएगा। इस कार्य में हम सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।जनपद के सभी व्यापारी द्वारा 22. सितम्बर से जीएसटी की नई व्यवस्था लागू की गई है। प्रेस वार्ता के तत्पश्चात मंत्री रामकेश निषाद के द्वारा हमीरपुर सुभाष बाजार में व्यापारियों के बीच पहुंचकर जीएसटी में छूट के बारे में जागरूक किया एवं लोगों को सामान की खरीदारी पर छूट प्रदान करने की बात कही।

इस मौके में राठ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, नगर पालिका चेयरमैंन कुलदीप निषाद, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, आशीष पालीवाल, लालाराम निषाद, आशारानी, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र कुमार गुप्ता, लक्ष्मी रतन साहू, इंद्रप्रकाश बाजपेई, अंकित गुप्ता आदि भाजपा के लोग मौजूद रहे।

# नवरात्र के तीसरे दिन विंध्यवासिनी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मीरजापुर । शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन बुधवार को विंध्याचल धाम में मां विंध्यवासिनी के चंद्रघंटा स्वरूप की भव्य और विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। पर्वत श्रृंखला और गंगा तट पर विराजमान मां विंध्यवासिनी के इस स्वरूप को श्रद्धालुओं ने विशेष आस्था और भक्ति भाव के साथ निहारते हुए पुष्प-अर्पण, दीप-प्रज्वलन और मंत्रोच्चारण से पूजा की।मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भक्तों की सुविधा के लिए विभिन्न मार्गों पर सूचना बोर्ड और गाइड तैनात किए गए थे। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे और मंदिर प्रांगण भक्ति-संगीत और आरती की मधुर ध्वनियों से गुंजायमान रहा।जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने मां कालीखोह मन्दिर व मां अष्टभुजा देवी मन्दिर का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी इसे केवल जिम्मेदारी न समझें, बल्कि सेवा भाव के साथ आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराएं। इस दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में दुकानदारों से वार्ता की और खुद भी खरीददारी कर श्रद्धालुओं के साथ घुलमिलकर सेवा भाव का उदाहरण प्रस्तुत किया।मंत्रोच्चारण और भक्तजन के हर्षोल्लास के बीच चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा सम्पन्न हुई। पुजारियों ने भक्तों को बताया कि इस स्वरूप की पूजा विशेष रूप से भय और संकट निवारण के लिए की जाती है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति ने कहा कि नवरात्र पर्व के दौरान भक्ति और आस्था के साथ सुरक्षा एवं सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।आज के दिन विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे मां चंद्रघंटा के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे और अपने मनोकामना पूर्ति की कामना के साथ पुष्प और प्रार्थना अर्पित की। विंध्याचल धाम में नवरात्र पर्व का यह तीसरा दिन भक्तिभाव और श्रद्धा का अद्भुत संगम बना रहा।

# पुलिस आयुक्त ने किया डे–केयर का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गौतमबुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने नवनिर्मित थाना सेक्टर 63 के भवन में आज से महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए डे- केयर की सुविधा की शुरुआत की है।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज से डे- केयर की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में पहले से डे-केयर संचालित है लेकिन वह सभी को सहूलियत नहीं दे पा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी कमिश्नरेट के प्रत्येक जोन में एक-एक डे-केयर खोला जाएगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि महिला पुलिस कर्मियों की काफी भर्ती हुई है। महिलाएं अपने छोटे बच्चे होने की वजह से उन्हें कहां रखें, इस बात को लेकर हमेशा परेशान रहती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में थाने के अंदर ही क्रेच की सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि महिलाएं अपने बच्चों को क्रेच में छोड़कर अपनी ड्यूटी करेंगी। क्रेच में बच्चों की देखभाल के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। उनके अनुसार इसके अंदर बच्चों के खेलने कूदने की तथा मनोरंजन के सभी प्रकार के संसाधन मुहैया कराया गया है। यहां रहने वाले बच्चों को उचित शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से पुलिस कर्मियों की काम करने की क्षमता में बढ़ोतरी होगी तथा वे अपने बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंतित नहीं रहेंगे। उनके बच्चे थाने के बने डे-केयर में सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने बताया कि काफी महिला पुलिसकर्मियों की रात के समय ड्यूटी होती है।

# पुलिस की पहल : अपराध छोड़कर रोजगार से जुड़े बरवार समुदाय के लोग

**पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने दोनों क्षेत्रों में गहन सर्वेक्षण और संवादात्मक बैठक का संचालन किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में बरवार समुदाय के उत्थान एवं सामाजिक सुधार के लिए धानेपुर व मोतीगंज क्षेत्र में चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने दोनों क्षेत्रों में गहन सर्वेक्षण और संवादात्मक बैठक का संचालन किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी शिल्पा वर्मा,क्षेत्राधिकारी सदर विनय कुमार सिंह, प्रभा री निरीक्षक मोतीगंज व धानेपुर,राजस्व विभाग ग्राम विकास विभाग,पंचायतीराज विभाग और आंगनवाड़ी,आशा बहू की टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही।

बैठकें ग्राम दुल्हापुर धानेपुर तथा ग्राम छजवा मोतीगंज में आयोजित की गईं है। जिसमें लगभग दो सौ बरवार नागरिक,महिला, नवयुवक और शिक्षार्थी बच्चों ने भाग लिया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय के लोगों की समस्याओं को समझना,उनकी सामाजिक व आर्थिक चुनौतियों की पहचान करना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर विकास की दिशा में मार्ग दर्शन देना था।विभिन्न विभागों ने शासन स्तर से मिलने वाली योजनाओं,सुविधाओं और वि कास से संबंधित जानकारी साझा की।पुलिस विभाग की ओर से पहले अपराधिक गतिवि धियों में संलिप्त रहे बरवार समुदाय के लोगों को अपराध न करने और समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। नवयुवकों ने आश्वस्त किया कि वे अब शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और अपने परिवार के साथ समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहते हैं।चौपालों में उपस्थित नागरिकों के नाम, पता,परिवार की संख्या और रोजगार की जानकारी मौके पर रजिस्टर में अंकित की गई। बैठक के दौरान नागरिकों को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं और बालि काओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक सम स्याओं के बारे में जानकारी ली और आने-जाने के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर सुझाव भी प्राप्त किए साथ ही महिलाओं को भरोसा दिलाया गया कि पुलिस हर समय उन की सुरक्षा एवं सहयोग के लिए उपलब्ध है पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी जातियों और समुदायों को मुख्यधारा में लाना और उनका समग्र विकास सुनिश्चित करना प्रा थमिकता है।इस पहल के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने यह संदेश दिया कि सामाजिक सु धार और समुदाय के उत्थान में पुलिस केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में भी सक्रिय भूमि का निभा रही है।

## कृषि विभाग ने किसानों के लिए निःशुल्क अलसी बीज मिनीकिट योजना की शुरू




मीरजापुर । उप निदेशक कृषि विकास विकेश पटेल ने किसानों को सूचित किया कि प्रदेश सरकार की योजना के तहत राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक किसानों को अलसी फसल का दो किलोग्राम बीज मिनीकिट निःशुल्क मिलेगा।उन्होंने कहा कि योजना के तहत कृषक 24 सितंबर से 12 अक्टूबर तक कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पूरी तरह पारदर्शी होंगे। यदि आवेदन लक्ष्य से अधिक आए तो लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। प्रत्येक कृषक केवल एक मिनीकिट के लिए पात्र होगा।चयनित किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि बीज भंडारों से बीज मिनीकिट वितरित किए जाएंगे। उप निदेशक ने किसानों से अपील की है कि वे समय से आवेदन कर योजना का लाभ अवश्य उठाएं और अपनी फसल की गुणवत्ता व उत्पादन बढ़ाने के अवसर का लाभ लें।इस योजना के तहत किसानों को न सिर्फ निःशुल्क बीज मिलेगा बल्कि पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से योजना का सही लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

# शहर की सड़कों पर फैली गंदगी, उड़ा रही स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। प्रधानमंत्री पूरे देश में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों व गांवो को स्वच्छ रखने के लिए तरह तरह के प्रयास किए जा रहे है। लेकिन प्रधानमंत्री के मिशन को सरकारी विभाग ठेंगा दिखा रहे है।शहर व ग्रामीण क्षेत्रो की मुख्य संड़को पर फैली गंदगी इस ओर साफ इशारा कर रही है।सड़को पर फैल रही गंदगी से लोगों को परेशानी हो रही है।लेकिन नगरपालिका के अधिकारी इस ओर कतई ध्यान नहीं दे रहे है। शहरों व गावों को स्वच्छ बनाने के लिए सरका री व गैर सरकारी संस्था तरह तरह के प्रयास कर रही है।जिससे शहरों को साफ स्वच्छ बनाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सकें। लेकिन नगरपालिका इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है।जबकि साफ सफाई को लेकर खुद अपनी पीठ धपधपा रही है।लेकिन शहर की मुख्य सड़कों पर पड़ी गंदगी नगरपालिका की पोल खोल रही है नगर पालिकापरिषद से सटे गोंडा- बहराइच रोड जानकी नगर में सड़कके किनारे रोजाना कूड़ा पड़ा रहता है।सड़क पर कूड़ा पड़ा होने से शहरवासियों का आवा गमन प्रभावित होता है।वहीं गंदगी होने से लो गों को सड़क से निकलने के लिए मुंह पर कप ड़ा रखना पड़ता है।लेकिन उसके बावजूद भी पालिका व पंचायत विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।जिसका खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है।लेकिन शहर को साफ सफाई के दावे करने वाली नगर पालि का परिषद व पंचायत विभाग के दावे हवाई साबित होते दिख रहे है।जिसका सीधा उदाहर ण सड़क पर पड़ी गंदगी से देखने को मिल रहा है।वहीं नगरपालिका शहर की गंदगी को साफ करने के लिए दावे करती है।कि शहर में किसी स्थान पर भी कूड़ा नहीं डालेगा।जिसके लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया है।जिससे शहर की सड़ को पर डल रहे कूड़े को साफ किया जा सकें। लेकिन उसके बावजूद भी शहर में साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चौपट दिखाई पड़ती है।शहरों की सड़को पर कूड़ा बिखरा पड़ा रहता है लकिन पालिका के अधिकारी प्लांट में कूड़ा पहुंचाने के लिए असमर्थ दिखाई दे रहे है। जब कि शहर की सड़कों पर कही गंदगी से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।स्वच्छ भारत मिश न की उड़ रही सरेआम धज्जियां।भारत के प्रधानमंत्री मोदी शहर व गांव को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों से लगातार आग्रह कर रहे है। वहीं सरकारी अधिकारी शहर की सड़को पर कूड़ा डालकर स्वच्छ भारत मिशन की मजाक उड़ा रहे है।शहर की सड़को पर हो रही गंदगी से लोगों का आवगमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# युवक 70 किलो अवैध विस्फोटक के साथ गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के मुस्करा थाना क्षेत्र के बसवारी तिगैला के पास से बुधवार को मुस्करा पुलिस ने एक युवक को अवैध विस्फोटक सामग्री व पटाखे के साथ गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि मुस्करा निवासी दिलीप को 70 किलो अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। सामग्री लेकर बसवारी तिराहे पर विवार जाने के लिए साधन का इंतजार कर रहा था, तभी गश्त के दौरान एसआई अनुरुद्ध कुमार द्विवेदी ने टीम के सहयोग से उसे धर दबोचा। वह बरामद विस्फोटक सामग्री के बारे में कुछ जानकारी नहीं दे पाया है। अवैध सामग्री को जब्त करते हुए उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# छात्रा मानसी बनी एक दिन की जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में मिशन शक्ति 5.0 फ़ेज के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्या लय शिक्षा क्षेत्र झंझरी की कक्षा आठ की बा लिका मानसी प्रजापति पुत्री बद्री प्रसाद प्रजा पति निवासी ग्राम रामभारी विकासखण्ड झंझ री गोण्डा को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनाया गया।मानसी प्रजापति जिलाधिकारी बनते ही कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों को अपना परिचय दिया। साथ ही बैठक में उसने सभी अधिका रियों से कहा कि पूरी पढ़ाई करने के बाद यदि भविष्य में मुझे जिलाधिकारी बनने का मौका मिलता है तो हम भी जनपद के लिए अच्छा कार्य करूंगी।

# जीएसटी दरों में कमी से होगा समृद्ध भारत का निर्माण : सतीश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने जगदीशपुर ब्लाक सभागार में जीएसटी सुधार पर प्रेस वार्ता के माध्यम से इसके जनहितार्थ आयामों पर बल दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने मध्यम वर्ग के लिए रणनीतिक रूप से प्रभावशाली बदलाव किये और उन्हें सफलता पूर्वक लागू किया जिससे उनके जीवन में सुगमता आयेगी और वे अब अधिक सशक्त होंगे। नेक्स्ट जेन जीएसटी जन प्रथम सुधार मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने बताया कि सुलभ दाम से हर परिवार की मुस्कान बढेगी और रोजगारों की जरूरतों पर रोजाना बचत होगी। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नेक्स्ट-जेन जीएसटी सुधारों के लिये तीन सितम्बर को छप्पनवीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सुधारों के निर्णय लिये गये। यह 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव है। इन सुधारों के तहत पांच प्रतिशत और अठारह प्रतिशत की सरल दो दर संरचना लागू की गई है जबकि विलासिता और लग्जरी सामानों पर चालीस प्रतिशत की दर रखी गई है। इससे पारदर्शिता, न्यायसंगत व्यवस्था और कर पालन में आसानी की पुरानी मांगों को पूरा किया गया है। ये सुधार नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगे। यह केवल आर्थिक कदम नहीं, बल्कि देश के लिए दिवाली का तोहफ़ा है, इससे करोड़ों परिवारों की बचत सीधे उनके हाथों में जाएगी। जैसे दीपावली पर दीपक घरों को रोशन करते हैं, वैसे ही ये सुधार घरों के खर्च कम करेंगे, किसानों को सशक्त बनाएंगे और कारोबार को गति देंगे जिससे पूरे भारत में समृद्धि फैलेगी। उन्होंने बताया कि इससे दो दरों की सरलता,जनता को राहत,किसानों को बढ़ावा,स्वास्थ्य क्रांति,गाड़ियों और वाहनों में भारी छूट,शिक्षा हुई सस्ती, लग्जरी पर ज्यादा कर,व्यापार में आसानी होगी।उन्होंने बताया कि सामान्य नागरिकों पर कर का बोझ कम करके, किसानों को सशक्त बनाकर, विनिर्माण को बढ़ावा देकर और लग्जरी तथा विलासिता वस्तुओं पर भार बढ़ाकर एनडीए सरकार ने समावेशी विकास और वित्तीय जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोबारा साबित की है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला,चन्द्रमौलि सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी,राकेश विक्रम सिंह,अतुल सिंह,राजेश विक्रम सिंह सहित अन्य तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अर्टिगा कार से झारखण्ड से बदायूं जा रहा दो कुंतल पोस्ता छिलका के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिलोई अमेठी,थाना इन्हौना पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत करीब दो कुंतल पोस्ता छिलका,डोडा व मादक पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त अर्टिगा कार के साथ गैर जनपद के एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसकी अनुमानित कीमत बीस लाख रुपया बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना पुलिस को देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक अर्टिगा कार सुलतानपुर से लखनऊ की तरफ जा रही है जिसमें पोस्ता छिलका,डोडा रखा हुआ है।सूचना पर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग लगाकर सुलतानपुर की तरफ से आ रही अर्टिगा कार नम्बर एच आर 55 एजी 0647 को हिकमत अमली से घेरकर रोक लिया गया तथा चालक से नाम पता पूंछा गया तो उसने अपना नाम आदित्य सचदेव पुत्र अमृत लाल सचदेव निवासी मोहल्ला बत्तीस सिविल लाइन इण्डियन बैंक के सामने थाना सिविल लाइन जनपद बदायूं बताया। अर्टिगा कार की तलाशी से बारह बोरियों में करीब दो कुन्तल पोस्ता छिलका,डोडा बरामद हुआ।अर्टिगा कार के कागज मांगने पर दिखा नहीं सका।पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछताछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि बरामद पोस्ता छिलका,डोडा वह डालटनगंज, झारखण्ड से लेकर बदायूं जा रह था उक्त पोस्ता छिलका,डोडा लाने के लिये उसे अभय कुमार सिंह निवासी बदायूं ने झारखण्ड भेजा था। क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# व्यापारीयो को जीएसटी रिफॉर्म पर दी जानकारी: व्यापर मंडल की बैठक मे मौजूद रहे विद्यायक, एसडीएम और चेयरमैन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। जीएसटी की दरों मे हुऐ बड़े बदलाब लेकर पूरनपुर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक होटल मे मंगलवार को बैठक हुई इसमें भाजपा विद्यायक, चेयरमैन, और एसडीएम और व्यापारियों सहित तमाम लोग शामिल हुए जीएसटी की हाल ही में घटाई गई दरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी सबसे पहले भाजपा विधायक ने जीएसटी की दरों में कमी को स्वतन्त्र भारत के इतिहास का पहला क्रांतिकारी कदम बताया और इस कदम से व्यापारिक जगत को देश की अर्थ व्यवस्था का आधार स्तम्भ बताते हुये केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा देश के उद्योग, व्यापार के हित में केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगों को अवगत कराया उन्होंने बताया कि सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे पैक्ड फूड आइटम्स, डेयरी प्रोडक्ट्स और कुछ मसाले अब 12% से घटकर 5% जीएसटी कर दी गई कपड़ा उद्योग के अंतर्गत आने वाले कई वस्त्रों पर जीएसटी 12% से घटाकर 5% किया गया है इसके अलावा घरेलू उपकरणों और छोटे इलेक्ट्रॉनिक्स पर भी टैक्स दरें घटाई गई हैं, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा वही व्यापार मण्डल की बैठक से यह अपील की गई कि व्यापारी वर्ग अपने उत्पादों के मूल्य घटाकर नई दरों के अनुसार ही विक्रय करें ताकि आमजन तक यह राहत पहुँच सके नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने व्यापारी वर्ग का आवाहन किया की वह इस अवसर का भरपूर लाभ उठाये और देश की प्रगति के वाहक जीएसटी अब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत तक सीमित कर दिए गए हैं। किसानों के ट्रैक्टरों से लेकर ट्रैक्टर के टायरों तक, कीमतों में गिरावट आई है। इसके अलावा, कारों, एयर कंडीशनर और जनता द्वारा खरीदी जाने वाली अन्य बिजली की वस्तुओं की कीमतों में भी गिरावट आई है इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों को नवरात्र महोत्सव की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार जीएसटी रिफोर्मस का मार्ग प्रशस्त किया वह वास्तव में हर परिवार के लिए राहत और नए विश्वास का संदेश है जीएसटी दरों में भारी कमी से रोजमर्रा की जरूरत का सामान सस्ता होगा और मध्यम वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सीधी राहत मिलेगी। यह कदम ना केवल घर-घर की बचत बढ़ाएगा बल्कि छोटे उद्यमों और एमएसएमई क्षेत्र को भी नई ताकत देगा उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शासन प्रशासन व्यापारी वर्ग की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव सर्मर्पित है जीएसटी 2.0 की दरों में की गई कमी का लाभ व्यापारी आम जनता को दें और कहा कि कुछ आवश्यक वस्तुओं और जीवन रक्षक दवाओं में जीएसटी की दर शून्य की गई है इससे व्यापारी की पूंजी का बहुत बड़ा हिस्सा आईटीसी के रूप में सरकार को वापस करना पड़ेगा उसे उसकी पूरी धनराशि वापस मिलनी चाहिए व जीएसटी विभाग की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त करते हुये कहा कि अतीत में बढ़ी हुई जीएसटी दरों के सापेक्ष सरकार के खजाने में जमा जीएसटी की भारी भरकम राशि की बापसी में जीएसटी विभाग के अधिकारी अत्यंत उत्पीड़न पूर्ण रवैया अपना रहे है इस पर क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान तथा उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने आस्वस्त किया की शीघ्र ही जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पूरनपुर बुलाकर व्यापारियों के साथ उनकी वैठकर इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जायेगा वही प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने बताया कि पूरनपुर के सभी व्यापारियों को घटाई गई जीएसटी दरों की जानकारी देने और मूल्यों में कमी को लेकर जागरूक करने हेतु आज इस बैठक का आयोजन और प्रेस वार्ता की गई वही स्वदेशी को अपनाने , विदेशी भगाओ का जो आह्वान किया, वह आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दिशा में सशक्त संकल्प है। उन्होंने जीएसटी कर कर देश की जनता को दीपावली का उपहार दिया है। आज समाज का हर वर्ग उनका आभार जता रहा है कार्यक्रम के उपरांत जीएसटी की दरें घटाने पर केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया गया और विभिन्न वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार के इस कदम से विदेशी ताकतों के वह मंसूबे ध्वस्त हो जायेगें जिसके आधार पर वह भारत को आर्थिक दृष्टि से गुलाम बनाने का सपना देख रहे थे बैठक के समापन के बाद सभी ने दुकान दुकान जाकर स्टीकर व पैदल मार्च कर व्यापारियों को नई दरो के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और जागरूक किया इस कार्यक्रम को अजय खण्डेलवाल, संजय गुप्ता, उमर खॉ, विजय पाल विक्की, नवीन मित्तल, दीपक बंसल, सचिन गुप्ता, राहुल जायसवाल,राजू खण्डेलवाल आदि ने संबोधित किया। नगर अध्यक्ष हाजी मो0 जाहिद खां ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कम्पोजिट विद्यालय जमुवारी की छात्रा कशिश मौर्य बनी एक दिन की एसडीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिये प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज अभियान के तहत तहसील मुसाफिरखाना में उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया के नेतृत्व में एक विशेष पहल की गई। इस पहल के तहत कम्पोजिट विद्यालय जमुवारी की कक्षा आठ की छात्रा कशिश मौर्य को एक दिन का एसडीएम बनने का अवसर प्रदान किया गया।एसडीएम की जिम्मेदारी संभालते हुये कशिश मौर्य ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न पटलों का जायजा लिया और साफ सफाई, फाइलों व अभिलेखों के रख-रखाव को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार के साथ एसडीएम कार्यालय में जनसुनवाई भी की। इस दौरान शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बालिका एसडीएम के उत्साह और नेतृत्व कौशल की सराहना की।गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मिशन शक्ति अभियान पांच का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना है।अभियान के अंतर्गत जनपद में जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। महिलाओं एवं बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों और शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

## अमरिया ब्लॉक की प्रधान घूंघट में पुत्र करा रहा कार्य ग्रामीणों में रोष

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड अमरिया की ग्राम पंचायत जगत की प्रधान एवं सचिव ने सफाई के नाम 12 हजार रुपए निकाल लिए लेकिन गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। रिवोर कराने के नाम पर भी 24280 रुपया निकाल लिए हैं।साथ ही 49798 रुपया बाउंड्री वॉल अबशेष का भी भुगतान किया गया दो और दो बार हिंदुस्तान इंटरप्राइजेज के नाम लगाया गया इंटरलॉकिंग के नाम पर रुपया बल्कि ईंट लगा दी घटिया सामग्री उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर दोनों मिलकर लगा रहे है धब्बा सूत्र बताते है। ग्राम पंचायत में कराये गये निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। प्रधान और सचिव ने नियमों को ताक पर रख सरकारी धन का दुरपयोग किया है। ग्राम प्रधान नजमा बेगम पत्नी छोटेबक्श प्रधान है। लेकिन सभी कार्य उनके पुत्र उवैश की देख रेख में ही होते हैं। बीतें दिनो पंचायत मे कराए गये नाली व इंटरलॉकिंग के निर्माण कार्यों में घटिया क्वालिटी की सामग्री का उपयोग किया गया हैं। निर्माण कार्य में पीला ईंट व नदी की रेत का उपयोग किया गया है। ग्रामीणों का कहना हैं कि निर्माण के दौरान प्रधान पुत्र को कई बार घटिया सामग्री कि शिकायत की गई परन्तु उसने सब कुछ नजर अंदाज कर निर्माण कार्य करा दिया। प्रधान पुत्र इंटरलॉकिंग में बड़े पैमाने पर पैसा कमा रहा है। सचिव शिखा के सहयोगी संजीव कुमार सरकारी दस्तावेजो कि गोपनीयता को अक्सर भंग करता दिखाई देता हैं। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र समय से उपलब्ध नहीं होते हैं। ग्रामीण ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाते अक्सर नजर आते हैं। ग्राम पंचायत में स्थित परिषदीय विद्यालय के पास से नाली निर्माण किया गया जिसमें पिला ईट लगाई गई हैं। पंचायत घर में भी कोई कर्मचारी ग्रामीणों की समस्याएं सुनते नहीं आता है। पंचायत सहायक का वेतन भी कई महीनों से मिला है।

## ब्रम्हनी के पंचायत सचिवालय से सवा लाख रुपये से अधिक की आय हुई अर्जित

अमेठी,प्रदेश सरकार की सुशासन की अवधारणा को साकार करने की दिशा में विकास खण्ड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत ब्रम्हनी ने उल्लेखनीय पहल की है। पंचायत ने सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ निश्चय और सकारात्मक सोच के बल पर ग्राम पंचायत सचिवालय को सेवाओं का केंद्रीकृत हब बनाकर ग्रामीणों को बड़ी सुविधा प्रदान की है।लगभग दो वर्ष पूर्व ग्रामीणों को प्रमाण पत्र, राशन कार्ड अथवा अन्य सेवाओं के लिये गांव से बाहर जाना पड़ता था। प्राइवेट एजेंसियों से सेवाएं प्राप्त करने पर मनमाना शुल्क लिया जाता था जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी परंतु ग्राम पंचायत ब्रम्हनी ने कामन सर्विस सेंटर भवन को पंचायत सचिवालय के रूप में विकसित कर इस समस्या का स्थायी समाधान किया।वर्तमान में पंचायत सहायक, बी.सी. सखी, पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान प्रतिदिन अपनी अपनी सीट पर बैठकर ग्रामीणों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों को अब सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो रही हैं। यहां पर आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, आनलाइन खतौनी, नवीन राशन कार्ड, राशन कार्ड संशोधन आदि सेवाएं अब ग्राम पंचायत सचिवालय से ही उपलब्ध कराई जा रही हैं।अब तक पंचायत सचिवालय द्वारा सवा लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित की गई है। ग्रामीणों का समय और धन दोनों की बचत हुई है।जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि ग्राम पंचायत ब्रम्हनी ने सीमित संसाधनों में नवाचार कर सुशासन का उदाहरण पेश किया है। यह माडल अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणादायक है और ग्रामीणों के जीवन को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि पंचायत सचिवालय को सेवाओं का केंद्रीकृत हब बनाना एक सराहनीय पहल है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है, ग्रामीणों का समय और धन बचा है और स्थानीय स्तर पर सुशासन की दिशा में ठोस कदम उठाये गये हैं।

## सर्वर डाउन होते ही पड़ जाता है उप डाकघर पर ताला

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड़ा डाकखाना हो या उप डाकघर खैराबाद ! बस स्टेशन या फिर लोको कॉलोनी हो यहां का सर्वर लगातार डाउन चल रहा है! कई बार मातहत अधिकारियों ने डाक अधीक्षक को इसकी सूचना दी लेकिन हालत दिन–ब–दिन खराब होते जा रहे हैं। नतीजा यह है कि शाम 3:00 बजे ही उप डाकघर पर ताला पड़ जा रहा है। बीते 23 सितंबर को उपभोक्ता जब लोको कालोनी उप डाकघर पहुंचे तो वहां ताला लटका था। किसी ने जीपीएस मैप की फोटो खींच ली जिसमें टाइम और समय भी आ गया। ग्राहकों ने बताया कि उप डाकघर के तमाम ऑनलाइन होने वाले कार्य प्रभावित हो रहे हैं और ग्राहकों और डाक कर्मियों के बीच तू तू मैं में तेज होती जा रही है।

## मीना मंच कार्यक्रम के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

सुल्तानपुर। बल्दीराय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मीना मंच के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मीना मंच के तहत कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया गया। मिशन शक्ति के तहत खण्ड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी के द्वारा छात्रा नरगिश बानो को खण्ड शिक्षा अधिकारी का दायित्व सौप एक दिन के लिए शिक्षा व्यवस्था के साथ कुशल संचालन, गुणवत्ता, सुरक्षा आत्मनिर्भरता के साथ कार्य किया। छात्रा नरगिश बानो ने बताया कि यह सुखद एहसास है भविष्य में मेहनत कर अच्छे मुकाम पर पहुंच कर देश की सेवा करूंगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा बताया कि सरकार के द्वारा महत्वाकांक्षी योजनाओं को गुणवत्ता पूर्ण रूप से लागू करते हुए अच्छी शिक्षा व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वार्डन तारा वर्मा ने बताया कि मीना मंच के तहत अनेको कार्यक्रम के साथ ही मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# पदोन्नति मामले में गजब खेल, जिला विद्यालय निरीक्षक की कार्यशैली पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) की कार्यप्रणाली पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। कारण यह है कि महज़ चार महीनों के भीतर एक ही मामले में दो अध्यापकों की दो बार पदोन्नति हुई और दो बार उसे निरस्त भी कर दिया गया।

मामला श्री सुभाष इंटर कॉलेज, पलिया से जुड़ा है। यहाँ कार्यरत सहायक अध्यापक राज बहादुर पाठक (अर्थशास्त्र विषय) और ओंकार नाथ (अंग्रेज़ी विषय) को पहले जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने पदोन्नत किया था। लेकिन अनियमितताओं की शिकायत आने पर दोनों की पदोन्नति निरस्त कर दी गई। पदोन्नति निरस्त होने से क्षुब्ध होकर दोनों शिक्षक उच्च न्यायालय, लखनऊ पहुँचे। न्यायालय ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के बाद डीआईओएस ने दोनों की पदोन्नति फिर से बहाल कर दी। हालाँकि, इसके बाद एक बार फिर शिकायतकर्ता ने मामले को शिक्षा निदेशक तक पहुँचाया। शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) प्रयागराज से आए आदेश (पत्रांक सामान्य (1) तृतीय/10127/2025-26 दिनांक 17.09.2025) के आधार पर वर्तमान डीआईओएस सूर्य प्रताप सिंह ने दोनों अध्यापकों की प्रवक्ता पदोन्नति को पुनः निरस्त कर दिया।

शिक्षा जगत में चर्चा

चार महीने में एक ही मामले पर दो बार पदोन्नति और दो बार निरस्तीकरण ने शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या जिला विद्यालय निरीक्षक को माध्यमिक शिक्षा अधिनियम और नियमों का पर्याप्त ज्ञान नहीं है, या फिर विभागीय दबाव और अनियमितताओं का असर फैसलों पर पड़ रहा है.

लचर कार्यशैली और भ्रष्टाचार पर सवालों में घिरे डीआईओएस

विदित हो कि यही वही अधिकारी हैं, जिनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार की परतें खुलकर सामने आई थीं। उनके आते ही अजय यादव को एंटी करप्शन की टीम ने कार्यालय से ही रंगे हाथों पकड़ा था। वहीं लगभग 90 लाख रुपये के संदिग्ध भुगतान मामले में तत्कालीन अधिकारी राम शरण गुप्ता निलंबित हुए थे। यही नहीं, शासन स्तर पर भी इन क्ष्ै की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठे हैं। उनकी लापरवाह और गैरजिम्मेदाराना कार्यप्रणाली के चलते शासन ने उन्हें कारण बताओ नोटिस थमाकर कठोर चेतावनी दी थी।सूत्रों की मानें तो विभागीय माहौल बिगाड़ने, वित्तीय अनियमितताओं पर आंख मूंदने और अधीनस्थों को संरक्षण देने की प्रवृत्ति के कारण इन क्ष्ै के खिलाफ लगातार नकारात्मक फीडबैक शासन तक पहुंचता रहा है। शिक्षा जगत में चर्चा है कि ऐसे अफसरों के रहते पारदर्शिता और ईमानदारी की उम्मीद करना बेमानी है।

## वेतन दो नही तो होगा हल्ला बोल, सहकारी समितियों ने बिछाई दरी

सुल्तानपुर। विभिन्न मांगों को लेकर उ0प्र0 संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी संघ एक आवश्यक बैठक तिकोनिया पार्क में की गयी। जिसमें कर्मचारियों द्वारा निर्णय लिया गया कि जब तक समिति कर्मचारियों को नियमित वेतन का भुगतान की व्यवस्था नहीं की जाती है तब तक सदस्यता महाअभियान का बहिष्कार किया जायेगा। संग़ठन ने निर्णय लिया कि मांगें पूरी नही होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। इसी क्रम में आगामी एक अक्टूबर को जिलाधिकारी के माध्यम सूबे के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जायेगा एवं छह अक्टूबर से समितियों में पूर्ण तालाबन्दी की जायेगी। बैठक को मण्डल अध्यक्ष केदारनाथ तिवारी एवं मण्डल मंत्री जितेन्द्र कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष सत्यदेव द्विवेदी, जिलामंत्री रमाकान्त तिवारी, चन्द्रभान शर्मा ने सम्बोधित किया। इस मौके पर जनपद के कोने कोने से आये समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जीएसटी रिफार्म से मिलेगा हर तबके हर वर्ग को फायदा-विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। भाजपा ने नेक्स्ट-जेन जीएसटी रिफार्म को लेकर जिला पंचायत सभागार में जनप्रतिनिधियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता की। मंगलवार को भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी के संयोजन में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक राज प्रसाद ने कहा कि जीएसटी रिफार्म से हर तबके हर वर्ग को फायदा मिलेगा। कहा 2014 से पहले कंग्रेस जिस तरह की जीएसटी लाने का प्रयास कर रही थी उससे देश और जनता का बंटाधार सुनिश्चित था।यह भी कहा भाजपा ने हर राज्य की जनता, विपक्षी सरकार और मीडिया से जानकारी लेकर सुधार के साथ जीएसटी लागू की।इससे गरीब, किसान व आम आदमी को काफी राहत दी गई है। रोजमर्रा का समान सस्ता हुआ है। जीएसटी रिफार्म से 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार होगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में मेक इन व मेड इन से स्वदेशी को बढ़ावा दिया जा रहा है।उन्होंने लंभुआ में छत के नीचे दबकर तीन मजदूरों की मौत के मामले में बताया कि घटना की जानकारी पुलिस कप्तान और जिला प्रशासन को सूचित किया गया। प्रशासन ने रातभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।सभी पीड़ित लोगों को राहत दिलाई जाएगी।इसके पहले प्रेस को संबोधित करते हुए एमएलसी शैलेन्द्र सिंह ने कहा जीएसटी रिफार्म पीएम मोदी का आम लोगों को दीवाली गिफ्ट है।उन्होंने जीएसटी के तमाम बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि इससे जनता को बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने बताया दूध, पनीर,शैंपू, साइकिल, बच्चों के सामान,जरूरी घरेलू सामान पर अब शून्य या सिर्फ 5‰ टैक्स लगेगा। इससे रोजमर्रा के खर्च कम होंगे।इसी तरह किसान के खेती में प्रयोग होने वाले समान,स्वास्थ्य,वाहन, शिक्षा आदि सस्ती होगी।जीएसटी रिफार्म से मीडिल क्लास की सलाना बचत 40-50 हजार रुपए होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक सीताराम वर्मा ने जीएसटी सुधारों से पहले 2004 से 2014 तक और बाद के एनडीए सरकार में 2014 से वर्तमान तक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की विस्तृत चर्चा की। विधायक राजेश गौतम ने जीएसटी सुधारों का व्यापक आर्थिक प्रभाव पर चर्चा की। कहा 2017 में जब जीएसटी लागू हुआ तब 65 लाख करदाता थे जो 2025 तक बढ़कर 1.51 करोड़ से अधिक हो गए।प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, जिला मंत्री आशीष सिंह रानू आदि मौजूद रहे।

# एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनी छात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उच्च प्राथमिक विद्यालय बारातबोझ की कक्षा 6 की छात्रा प्रियांशी को नारी सशक्तीकरण के तहत एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। उन्होंने शिक्षण व्यवस्था,साफ-सफाई और शिक्षकों के समय पर विद्यालय आने पर जोर दिया हैं।एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनीं प्रियांशी का शिक्षण व्यवस्था पर जोर बीआरसी अमरिया अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बारातबोझ में कक्षा 6 की छात्रा प्रियांशी को नारी सशक्तीकरण अन्तर्गत एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। इस दौरान प्रियांशी ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था से लेकर साफ-सफाई व शिक्षकों के समय पर विद्यालय आने पर विशेष जोर दिया। शासन की ओर से महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को लेकर मिशन शक्ति-5 अभियान चलाया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# कौशल विकास में निजी-सरकारी तालमेल और निगरानी की चुनौती

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) में उत्पन्न संकट भूमिकाओं के बीच तालमेल के अभाव एवं पर्याप्त निगरानी के बिना किसी निजी-सार्वजनिक साझेदारी (पीपीपी) प्रारूप पर आधारित संस्थान शुरू करने से जुड़े जोखिमों को रेखांकित करता है। एनएसडीसी में यह संकट पिछले एक वर्ष से चल रहा है। इस वर्ष मई में इसके मुख्य कार्य अधिकारी (सीईओ) को पद से हटा दिया गया। उन पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप थे और उनके खिलाफ अन्य शिकायतें भी आई थीं। खबरों में कहा गया कि ऋणों के आवंटन एवं उनकी वसूली में जरूरी सावधानियां एवं पारदर्शिता नहीं बरती गई थीं। खबरों के अनुसार कई अस्तित्वहीन केंद्रों या बार-बार ऋण चूक करने वाले लोगों को भी ऋण आवंटित किए गए थे। ये विवाद ऐसे समय में सामने आए जब भारतीय श्रमबल में हुनर की कमी दूर करने और इस खाई को पाटने की तत्काल जरूरत महसूस की जा रही थी। भारतीय श्रम बल में हुनर की कमी की शिकायत कंपनी जगत लंबे समय से कर रहा है। एनएसडीसी का विचार अपने आप में निर्विवाद था। वर्ष 2008 में पीपीपी तर्ज पर गैर-लाभकारी संस्थान के रूप में इसकी स्थापना हुई थी जिसमें सरकार की 51 फीसदी हिस्सेदारी थी जबकि निजी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले नैसकॉम, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और भारतीय उद्योग एवं वाणिज्य महासंघ (फिक्की) की 49 फीसदी हिस्सेदारी थी। एनएसडीसी का आरंभिक उद्देश्य कौशल विकास कार्यक्रम चलाने वाले संस्थानों को वित्तीय समर्थन उपलब्ध करने वाली एक इकाई के रूप में काम करना था। उस समय पीपीपी की संकल्पना काफी चलन में थी। निजी क्षेत्र की भागादारी का प्रावधान करने का मुख्य मकसद एनएसडीसी के अंतर्गत प्रशिक्षित लोगों के लिए एक स्तर तक रोजगार सुनिश्चित करना था। यह कहना उचित ही होगा कि निजी क्षेत्र के कई बड़े दिग्गजों की निगरानी के बावजूद एनएसडीसी को साधारण सफलता ही हाथ लगी। यह संभवतः सरकारी और निजी क्षेत्र की प्रक्रियाओं में तालमेल के अभाव का नतीजा था। उस समय रोजगार बाजार में सुस्ती भी एक और वजह थी। वर्ष 2015 तक एनएसडीसी के कार्यों के विस्तार से नई चुनौतियां खड़ी हो गईं। स्किल इंडिया मिशन की शुरुआत के साथ एनएसडीसी विभिन्न प्रकार के हुनर के लिए प्रमुख कार्यान्वयन एजेंसी बन गई। मगर इस कार्य को यथोचित ढंग से निपटाने के लिए कई प्रकार के प्रबंधकीय क्षमताओं की आवश्यकता थी। स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत चार प्रमुख योजनाएं हैं जिनके तहत कई संस्थान आते हैं। उदाहरण के लिए हुनर बढ़ाने और पुनर्कौशलीकरण के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) शुरू की गई, जो 2,500 से अधिक केंद्रों में चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्द्धन योजना भी लाई गई जो आंशिक रूप से नियोक्ताओं को बुनियादी प्रशिक्षण देने के लिए वित्तीय मदद देती है। इस योजना से करीब 49,000 से नियोक्ता जुड़े हैं। इनके अलावा शिल्पकार प्रशिक्षण योजना आदि हैं जो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा चलाए जा रही हैं। एक विदेशी शाखा विदेश में भी कर्मचारियों को रोजगार दिलाने में मदद करती है जैसा कि हाल में इजरायल के लिए निर्माण कामगारों के मामले में किया गया। किसी अलाभकारी संस्था में कार्यरत 200 लोगों के लिए इतनी सारी जिम्मेदारियां काफी अधिक हैं खासकर तब जब प्रत्येक योजना के लिए संस्थानों में गहरी समझ की जरूरत है। इसे देखते हुए अगर रोजगार दिलाने का एनएसडीसी का रिकॉर्ड साधारण रहा है तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए कौशल विकास प्रदान करने वाले ढांचे के संपूर्ण पुनर्गठन की जरूरत है।

# व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का ध्येय

**इतिहास हमें यह शिक्षा देता है कि संगठन, आत्मविश्वास और स्वाभिमान ही राष्ट्र की स्थायी स्वतंत्रता और प्रगति के आधार हैं। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है और राष्ट्र की शक्ति ही सभी कार्यों की सफलता की आधारशिला है। उन्होंने समझाया कि शक्ति का सही उपयोग संगठन में ही संभव है। अतः समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए संगठन और अनुशासन अनिवार्य हैं। डॉ. हेडगेवार जी ने देखा कि समाज में आत्मविस्मृति, स्वार्थपरता और अनुशासनहीनता के कारण राष्ट्र पराधीन बना हुआ है। इन सभी दोषों को दूर करने और राष्ट्र में पुनः शक्ति, आत्मगौरव और राष्ट्रीय चेतना जगाने के लिए उपाय सुझाए। उनका विचार था कि केवल जागरूक व्यक्तियों का समूह ही राष्ट्र की प्रत्येक विपत्ति का सामना कर सकता है और स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ़ बन सकता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने स्वाभिमानी, संस्कारित, अनुशासित, चरित्रवान, शक्तिशाली और देशभक्ति से ओत-प्रोत व्यक्तियों के संगठन की आवश्यकता महसूस की। इन्हीं विचारों के आधार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की।**

भारतीय संस्कृति का मूल तत्व है 'संगठन और समर्पण'। जब-जब समाज विखंडित हुआ, आत्मविश्वास डगमगाया और पराधीनता की बेड़ियाँ मजबूत हुईं, तब-तब इस भू-भाग ने कोई न कोई शक्ति उत्पन्न की। इस शक्ति ने राष्ट्र को जाग्रत कर आत्मविश्वास का संचार किया। ऐसी ही शक्ति का स्वरूप है ऽ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। इतिहास केवल अतीत का ब्योरा भर नहीं है, बल्कि यह वर्तमान और भविष्य के निर्माण का मार्गदर्शक है। संस्कृत में इतिहास का अर्थ ही है इति-ह-आस अर्थात ऐसा ही हुआ। राष्ट्र जीवन के उत्थान और पतन के पीछे कुछ गहरे कारण छिपे रहते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने अपने जीवन काल में समाज, धर्म, राजनीति और क्रांतिकारी आंदोलनों से जुड़कर उनका अध्ययन किया। वे अनेक आंदोलनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए भी इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि केवल आंदोलनों के सहारे राष्ट्र का स्थायी पुनरुत्थान संभव नहीं है। इसके लिए समाज के चरित्र और चेतना में स्थायी परिवर्तन आवश्यक है। डॉ. हेडगेवार जी ने राष्ट्र की पराधीनता के मूल कारणों को तीन प्रमुख बिंदुओं में स्पष्ट किया। पहला, आत्मविस्मृति ऽ समाज अपने गौरवशाली अतीत, हिन्दुत्व की श्रेष्ठता, राष्ट्रीय एकात्मता और सामाजिक समरसता को भूल चुका था। दूसरा, आत्मकेन्द्रित वृत्ति जहाँ समाजहित की उपेक्षा कर व्यक्तिगत स्वार्थ और एकाकीपन प्रभावी हो गया था। तीसरा, सामूहिक अनुशासन का अभाव -जिसके कारण समाज विघटित हो गया और राष्ट्र परतंत्रता की ओर बढ़ा। इन्हीं कारणों के चलते डॉ. हेडगेवार ने यह निश्चय किया कि यदि राष्ट्र को पुनः सशक्त बनाना है तो समाज में आत्मगौरव, निःस्वार्थ भावना और अनुशासित संगठन का संस्कार करना होगा। यही विचार आगे चलकर संघ की स्थापना का आधार बने और राष्ट्रीय जागरण की दिशा में एक नयी शक्ति का संचार हुआ। भारत पर मुस्लिम और ब्रिटिश आक्रमणों ने केवल राजनीतिक पराधीनता ही नहीं दी, बल्कि समाज और राष्ट्र-जीवन पर गहरे दुष्प्रभाव भी छोड़े। इन आक्रमणों के परिणामस्वरूप भारतीय समाज में प्रतिक्रियात्मक देशभक्ति का निर्माण हुआ। यह देशभक्ति भावनात्मक अवश्य थी, परंतु उसमें सकारात्मक, स्वाभाविक और दीर्घकालीन दृष्टि का अभाव दिखाई देता है। शताब्दियों की पराधीनता ने भारतीयों के भीतर आत्महीनता की भावना उत्पन्न की। अपनी भाषा, शिक्षा, जीवन मूल्यों, महापुरुषों और गौरवशाली इतिहास के प्रति स्वाभिमान शून्यता बढ़ी। यहाँ तक कि स्वयं को ्रहिन्दूङ्क कहने में भी लज्जा का अनुभव होने लगा। इसी के साथ राष्ट्रीयता की भ्रामक अवधारणाएँ भी उभरीं। यह भाव कि ्रदेश का भाग्य हिन्दू समाज से जुड़ा हैङ्क समाज में कमजोर पड़ गया। स्वतंत्रता आंदोलनों के समय नेतृत्व में आत्मविश्वास की कमी रही। मुस्लिम समाज को साथ रखने के लिए अनेक नेताओं ने राष्ट्रीयता के मूल सिद्धांतों और मानबिंदुओं को भी त्याग दिया। वन्दे मातरम् जैसे राष्ट्रगान को छोड़ने और खिलाफत आंदोलन का समर्थन करने जैसी घटनाएँ इसी मानसिकता का परिणाम थीं। सबसे बड़ी कमी रही संगठन का अभाव। समाज संगठित नहीं था, जिसके कारण अनेक आंदोलन बीच में ही टूट गए। कुछ व्यक्तियों के बल पर पूरे राष्ट्र की समस्याओं का समाधान संभव न था।

इतिहास हमें यह शिक्षा देता है कि संगठन, आत्मविश्वास और स्वाभिमान ही राष्ट्र की स्थायी स्वतंत्रता और प्रगति के आधार हैं। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है और राष्ट्र की शक्ति ही सभी कार्यों की सफलता की आधारशिला है। उन्होंने समझाया कि शक्ति का सही उपयोग संगठन में ही संभव है। अतः समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए संगठन और अनुशासन अनिवार्य हैं। डॉ. हेडगेवार जी ने देखा कि समाज में आत्मविस्मृति, स्वार्थपरता और अनुशासनहीनता के कारण राष्ट्र पराधीन बना हुआ है। इन सभी दोषों को दूर करने और राष्ट्र में पुनः शक्ति, आत्मगौरव और राष्ट्रीय चेतना जगाने के लिए उपाय सुझाए। उनका विचार था कि केवल जागरूक व्यक्तियों का समूह ही राष्ट्र की प्रत्येक विपत्ति का सामना कर सकता है और स्वतंत्रता आंदोलन की रीढ़ बन सकता है।




इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने स्वाभिमानी, संस्कारित, अनुशासित, चरित्रवान, शक्तिशाली और देशभक्ति से ओत-प्रोत व्यक्तियों के संगठन की आवश्यकता महसूस की। इन्हीं विचारों के आधार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। संघ का स्वरूप विशेष रूप से शाखा रूपी अभिनव पद्धति पर आधारित है, जो व्यक्तियों को प्रशिक्षित कर राष्ट्र और समाज की सेवा हेतु तैयार करती है। डॉ. हेडगेवार जी का संदेश स्पष्ट था ऽ केवल हिन्दू समाज का नहीं, सम्पूर्ण हिन्दू समाज का संगठन आवश्यक है। इसके लिए विशेष गुणयुक्त स्वयंसेवक तैयार किए जाएँ, जो अनुशासन, चरित्र और देशभक्ति में निपुण हों। यही विचार और सिद्धांत संघ की नींव बनकर आज भी समाज और राष्ट्र के उत्थान में मार्गदर्शन कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तीन शब्दों से मिलकर बना है राष्ट्रीय, स्वयंसेवक और संघ। राष्ट्रीय का अर्थ है वह व्यक्ति जिसका अपने देश, उसकी परंपराओं, उसके महापुरुषों और उसकी सुरक्षा एवं समृद्धि के प्रति पूर्ण निष्ठा हो। ऐसा व्यक्ति देश के सुख-दुःख, हार-जीत और शत्रु-मित्र की समान अनुभूति कर सके। राष्ट्रीयता केवल भावनात्मक ही नहीं, बल्कि जीवन के सभी पहलुओं में व्यावहारिक रूप से व्यक्त होनी चाहिए। डॉ. हेडगेवार जी के दृष्टिकोण अनुसार, अपने देश में राष्ट्रीयता के सभी आवश्यक तत्वों की पूर्ति हिन्दू समाज के जीवन में होती है। अतः हिन्दू समाज का जीवन ही राष्ट्रीय जीवन है और व्यवहारिक दृष्टि से राष्ट्रीय, भारतीय और हिन्दू शब्द पर्यायवाची हैं। स्वयंसेवक वह व्यक्ति है जो अपने अंदर की प्रेरणा से राष्ट्र, समाज, देश, धर्म और संस्कृति की सेवा करता है। यह सेवा निःस्वार्थ, अनुशासित और प्रमाणित रूप में होती है। स्वयंसेवक अपने कार्य के लिए किसी पुरस्कार या प्रतिफल की इच्छा नहीं रखता, बल्कि मातृभूमि की सेवा को परिपत्र, निरन्तर और योजनाबद्ध तरीके से करता है। संघ का मूल सिद्धांत यही है कि एक बार स्वयंसेवक हुआ तो वह जीवन पर्यन्त स्वयंसेवक रहता है। संघ केवल व्यक्तियों का समूह नहीं, बल्कि एक ऐसा संगठित, अनुशासित और समर्पित समाज निर्माण का माध्यम है, जो राष्ट्रीय चेतना और सेवा भाव को जीवन में स्थायी रूप से स्थापित करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में स्वयंसेवक केवल नाम का सदस्य नहीं, बल्कि संगठन के उद्देश्यों को जीवन में अपनाने वाला सक्रिय कार्यकर्ता होता है। स्वयंसेवक से न्यूनतम अपेक्षाएँ स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं। उसे प्रतिदिन निर्धारित वेश में, निश्चित समय पर शाखा में उपस्थित होना अनिवार्य है। शाखा में भाग लेने के बाद अन्य बन्धुओं से संवाद और संपर्क बनाए रखना, कुछ नवीन बन्धुओं को संघ से जोड़ना भी उसका दायित्व है। इसके माध्यम से संगठन सशक्त और निरंतर विकसित होता है। स्वयंसेवक का पड़ोसी धर्म भी संघ की सेवा में समाहित है। वह जहाँ रहता है, वहाँ के निवासियों से मधुर संबंध बनाए रखता है और उनके सुख-दुःख में यथासंभव सहयोग के लिए तत्पर रहता है। संघ का शाब्दिक अर्थ संगठन या समुदाय है। यह समान विचार, समान लक्ष्य और आत्मीय भाव से जुड़े व्यक्तियों का समूह है, जो एक ही पथ, रीति और पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करता है। संघ का स्वरूप प्राकृतिक उदाहरणों से तुलना करके समझा जा सकता है जैसे रस्सी के तंतु, मधुमक्खियों का छत्ता या मानव शरीर।

**विनोद कुमार**

# शक्ति और साहस का पर्व है नवरात्रि

**रमेश सर्राफ धमोरा**

नवरात्रि का मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा और आराधना के लिए समर्पित है जिन्हें शक्ति, साहस, और नारी सशक्तीकरण का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि का अर्थ है 'नौ रातें' और इस दौरान भक्त देवी दुर्गा की विशेष पूजा करते हैं, उपवास रख कर भक्ति में लीन रहते हैं। नवरात्रि का त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं, चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतौर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है।

वसन्त की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते हैं। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ति और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नौ दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री। शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की। ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

## सेहत मंत्र

# स्वाद ही नहीं, सेहत से भी भरपूर होता है सफ़ेद चना

जब भी घर में कोई मेहमान आता है तो अक्सर लोग सफ़ेद चने अवश्य बनाते हैं या फिर कभी?कभी जब कभी चटपटी और मजेदार सब्जी खाने का मन करता है तो छोले अर्थात सफ़ेद चने की याद आ ही जाती है। स्वाद से भरपूर यह सफ़ेद चने वास्तव में सेहत का खजाना होते हैं। सफ़ेद चने में पोषक तत्व काफी मात्रा में पाए जाते हैं। इसके सेवन से आपको कार्ब्स, फाइबर, प्रोटीन, फोलेट, आयरन, फास्फोरस, कॉपर व मैग्नीज आदि मिलता है। वहीं इसमें कैलोरी काउंट काफी कम होता है। करीबन 28 ग्राम सफ़ेद चने से मात्र 46 कैलोरी मिलती है। ऐसे में इसे डाइट में आसानी से शामिल किया जा सकता है। ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें भूख बहुत ज्यादा लगती है। भोजन करने के बाद भी उन्हें थोड़ी?थोड़ी देर में क्रेविंग होती है। ऐसे लोगों को सफ़ेद चनों को अपनी डाइट का हिस्सा अवश्य बनाना चाहिए। दरअसल, सफ़ेद चने में मौजूद प्रोटीन व फाइबर भूख पर नियंत्रण करने का काम करते हैं। जब आप प्रोटीन व फाइबर इनटेक करते हैं तो इसे शरीर में पचने में समय लगता है। जिसके कारण आपको लंबे समय तक पेट भरे होने का अहसास होता है और आप अतिरिक्त कैलोरी के सेवन से बच जाते हैं। अगर आप अपने वजन को नियंत्रण में रखना चाहते हैं तो भी आपको सफ़ेद चनों का सेवन करना चाहिए। सबसे पहले तो यह लो?कैलोरी फूड है, तो इसे खाने में किसी भी तरह की हिचक नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद प्रोटीन व फाइबर आपको अतिरिक्त कैलोरी इनटेक नहीं करने देता। यह हेल्दी तरीके से वजन को नियंत्रित करने का एक आसान तरीका है। आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन यह आपके पाचन तंत्र को भी बेहतर तरीके से काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। दरअसल, छोलों में सॉल्यूबल फाइबर पाया जाता है। यह साल्यूबल फाइबर आपके पेट में गुड बैक्टीरिया बनाते हैं और अनहेल्दी बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकते हैं। जिससे आपकी डाइजेस्टिव हेल्थ सुधरती है। छोलों में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो कई तरह की गंभीर बीमारियों जैसे हृदय रोग, कैंसर व मधुमेह से बचाव करते हैं।

## धर्म मंत्र

# सदियों से आस्था का केंद्र है रायपुर स्थित श्री महामाया देवी का मंदिर

हैहयवंशी राजाओं ने छत्तीसगढ़ में छत्तीस किले बनवाए और हर किले की शुरुआत में माँ महामाया के मंदिर बनवाए। माँ के इन छत्तीसगढ़ों में एक गढ़ है रायपुर का महामाया मंदिर, जहां महालक्ष्मी के रूप में दर्शन देती हैं माँ महामाया और सम्लेश्वरी देवी। माँ का दरबार सदियों से लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। तांत्रिक पद्धति से बने इस मंदिर में देश ही नहीं विदेशों से भी भक्त आते हैं। माता का यह मंदिर बेहद चमत्कारिक माना जाता है, यहां सच्चे मन से मांगी गई मन्नत तत्काल पूरी होती है। माँ के मंदिर के गर्भगृह की निर्माण शैली तांत्रिक विधि की है। माँ के मंदिर का गुंबज श्री यंत्र की आकृति का बनाया गया है। मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शुक्ला बताते हैं कि माँ महामाया देवी, माँ महाकाली के स्वरूप में यहां विराजमान हैं। सामने माँ सरस्वती के स्वरूप में माँ सम्लेश्वरी देवी मंदिर विद्यमान है। इस तरह यहां महाकाली, माँ सरस्वती, माँ महालक्ष्मी तीनों माताजी प्रत्यक्ष प्रमाण रूप में यहां विराजमान हैं। इतिहास इस बात से सहमत है कि वर्तमान शहर की घनी आबादी के मध्य स्थित श्री महामाया देवी का यह मंदिर बहुत ही प्राचीन मंदिर है। जनश्रुति के अनुसार इस मंदिर की प्रतिष्ठा हैहयवंशी राजा मोरध्वज के हाथों किया गया था। बाद में भोंसला राजवंशीय सामन्तों व अंग्रेजी सल्तनत द्वारा भी इसकी देखरेख की गई है। किवदन्ती है कि एक बार राजा मोरध्वज अपनी रानी कुमुद्धती देवी (सहशीला देवी) के साथ सदल-बल अपने राज्य के भ्रमण में निकले थे, जब वे वापस लौट रहे थे, तो प्रातः काल का समय था।

## पर्यटन



# खूबसूरत शाम के लिए बेस्ट प्लेस है दिल्ली का हौज खास विलेज

बात दिल्ली की हो तो यहां हैंगआउट के लिए काफी जगहें हैं। पार्टी, फन, डांस, पब, डिस्को, शॉपिंग, फूड आदि। ऐसी बहुत-सी जगहें हैं जहां आपको कॉलेज स्टूडेंट से लेकर हर उम्र के लोग मिल जाएंगे। दिल्ली का दिल कनॉट प्लेस भी इस चीजों के लिए बहुत मशहूर है। अगर आप पार्टी लवर हैं तो दिल्ली का सीपी आपको खूब पसंद आएगा लेकिन अगर दिल्ली में एक खूबसूरत शाम की बात की जाए तो ये शाम बस आपको दिल्ली के हौज खास विलेज में मिलेगी। हौज खास विलेज अपनी नाइट लाइफ के लिए भी मशहूर है। यह एक पूरा मॉडिफाइड गांव है, जहां आप अपने परिवार के साथ सुबह में हिरन पार्क और किले में घूम कर मज़े ले सकते हैं तो रात में दोस्तों के साथ पकवान गली और पब में नाइट आउट कर मज़े ले सकते हैं। इये जानते हैं कि अगर आप यहां आ रहे हैं तो आपके लिए क्या क्या खास है- हौज खास का किला दिल्ली के स्मारकों में से एक है अगर आप हौज खास के किले को विजिट करते हैं तो यहां की खूबसूरती सुबह और शाम को नजर आती है, जब सूरज सुबह उगता और जब शाम को ढलता है तो यहां का नजारा बेहद ही खूबसूरत होता है। यह जगह फोटोग्राफी के लिए भी बहुत अच्छी है। आप यहां सुबह सात बजे से शाम 7 बजे तक आ सकते हैं। हौज खास विलेज का मतलब है मॉडिफाइड गांव, गांव की फिलींग के लिए यहां एक हरा-भरा खूबसूरत पार्क है जिसका नाम है डियर पार्क। डियर पार्क में हिरण के अलावा भी कई सारे जानवर हैं जैसे खरगोश, चीता, बत्तख, मगरमच्छ बंदर आदि। लोग यहां सुबह-शाम घूमने-टहलने भी आते हैं। यहां पर एक झील है वो इस पार्क की सुंदरता को और बढ़ाती है। पार्क के अंदर बहुत सी छोटी-छोटी जगह बनी हैं, जिसमें आप अपने दोस्तों के साथ घंटों बैठकर मस्ती कर सकते हैं। इसकी एंट्री बिलकुल फ्री है। खूबसूरती के अलावा यहां और भी बहुत कुछ है। अगर आप यहां आ रहे हैं तो आप पेंटिंग देख और खरीद सकते हैं।

# जीएसटी रिफॉर्म से आमजन को बड़ा लाभ,अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती...सुरेश राही पत्रकारों के तीखे सवालों से दो चार हुए प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता






बाराबंकी।शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से प्रभावी 'नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म' ने बाजार में नई ऊर्जा का संचार किया है। बुधवार को जिला पंचायत सभागार में प्रभारी मंत्री सुरेश राही प्रेस प्रतिनिधियों से रुबरु हुए। उन्होंने कहा कि घटे हुए जीएसटी दरों से हर वर्ग को लाभ मिल रहा है जिसके चलते बाजार मजबूत होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है।इसके साथ ही 33 जीवन रक्षक दवाओं पर भी जीएसटी 12 प्रतिशत से घटा कर शून्य कर दिया गया है। उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म के फायदे गिनाए। कहा कि रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे दूध,पनीर,ब्रेड इत्यादि पर भी जीएसटी शून्य कर दी गई है। आवश्यक सामग्रियों पर भी दरें कम की गई हैं।उन्होंने कहा कि घटे हुए जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस रिफॉर्म ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में किए गए बदलाव से देश भर में आम लोगों की जेब में करीब 2 लाख करोड़ रुपए आयेंगे जिसका सीधा असर रोजमर्रा की खरीदारी और खर्च पर पड़ेगा।उन्होंने कहा कि इस सुधार से मध्यम वर्ग और गरीब तबके को सबसे अधिक फायदा होगा।उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा। उन्होंने त्योहारों के सीजन में इस बदलाव को बड़ा कदम बताया।

इसी तरह घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों की दरों को घटाकर ज़ीरो से 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। उन्होंने कहा कि बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। इससे व्यापारी और उद्यमी दोनों को लाभ हुआ है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुले हैं। त्योहारों के सीजन में यह बड़ा कदम उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया है।प्रभारी मंत्री ने कहा कि यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है और इस रिफॉर्म से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी। प्रभारी मंत्री ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद देश का कलेक्शन 7 लाख करोड़ से बढ़कर 22 लाख करोड़ तक पहुंचा है, जबकि यूपी में यह 49 हजार करोड़ से बढ़कर 1.15 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,विधायक दिनेश रावत,हरगोविंद सिंह,अमरीश रावत,विजय आनंद बाजपेई,संदीप गुप्ता,शेखर हयारन,नवीन राठौर मौजूद रहे।

### ''प्रभारी मंत्री ने बाजार में व्यापारियों से की चर्चा''

प्रभारी मंत्री ने शहर के धनोखर – घंटाघर मार्ग स्थित बाजार में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए तथा स्टीकर भी चस्पा किए। उन्होंने नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म पर दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद भी किया। व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों हेतु द्वितीय पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार बुधवार को समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के उन्मुखीकरण हेतु ब्लॉक संसाधन केंद्र सिद्धौर केसरगंज में द्वितीय पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार उपाध्याय और जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल के निर्देशन में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर विकासखंड के 50 अभिभावकों ने प्रतिभा किया काउंसलिंग में दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र की उपयोगिता एवं लाभ एस्कॉर्ट ,स्टाइपेंड, मेजरमेंट कैंप, एवं मेडिकल असेसमेंट कैंप ,इन लार्ज प्रिंट बुक , लार्ज प्रिंट बुक, ब्रेल बुक , घ्डकएक्ट व टघ्बद एक्ट के बारे में विस्तृत चर्चा सविता नन्द मिश्रा द्वारा की गई। मास्टर ट्रेनर सवितानन्द मिश्रा व खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार उपाध्याय द्वारा अभिभावकों से विशेष अपील की गई कि अपने दिव्यांग बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय अवश्य भेजें।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय कादीपुर आदर्श कुमार पाण्डेय (उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ) ब्लॉक संगठन मंत्री , उन्होंने अभिभावकों से कहा कि दिव्यांग बच्चों के अंदर विशेष योग्यता होती है। उसको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है और सरकार द्वारा दी जा रही विशेष सुविधाओं का लाभ उठाएं।

स्पेशल एजुकेटर सविता नन्द मिश्रा व अल्पना वर्मा ने बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं और दिव्यांगता संबंधित जानकारी अभिभावकों से साझा की।

## हेलमेट नहीं तो फ्यूल नहीं 32 वाहनों का चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को व्यापक अभियान के तहत कस्बा कुर्सी में नो हेलमेट-नो फ्यूल नियम का कड़ाई से पालन कराया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर भी कार्रवाई की गई और चार पहिया वाहनों पर लगे स्टीकर हटवाए गए।

अभियान की शुरुआत कुर्सी चौराहे से हुई, जहां सड़क किनारे पर अवैध अतिक्रमण भी हटवाया गया। यातायात पुलिस क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर आनी जाने वाले वाहनों की निगरानी के साथ ही एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की। पंप कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि बिना हेलमेट वाले किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल न दिया जाए।

कार्रवाई के दौरान 32 दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। टीएसआई मधुसूदन ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित करने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी है और इसके लिए आम नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

### तालाब में डूबकर किशोर चरवाहा की मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बलदान पुरवा मजरे मड़ना में एक दर्दनाक घटना हो गई जिसमें एक चौदह वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विकास पुत्र भाई लाल उम्र करीब चौदह वर्ष अपने साथी के साथ मवेशी को लेकर खेत में चराने गया था। उसी समय पास के ही तालाब में नहाने लगा जिसके बाद वह तालाब से निकल नही पाया। यह देखकर मौके पर दूसरे साथी ने उसे बचाने का प्रयास किया किंतु वह सफल न हो सका जिसके बाद वह दौड़ते हुए गांव वालों को लेकर आया। गांव वालों ने उस बालक को तालाब से निकाल कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर लेकर आए जहां पर उपस्थित डॉक्टर हासिम ने उसे मृत घोषित कर दिया तथा इसकी सूचना रामनगर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह ने आवश्यक लिखा पढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है तथा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### श्रेष्ठता प्राप्त कर रहा है रामनगर का रामलीला आयोजन

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा रामनगर में मोहल्ला कादिराबाद दो में स्थित रामकली देवी हनुमान मंदिर पर रामलीला का मनमोहक मंचन शुरू है। रामलीला के दूसरे दिन श्रवण कुमार का मनमोहक प्रस्तुति उत्कर्ष मौर्य ने की ।दर्शकों ने करतल ध्वनि से ताली बजाकर पात्रों का उत्साहवर्धन किया।वहीं अमित श्रीवास्तव सुबाहु, छवि पृथ्वी, आकाश ब्रह्मा, ओमकार मामा मारीच का पात्र निभाया । कमेटी के अध्यक्ष नारायण दत्त शुक्ला, कोषाध्यक्ष उमेश यादव, सतीश शुक्ला, संरक्षक रामकुमार मौर्य ,दीपक श्रीवास्तव ,सूरज सिंह सहित अनेक सदस्यों ने सभी पत्रों के कार्यक्रम की सराहना की। यह रामलीला 30 वर्षों से लगातार होता चला आ रहा है। हर वर्ष की भांति इस बार भी इस मंदिर पर आदिशक्ति मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना, करके प्रतिदिन पूजन अर्चन का कार्यक्रम चल रहा है। जब रामनगर का सुप्रसिद्ध रामलीला बंद हो गया था ।उस समय भी इस मोहल्ले के नन्हे मुन्ने कलाकारों ने रामलीला का कार्यक्रम शुरू किया था ।इसके पहले यह रामलीला स्वर्गीय पंचम लाल के आवास के सामने होता था। जिसमें पड़ोसियों का बहुत बड़ा सहयोग था ।आज भी यह रामलीला तथा मां का जागरण ऊंचाइयों को छू रहा है।

### स्वस्थ शरीर सुख मय जीवन का सूत्र– महेश

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत बड़ागांव के सीएससी सभागार में बुधवार को वात्सलय संस्था के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मे प्रतिभागी किशोरियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ागांव के प्रधानाचार्य महेश चंद्र ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही सुखमय जीवन का मुख्य सूत्र है आप लोग समय से खाना खाये क्योकि अक्सर देखा जाता है कि महिलाए परिवार के साथ खाना न खा कर बाद मे खाना खाती है जो दिनचर्या से अलग हो जाता हैं जिससे पुरुषों की अपेक्षा महिलाओ मे हमेशा खून की समस्या बनी रहती है जिससे बचने के लिए खानपान अवश्य ध्यान दे। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण मे 18 ग्राम पंचौतो से आई हुई 36 किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन एवं प्रजनन स्वास्थ्य एवं पारिवारिक जीवन शिक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया इस प्रशिक्षण का उद्देश्य गांव में रहने वाली किशोरियों को उनके स्वास्थ्य शिक्षा एवं अधिकारों से जुड़े हुए मुद्दों के बारे में अच्छी समझ विकसित करने एवं आसपास के सदस्यों को इन मुद्दों के बारे में जानकारी देने एवं सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

यह प्रशिक्षण वात्सल्य संस्था के सक्षम परियोजना के अंतर्गत ट्रेनर नीलिमा गुप्ता के माध्यम से दिया गया जिसमें डॉक्टर कविता के द्वारा परिवार नियोजन संबंधी जानकारी किशोरियों को दी गई।इस मौक़ेपर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद सामुदायिक कार्यकर्ता शोभिका मिश्रा सीमा वर्मा, मानसी आसना ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग लिया जिन्होंने एनीमिया की पहचान एवं पोषण संबंधी जानकारी दी।

### स्वास्थ्य मेला का आयोजन

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर परिसर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विशाल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला में कुल 364 मरीजों ने पंजीकरण कराकर निःशुल्क परामर्श व उपचार प्राप्त किया। विभिन्न विभागों के चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई। मेला के सफल आयोजन के लिए चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

### सपा का मतदाता जोड़ो अभियान

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में स्नातक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जोड़ो अभियान की समीक्षा एवं गति प्रदान करने के लिए जिला पार्टी कार्यालय पर आयोजित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मैं मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि नए स्नातकों का फार्म भरवा करने मतदाता बनाने के लिए पदाधिकारी को दायित्व सोपा गया है।बैठक में जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव, सदस्य, फ्रंन्टल संगठनों के जिला अध्यक्षो के साथ विधानसभा अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी पदाधिकारी ने हिस्सा लिया

### अमरून फैक्ट्री को प्रदूषण बोर्ड की नोटिस

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी स्थित फ़ेयर एक्सपोर्ट इण्डिया प्रा.लि. 'अमरून फूड प्रा.लि.'को जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। प्रदूषण बोर्ड ने नोटिस जारी की है। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने कंपनी के खिलाफ प्रदूषण फैलाने के संबंध में कई दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। बीते 25 अगस्त को उप जिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से फ़ेयर एक्सपोर्ट (इण्डिया) प्रा.लि. का निरीक्षण किया गया था। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने उक्त इकाई से निकलने वाले अपशिष्ट जल के नमूने लिए थे।राज्य बोर्ड की प्रयोगशाला से प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट अपशिष्ट जल में प्रदूषकों की मात्रा मानक स्तर से अधिक होने की पुष्टि हुई है।

## आगामी त्योहारों के मद्देनजर ज़िला सुरक्षा संगठन और पुलिस की संयुक्त बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। आगामी दुर्गा पूजा, दशहरा, ग्यारहवीं शरीफ़ और दीपावली को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में ज़िला सुरक्षा संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने की।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की विशेष तैनाती पर जोर दिया। एसपी ने कहा कि अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस अवसर पर ज़िला सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन का मूल मंत्र ẞसद्भाव, सुरक्षा और समन्वयङ्क है। महासचिव हाजी मोहम्मद इलियास खान ने संगठन की भूमिका को हिंदू-मुस्लिम एकता बनाए रखने में अहम बताया। वहीं संरक्षक कमल नयन पाण्डेय ने कहा कि बैठक में भारी संख्या में मौजूद लोगों से स्पष्ट है कि सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने की तैयारी पूरी है। मुख्य संयोजक सरदार बलदेव सिंह ने बताया कि ज़िला सुरक्षा संगठन पिछले 25 वर्षों से जिले में सभी बड़े त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति, सुरक्षा और सौहार्द का वातावरण सुनिश्चित करना रहा।

### स्वच्छता की पाठशाला का चेयरमैन ने रिबन काटकर किया शुभारंभ

पीलीभीत। शहर के सांई धाम मंदिर नई बस्ती में जन जागरण समूह द्वारा स्वच्छता बाल्टी का वितरण और स्वच्छता की पाठशाला के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने रिबन काटकर इसका शुभारंभ किया और नगरवासियों के साथ स्वच्छता पर चर्चा की है ।जन जागरण समूह द्वारा स्वच्छता बाल्टियों का वितरण किया गया।स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पाठशाला का उद्घाटन किया गया। नगरवासी इस आयोजन में शामिल हुए और स्वच्छता पर चर्चा की है। स्वच्छता के महत्व को समझाना और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना।कार्यक्रम में कई शहर वासी उपस्थित रहे हैं।

### बंजरिया गांव के ग्रामीणों ने प्रधान व सचिव पर लगाया फर्जी निस्तारण का आरोप

पूरनपुर ।तहसील क्षेत्र के गांव बंजरिया के ग्रामीणों ने बुधवार दोपहर 12 बजे तहसील परिसर पहुंचकर उपजिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को सौंपा। ग्रामीणों ने पत्र में आरोप लगाया कि आवारा पशुओं की समस्या को लेकर उन्होंने 1076 पर शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान ने पशुओं को पकड़वाकर गांव के स्कूल में बंद करवा दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि बाद में ग्राम प्रधान और सचिव ने फर्जी निस्तारण कर दिया। पशुओं को गौशाला भेजने की बात कही गई, लेकिन वास्तव में उन्हें दोबारा गांव में छोड़ दिया गया। इससे गांव के लोग फिर से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि आवारा पशु उनकी फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आवारा पशुओं की समस्या से स्थायी समाधान मिल सके।

### मैनेजर व इंजीनियर पर जानलेवा हमले मे दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पूरनपुर ।जनपद पीलीभीत के नकासा गोटिया थाना सुनगढ़ी के रहने वाले निवासी हेमंत कुमार ने आरोप लगाया कि 19 सितंबर को सर्विस सेंटर के मालिक से विवाद के चलते खान खा का रहने वाला सानू पुत्र रहीश खा को सेंटर से हटा दिया गया था उसकी जगह एक अन्य युवक को काम पर रख लिया गया। इसी रंजिश को लेकर मंगलवार को लगभग 1:30 बजे शानू खान अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और उसे धमकाने लगा। हेमंत का आरोप है कि शानू खान ने तंमचे से उस पर फायर कर दिया। हालांकि गोली उसे नहीं लगी और वह किसी तरह वहां से भाग निकला। घटना के दौरान आरोपियों ने उसकी मोटरसाइकिल भी लूट ली पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ युवकों ने तमंचे से फायर कर कंपनी के मैनेजर और इंजीनियर की जान लेने की कोशिश की। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है मामले में खालिद की ओर से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### बिजली घर मे खड़ी बैन से सामान चोरी

पूरनपुर ।नगर के मोहल्ला गणेशगंज के रहने वाले शेखर गुप्ता पुत्र छोटे लाल गुप्ता ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे बताया कि वह बिजली बिल जमा करने का काउंटर बैन गाड़ी मे चलाता है जो रोज बिजली घर छोड़ कर घर चला आता है जिसमें दो पूर्व चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसमें कुर्सी, पंखा, माउस, डाटा केबल, पेज का बंडल आदि चुरा लिया था फिर अगले दिन सुबह चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया जिसमें इन्वर्टर चोरी कर भागने पर गुरुद्वारा के बाबा ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया जिसमें पुलिस उसे जेल भेज दिया

## भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुल्तानपुर के सीताकुंड स्थित महिला परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी पांचों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी के मार्गदर्शन और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह की अध्यक्षता में भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. नीलम तिवारी एवं प्रो. गीता त्रिपाठी ने निभाई। प्राचार्य द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता, जिसका विषय दृ ẞविकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश/2047ङ्क था, प्रथम स्थान बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा शगुन दूबे द्वितीय स्थान बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ऋषिका श्रीवास्तव तथा तृतीय स्थान बी.एसी. एग्रीकल्चर तृतीय सेमेस्टर की छात्रा प्रत्युषा सिंह ने प्राप्त किया। वहीं, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रजिया बानो, द्वितीय स्थान बी.कॉम. पंचम सेमेस्टर की छात्रा चांदनी तथा तृतीय स्थान बी. एसी. एग्रीकल्चर तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अंशिका मौर्या ने प्राप्त किया। दोनों प्रतियोगिताओं में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ. विष्णु शंकर अग्रहरि ने किया। इस आयोजन में कार्यक्रमाधिकारी डॉ. शहनवाज आलम, डॉ. दीपा सिंह, डॉ. देवेन्द्र मिश्र एवं डॉ. भोलानाथ का संयुक्त सहयोग प्राप्त हुआ और कार्यक्रम में करण, दीपराज, शौर्य, फिजा, भूमि, शालिनी, खुशी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक और बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

# एशियाई खेल 2026 और अन्य आयोजनों के लिए खेल मंत्रालय ने जारी किये चयन मानदंड

एजेंसी



नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने एशियाई खेल 2026 और अन्य बहु-खेल आयोजनों में खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी किए हैं। इसका उद्देश्य एक पारदर्शी और न्यायसंगत ढांचा स्थापित करना है, ताकि केवल वही खिलाड़ी बहु-खेल आयोजनों में शामिल किए जाएं, जिनके पास वास्तविक पदक जीतने का अवसर हो।

चयन मानदंड में मापनीय और गैर-मापनीय खेलों के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं, जो एशियाई खेल, पैरा एशियाई खेल, कॉमनवेल्थ खेल, एशियाई इंडोर खेल, एशियाई बीच खेल, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेल, कॉमनवेल्थ यूथ गेम्स आदि में भागीदारी तय करने में मार्गदर्शक होंगे। ओलंपिक और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ के तय योग्यता मानक यहां नहीं लागू होंगे।

मापनीय व्यक्तिगत खेल और प्रतियोगिताएं खिलाड़ी भारतीय दल में तभी शामिल होंगे जब उसने आगामी एशियाई खेलों से 12 महीने पहले किसी अंतरराष्ट्रीय महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में पिछले एशियाई खेलों में 6वें स्थान या उससे बेहतर प्रदर्शन किया हो। यदि पिछली एशियाई खेलों में वह खेल/इवेंट आयोजित नहीं हुआ, तो चयन मानदंड पिछले 12 महीनों में आयोजित वरिष्ठ एशियाई चैम्पियनशिप के समान मानकों के आधार पर तय होगा।

गैर-मापनीय व्यक्तिगत खेल और प्रतियोगिताएं

यदि पिछले 12 महीनों में वरिष्ठ एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित हुई हो या विश्व रैंकिंग नियमित रूप से प्रकाशित होती हो, तो खिलाड़ी को उसके वजन वर्ग या इवेंट में अंतिम वरिष्ठ एशियाई चैम्पियनशिप में 6वें स्थान या उससे ऊपर आने या एशियाई देशों में शीर्ष 6 में रैंकिंग प्राप्त होने पर भारतीय दल में शामिल किया जाएगा। यदि पिछले 12 महीनों में वरिष्ठ एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित नहीं हुई और कोई नियमित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग उपलब्ध नहीं है, तो खिलाड़ी को समकक्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एशियाई देशों में शीर्ष 6 में होना आवश्यक होगा।

टीम खेल और टीम इवेंट्स (जैसे फ़ुटबॉल, हॉकी, रिले, डबल्स, मिक्स्ड डबल्स आदि)टीम को आगामी एशियाई खेलों में भागीदारी के लिए अंतिम वरिष्ठ एशियाई चैम्पियनशिप में शीर्ष 8 स्थान या एशियाई देशों में शीर्ष 8 रैंकिंग हासिल करनी होगी। यदि अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग उपलब्ध नहीं है या पिछले 12 महीनों में वरिष्ठ एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित नहीं हुई, तो टीम को समकक्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एशियाई देशों में शीर्ष 8 स्थान प्राप्त करना आवश्यक होगा।

मंत्रालय के पास उचित कारणों के आधार पर विशेषज्ञों या खेल प्राधिकरण (साई) की राय के अनुसार चयन मानदंड में छूट देने का अधिकार होगा। मंत्रालय राष्ट्रीय खेल संघों द्वारा सिफारिश की गई नामों को उस स्थिति में मंज़ूरी नहीं देगा जब केवल भागीदारी का लक्ष्य हो, न कि उत्कृष्टता हासिल करने का।

# जयपुर लेग के अंतिम मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स से भिड़ेंगे यूपी योद्धाज

एजेंसी



जयपुर । तमिल थलाइवाज़ पर 17 अंकों की दमदार जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी यूपी योद्धाज 25 सितंबर को बेंगलुरु बुल्स से भिड़ते हुए अपने शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाना चाहेगी। यह मुकाबला सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में रात 8:00 बजे से खेला जाएगा और इसके साथ ही प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीज़न 12 का जयपुर लेग समाप्त होगा।

योद्धाज ने पिछले मैच में हर विभाग में लय हासिल कर अपने खराब दौर का सिलसिला तोड़ा था। अब टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अंकतालिका में ऊपर चढ़ना होगा। अटैक की अगुवाई शानदार फॉर्म में चल रहे गगन गौड़ा कर रहे हैं, जिन्होंने इस सीज़न में सात मैचों में अब तक 76 अंक जुटाए हैं। चार सुपर 10 के साथ लगभग 11 रेड अंक प्रति मैच की औसत ने उन्हें यूपी की रेडिंग का केंद्रबिंदु बना दिया है। भवानी राजपूत और गुमान सिंह के अहम योगदान ने गौड़ा का बोझ कम किया है, जबकि अकादमी ग्रेजुएट शिवम चौधरी ने छह मैचों में 21 अंकों (पिछले मैच में पांच) के साथ रेडिंग में नई ऊर्जा जोड़ी है।

डिफेंस में कप्तान सुमित सांगवान लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और 3.57 टैकल अंक प्रति मैच की औसत से लीग के सबसे भरोसेमंद डिफेंडरों में शुमार हैं। उपकप्तान आशीष सिंह के साथ उनकी जोड़ी और महेन्द्र सिंह व हितेश की मौजूदगी ने टीम को पीछे से मजबूती दी है।

मुकाबले से पहले सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा, ᳚पिछली जीत ने दिखाया कि जब हर खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुरूप खेलता है तो टीम कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। बेंगलुरु एक सशक्त टीम है, लेकिन अगर हम वही ऊर्जा बनाए रखें तो एक और मजबूत नतीजा हासिल करने में सफल रहेंगे।

# कोरिया ओपन: प्रणय चोट के कारण रिटायर हुए, आयुष और किरण को मिली हार

सुवोन । भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय चोट के कारण बुधवार को कोरिया ओपन 2025 से बुधवार को रिटायर्ड हर्ट हो गए, जबकि आयुष शेट्टी भी बाहर हो गए, जिससे टूर्नामेंट में भारत की चुनौती यहां मुख्य ड्रॉ के पहले दिन ही समाप्त हो गई। इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वार्डोयो के खिलाफ 33 वर्षीय प्रणय 5-8 से पीछे चल रहे थे। क्रॉस-कोर्ट स्मैश खेलते समय उन्हें चोट लग गई और उनकी दाहिनी पसलियां दब गईं। मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद उन्होंने खेल फिर से शुरू किया, लेकिन असहज महसूस करने पर 8-16 के स्कोर पर उन्हें रिटायर होना पड़ा। यूएस ओपन सुपर 300 में इस सीज़न में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष को चीनी ताइपे के सु ली यांग ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 18-21 से हरा दिया।

महिला एकल में किरण जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर की लोह कीन यू से 14-21, 22-20, 14-21 से हार गईं। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय चौथी वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी पुत्रि वर्दानी से 16-21, 15-21 से हार गईं।मिश्रित युगल में जापान की युइची शिमोगामी और सयाका होबारा ने भारत के मोहित जगलान और लक्षिता जगलान को 7-21, 14-21 से हराया।

# श्रेयस अय्यर ने टेस्ट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से मांगा ब्रेक, फिटनेस पर देंगे ध्यान

एजेंसी



नई दिल्ली, 24 सितंबर (हि.स.)। भारतीय मिडिल-ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने टेस्ट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से कुछ समय का ब्रेक लेने का फैसला किया है। अय्यर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अनुरोध किया है कि उन्हें फिलहाल लाल गेंद क्रिकेट से दूर रहने की अनुमति दी जाए, ताकि वे अपनी फिटनेस पर दोबारा ध्यान केंद्रित कर सकें।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ लखनऊ में खेले गए चार दिवसीय मैच के बाद लिया गया, जिसमें अय्यर कप्तान थे। लेकिन मैच के बाद उन्होंने बीसीसीआई और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर से बातचीत कर विराम की इच्छा जताई।

दरअसल, इस महीने की शुरुआत में खेले गए दलीप ट्रॉफी के दौरान अय्यर को पीठ में असहजता महसूस हुई थी। यही समस्या उन्हें भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के मुकाबले में भी हुई। इसके बाद उन्होंने बीसीसीआई फिजियो और भारत ए के कोच हृषिकेश कानिटकर से चर्चा की और बोर्ड को लिखित में अपनी स्थिति बताई।

अय्यर की पीठ की सर्जरी 2023 में हुई थी। हालांकि, उन्होंने साफ किया है कि वे टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं ले रहे हैं, बल्कि फिटनेस पर काम करके दोबारा मजबूती से वापसी करेंगे। ऐसे में संभावना है कि वे इस सीजन में मुंबई की रणजी टीम से भी बाहर रहेंगे। अय्यर अब तक 17 टेस्ट और 70 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके हैं।

लाल गेंद क्रिकेट से ब्रेक लेने के बावजूद अय्यर सफ़ेद गेंद प्रारूप में सक्रिय रहेंगे। वे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर होने वाली वनडे सीरीज में टीम इंडिया के लिए पक्के दावेदार माने जा रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्हें टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में भी जगह मिल सकती है। भारत का यह दौरा 19 अक्टूबर से 8 नवंबर तक चलेगा, जिसमें तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेले जाएंगे।

## डेविस कप लीजेंड और जोकोविच के 'टेनिस गुरु' निकोल पिलिच, का 86 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली, ।क्रोएशिया के टेनिस लीजेंड और नोवाक जोकोविच के शुरुआती कोच निकोल पिलिच का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। इस बात की जानकारी क्रोएशियन टेनिस संघ ने मंगलवार को दी। पिलिच ने 1988 से 1993 के बीच जर्मनी को तीन डेविस कप खिताब दिलाए थे। इसके अलावा उन्होंने 2005 में क्रोएशिया को उसका पहला डेविस कप जीतने में मार्गदर्शन किया और 2010 में सर्बिया की टीम को भी बतौर सलाहकार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।नोवाक जोकोविच, जो 12 साल की उम्र में पिलिच की जर्मनी स्थित अकादमी से जुड़े थे, उन्हें अपना ''टेनिस डैड'' कहते हैं। 2018 में एक इंस्टाग्राम पोस्ट में जोकोविच ने लिखा था–

᳚निकी मेरे जीवन और टेनिस के सबसे महत्वपूर्ण मेंटर्स में से एक रहे हैं। उनकी अकादमी में बिताया गया समय मेरे खेल और करियर पर गहरा असर डालता है।

# एशिया कप 2025: पाकिस्तान ने 'करो या मरो' मैच में श्रीलंका को 5 विकेट से हराया, फाइनल की उम्मीदें बरकरार

एजेंसी

दुबई, 23 सितम्बर (हि.स.)। एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। लो-स्कोरिंग मुकाबले में श्रीलंका ने पहले खेलते हुए 133 रन बनाए थे, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने 12 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

श्रीलंका की ओर से मिले 134 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम को शानदार शुरुआत साहिबजादा फरहान और फखर जमान ने दी और दोनों ने 45 रन जोड़े। हालांकि, महीश तीक्षणा ने लगातार दो गेंदों पर दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर श्रीलंका की वापसी कराई। इसके बाद सैम अयूब और सलमान आगा भी जल्दी आउट हो गए।

एक समय पाकिस्तान ने 12 रन के भीतर 4 विकेट गंवा दिए थे। इस मुश्किल स्थिति में मोहम्मद हारिस ने 13 रनों की अहम पारी खेली। इसके बाद हुसैन तलत और मोहम्मद नवाज ने मोर्चा संभालते हुए 58 रनों की नाबाद साझेदारी कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। दोनों बल्लेबाज 32-32 रन बनाकर नाबाद रहे।

श्रीलंका की तरफ से वनिंदु हसरंगा और महीश तीक्ष्णा को दो-दो सफलता मिली, जबकि दुष्मंथ चमीरा ने एक विकेट चटकाए।

इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की शुरुआत बहुत खराब रही और पारी की दूसरी ही गेंद पर कुसल मेंडिस बिना खाता खोले आउट हो गए।

फिर पथुम निशंका भी 8 रन बनाकर चलते बने। कमोबेस पूरी टीम का यही हाल रहा।

श्रीलंका की ओर से कामिंदु मेंडिस ने 50 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान चरिथ असलंका ने 20 रन, चमिका करुणारत्ने ने 17, कुसल परेला और वनिंदु हसरंगा ने 15-15 रन का योगदान दिया।

पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह आफरिदी ने सबसे अधिक 3 विकेट चटकाए। जबकि हरीश राऊफ और हुसैन तलत को दो-दो सफलता मिली। वहीं, अबरार अहमद के खाते में एक विकेट गया।

इस जीत से पाकिस्तान की फाइनल में जगह बनाने की संभावना बरकरार है। दूसरी ओर, श्रीलंका को सुपर-4 चरण में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसके फाइनल में पहुंचने की राह लगभग बंद हो गई है।

अब क्रिकेट प्रशंसकों को भारत और पाकिस्तान की संभावित तीसरी भिड़ंत का इंतजार है, जो तभी संभव होगी जब भारत फाइनल में जगह बनाए और पाकिस्तान बांग्लादेश को हराए।

# डॉलर की तुलना में 7 पैसे की मजबूती के साथ बंद हुआ रुपया

एजेंसी

नई दिल्ली। लगातार दो दिनों तक गिरावट का सामना करने के बाद रुपया आज डॉलर की तुलना में मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। हालांकि आज भी मुद्रा बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपये पर दबाव बना रहा लेकिन अंत में डॉलर समेत दूसरी प्रमुख अंतराष्ट्रीय मुद्राओं की आवक बढ़ने के कारण रुपये ने निचले स्तर से रिकवरी करके आज के कारोबार का अंत किया। भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 7 पैसे उछल कर 88.69 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय मुद्रा 88.76 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी मामूली तेजी के साथ की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की मामूली बढ़त के साथ 88.74 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद रुपये पर दबाव बनने लगा, जिसके कारण भारतीय मुद्रा फिसल कर 88.78 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंच गई। इसके बाद दिन के दूसरे सत्र में डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपया निचले स्तर से 11 पैसे की रिकवरी करके 9 पैसे की मजबूती के साथ 88.67 के स्तर तक आ गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 7 पैसे की मजबूती के साथ 88.69 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। मुद्रा बाजार के आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर के साथ ही ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी मजबूत प्रदर्शन किया। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 31.54 पैसे की बढ़त के साथ 119.53 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच कर बंद हुआ। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 36.79 पैसे की मजबूती के साथ 104.37 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच कर बंद हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### बार्सिलोना मिडफील्डर गावी घुटने की सर्जरी के बाद 4–5 महीने तक रहेंगे बाहर

बार्सिलोना। स्पेन के अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर गावी घुटने की सर्जरी के बाद करीब फरवरी या मार्च तक मैदान से दूर रह सकते हैं। एफसी बार्सिलोना की वेबसाइट ने मंगलवार शाम जानकारी दी कि गावी के दाहिने घुटने की आर्थ्रोस्कोपी की गई है, जिसमें उनके मेडियल मेनिस्कस की सर्जरी कर उसे संरक्षित किया गया। क्लब ने बताया कि उनकी रिकवरी में लगभग 4 से 5 महीने लग सकते हैं।

गावी को यह चोट पिछले अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले ट्रेनिंग के दौरान लगी थी। शुरुआत में उन्हें ''कंज़र्वेटिव'' इलाज दिया गया, लेकिन जब उम्मीद के मुताबिक सुधार नहीं हुआ तो ऑपरेशन का फैसला लिया गया।

गौरतलब है कि इसी घुटने में गावी को नवंबर 2023 में स्पेन के लिए खेलते हुए लिगामेंट की गंभीर चोट लगी थी, जिसकी वजह से वे लगभग एक साल तक मैदान से बाहर रहे। इस बीच, बार्सिलोना के एक और खिलाड़ी फर्मिन लोपेज तीन हफ्तों तक ग्रोइन इंजरी के कारण टीम से बाहर रहेंगे, जबकि लमिन यामल भी पिछले हफ्ते पेल्विक समस्या के चलते खेल से दूर रहे।

### शंघाई मास्टर्स में हिस्सा लेंगे नोवाक जोकोविच

पेरिस, । पूर्व विश्व नंबर–1 नोवाक जोकोविच अगले महीने शंघाई मास्टर्स में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट आयोजकों ने मंगलवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की।

आयोजकों ने सोशल मीडिया पर लिखा ऽ ᳚वो लौट आए हैं... हमारे चार बार के चैंपियन इस साल शंघाई में वापसी करेंगे।24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने सितंबर की शुरुआत में यूएस ओपन के सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज़ से हार के बाद अब तक कोई आधिकारिक मैच नहीं खेला है।

38 वर्षीय जोकोविच ने इस हार के बाद अपने शेष सीज़न को लेकर कोई स्पष्ट कार्यक्रम नहीं बताया था। इस साल उन्होंने पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम टूर्नामेंट खेले हैं। फिलहाल उन्होंने केवल 2 से 8 नवंबर तक होने वाले एथेंस 250 इवेंट में खेलने की पुष्टि की है, जो इस साल के कैलेंडर में बेलग्रेड टूर्नामेंट की जगह आयोजित होगा। उनकी पेरिस मास्टर्स (27 अक्टूबरऽ2 नवंबर) और ट्यूरिन में होने वाले एटीपी फाइनल्स (9ऽ16 नवंबर) में भागीदारी की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

जोकोविच ने शंघाई मास्टर्स 2012, 2013, 2015 और 2018 में जीता था।

### ज़ारा आनंद हीरो डब्ल्यूपीजीटी के 13वें चरण में एक शॉट से आगे, लावन्या दूसरे स्थान पर

गुरुग्राम। हीरो विमेंस प्रोफ़ेशनल गोल्फ टूर के 13वें चरण में 36 होल के बाद गोल्फर ज़ारा आनंद ने दिन का सर्वश्रेष्ठ 2–अंडर 70 का स्कोर खेलते हुए बढ़त बना ली। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले जा रहे 23 लाख रुपये इनामी टूर्नामेंट में ज़ारा का दो राउंड के बाद कुल स्कोर ईवन पार 144 है। पहले दिन 74 का स्कोर खेलने वाली ज़ारा ने दूसरे दिन पांच बर्डी और तीन बोगी दर्ज कीं।

ज़ारा ने पहले राउंड की लीडर लावन्या जादोन (73–72) को पीछे छोड़ते हुए एक शॉट की बढ़त हासिल की। लावन्या ने तीन बर्डी लगाईं, जिनमें से दो शुरुआती तीन होल पर रहीं, लेकिन बैक नाइन पर तीनों बोगी से उन्हें नुकसान हुआ।

इस साल जापान में क्वीन सिरिकित कप में सातवें स्थान पर रही ज़ारा ने एमेच्योर खिलाड़ियों की अगुवाई की, जिसमें चार खिलाड़ी टॉप–10 में जगह बनाने में सफल रहीं। अनुभवी अमनदीप द्राल, जो हीरो विमेंस इंडियन ओपन में उपविजेता रह चुकी हैं, ने 74 के बाद दूसरे दिन 73 का स्कोर किया और 3–ओवर 147 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। आस्था मदान (75–74) चौथे स्थान पर रहीं।

युवा एमेच्योर खिलाड़ी अनन्या सूद (76–74) और कृति चौहान (76–74) 6–ओवर 150 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं। सीजन में चार खिताब जीत चुकीं वाणी कपूर लय पाने के लिए संघर्ष करती दिखीं। उन्होंने 75 के बाद 76 का स्कोर किया और जहान्वी वालिया (76–75) के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहीं। गौरिका बिश्नोई (77–75) संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं, उनके साथ शौकिया खिलाड़ी मन्नत बराड़ (76–76) और लावन्या गुप्ता (75–77) भी इसी स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट का कट 164 पर रहा और कुल 31 खिलाड़ी अंतिम राउंड में प्रवेश करने में सफल रहे।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी




नई दिल्ली, 24 सितंबर (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी लगातार बढ़ती चली गई। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इन दोनों सूचकांकों की स्थिति में सुधार होने लगा। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.35 प्रतिशत और निफ्टी 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट लिमिटेड, एशियन पेंट्स और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर 1.17 प्रतिशत से लेकर 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और भारती एयरटेल के शेयर 1.62 प्रतिशत से लेकर 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभीतक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,141 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,040 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,101 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 184.45 अंक की कमजोरी के साथ 81,917.65 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण पहले आधे घंटे में ही ये सूचकांक गिर कर 81,701.52 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 286.30 अंक की गिरावट के साथ 81,815.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 60.75 अंक टूट कर 25,108.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण पहले आधे घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक फिसल कर 25,049.45 अंक तक गिर गया। इसके बाद बाजार में लिवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 74.55 अंक की कमजोरी के साथ 24,094.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 57.87 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,102.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,169.50 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

# राहुल गांधी भड़काऊ बयान दे रहे : पात्रा

एजेंसी

नई दिल्ली। राहुल गांधी के जाति जनगणना और उत्तर प्रदेश में आंदोलन को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी भड़काऊ बयान दे रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नेपो किड्स कितनी भी कोशिश कर लें, जनता उन्हें पसंद नहीं करेगी। इसके साथ ही पात्रा ने लेह में हुए हिंसा को लेकर भी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की तरफ से अति पिछड़ा न्याय संकल्प दस्तावेज और उत्तर प्रदेश में जाति आधारित आंदोलनों पर रोक को लेकर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार पलवार किया है। भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी को उकसाने वाले बयान देने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की तरफ ध्यान खींचने की कोशिश कर रहे हैं। वो कहते हैं कि जाति आधारित आंदोलन नहीं होने दिए जाते, लेकिन उनके पिता (राजीव गांधी) जातिविहीन समाज चाहते थे और अब ये जाति आधारित जनगणना की मांग कर रहे हैं। संबित पात्रा ने आगे कहा कि अगर गरीबों को संविधान के अनुसार उनके अधिकार मिल रहे हैं तो



आंदोलन की जरूरत क्या है? राहुल गांधी कभी हाइड्रोजन की बात करते हैं, कभी यूरेनियम बम की। उन्हें ऐसे भड़काऊ बयान नहीं देने चाहिए। इसके साथ ही इस दौरान पात्रा ने तंज कसते हुए कहा कि नेपो किड्स कितनी भी कोशिश कर लें, कोई पीढ़ी उन्हें पसंद नहीं करेगी। बता दें कि इससे पहले अपने बिहार दौरे पर राहुल गांधी ने आरक्षण को लेकर कई सारी बातें कही थी। उन्होंने था कहा कि देश में आज भी दलित, आदिवासी, पिछड़े, अति पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी नहीं मिलती। उन्होंने जाति आधारित जनगणना की मांग दोहराते हुए कहा कि इससे देश को सच्चाई का पता चलेगा कि इन वर्गों की जनसंख्या कितनी है। इसके साथ ही राहुल गांधी ने अपने संबोधन के दौरान उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि वहां जाति आधारित आंदोलनों की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ वो सोच है जो जाति आधारित आंदोलनों को दबाती है, दूसरी ओर हमारी सोच है जो अति पिछड़ों को एक दृष्टि देना चाहती है। दूसरी ओर भाजपा नेता संबित पात्रा ने लेह में बुधवार को हुए प्रदर्शनों को लेकर भी कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन प्रदर्शनों को जेन-जी युवाओं द्वारा बताया गया, लेकिन जांच में सामने आया कि इसके पीछे कांग्रेस का हाथ है। संबित पात्रा ने कहा कि लेह के अपर वार्ड से कांग्रेस पार्षद स्टैंजिंग त्सेपांग इन प्रदर्शनों के मुख्य भड़काऊ व्यक्ति हैं। पात्रा ने आरोप लगाया कि त्सेपांग और उनके साथियों की कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे भाजपा कार्यालय की तरफ भीड़ के साथ हथियार लेकर जाते हुए देखे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि त्सेपांग भीड़ को भड़काते हैं, हिंसा के लिए उकसाते हैं और भाजपा कार्यालय को निशाना बनाते हैं। भाजपा द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में सामने आया है कि त्सेपांग राहुल गांधी के साथ भी नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही संबित पात्रा ने कांग्रेस पर देश को तोड़ने की साजिश रचने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि राहुल गांधी की जॉर्ज सोरोस के साथ मिलीभगत है। जब जनता से समर्थन नहीं मिलता, तो ये लोग देश को अस्थिर करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी देश में वही हालात पैदा करना चाहते हैं जैसे बांग्लादेश, नेपाल या फिलीपींस में देखे गए हैं। यह कैसी नेतृत्व शैली है? पात्रा ने कहा कि भारतवर्ष हजारों साल पुरानी सभ्यता है। यहां की जनता समझदार है, वह अच्छे और बुरे में फर्क कर सकती है। जनता जानती है कि प्रधानमंत्री उनके लिए क्या कर रहे हैं। देश 7.8% की दर से बढ़ रहा है। अंत में पात्रा ने कहा कि अगर कोई देश को तोड़ने की कोशिश करेगा, तो देश उसका जवाब देना जानता है।

# घातक तूफान रागासा की चपेट में ताइवान में 17 लोग मरे, चीन में 20 लाख लोग विस्थापित

एजेंसी

नयी दिल्ली/हांगकांग। शक्तिशाली तूफान, रागासा से ताइवान में 17 लोगों की मौत हो गयी है और 18 अन्य घायल हो हुये हैं। ताइवान में कहर बरपाने के बाद रागासा तूफान दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले तटों में से एक की ओर बढ़ रहा है जिसे देखते हुये अब तक दक्षिणी चीन में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रागासा के कारण लगभग 100 लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इस वर्ष के सबसे शक्तिशाली तूफान रागासा ने बुधवार को वित्तीय केंद्र हांगकांग और दक्षिणी चीन के बड़े हिस्सों को ठप कर दिया। यह तूफान फिलीपींस के सुदूर द्वीपों और ताइवान के पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरा, जहां इसने भूस्खलन, बाढ़ और ऊंची लहरों के साथ भारी तबाही मचाई। अब यह चीन के ग्वांगडोंग प्रांत की ओर बढ़ रहा है, जहां शेनझेन और ग्वांगझोउ जैसे विशाल शहर स्थित हैं। ताइवान में इसकी चपेट में आकर कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है और बुधवार दोपहर तक 18 अन्य लोग लापता हैं। यह तबाही एक प्राकृतिक झील के टूटने के बाद आयी जो भूस्खलन के मलबे से बनी थी और इसमें काफी मात्रा में पानी जमा था। इसके टूटने से लगभग सत्तर लाख टन पानी निचले क्षेत्रों में प्रवाहित हो गया जिसने पास के ग्वांगफू टाउनशिप में बाढ़ ला दी। हुलिएन काउंटी के इस पहाड़ी क्षेत्र में वीडियो में दिख रहा है जिसमें पानी की तेज धारा सड़कों पर बह रही है। इसकी वजह से कारें बह गईं और निवासियों को ऊपरी मंजिलों पर शरण लेनी पड़ी।

गौरतलब है कि जुलाई में एक भूस्खलन के मलबे से यह प्राकृतिक झील बनी थी। अधिकारियों ने दिन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झील को हटाना, पानी निकालना या अन्य तरीकों से हटाना संभव नहीं था, इसलिए उन्होंने स्थिति की निगरानी करने का फैसला किया।

फिलीपींस, ताइवान और दक्षिणी चीन में हर साल कई तूफान आते हैं, लेकिन मानव-जनित जलवायु संकट ने इन तूफानों को और अधिक अप्रत्याशित और भीषण बना दिया है। हांगकांग में बुधवार तड़के तूफान के कारण तेज हवाएं चलीं, जिसने पेड़ उखाड़ दिए ।हवाओं की गति 168 किमी प्रति घंटा (104.39 मील प्रति घंटा) तक पहुंच गई। सीएनएन के एक संवाददाता ने हांगकांग के प्रतिष्ठित बंदरगाह के पास समुद्र की लहरों को तट पर टकराते देखा।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में दिखा कि तूफानी लहरों ने फुलरटन ओशन पार्क होटल, एक लग्जरी समुद्र तटीय रिसॉर्ट के कांच के दरवाजे तोड़ दिए, और विशाल लहरें लॉबी में घुस गईं, जिससे लोग बह गए। होटल ने सीएनएन को दिए बयान में कहा कि कोई घायल नहीं हुआ और सरकार ने तुरंत संसाधन जुटाए।

हांगकांग में तूफान के कारण 82 लोग घायल हुए, और 869 लोग अस्थायी आश्रयों में शरण लिये हुए हैं। दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले शहर मकाओ में सड़कों पर कमर तक भर गया।

## बिहार में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक पूरी तरह राजनीति से प्रेरित : रविशंकर प्रसाद

**नयी दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को पटना में कांग्रेस कार्य समिति की 85 साल बाद हो रही बैठक पर प्रतिक्रिया करते हुये कहा कि बैठक पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। श्री रविशंकर ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि पटना में कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक हो रही है जो कई तरह के सवाल पैदा कर रही है। इससे पहले जब राज्य में लालू यादव का जंगलराज था तब क्यों बैठक नहीं की, अब कांग्रेस को अचानक बिहार की 85 साल बाद क्यों याद आ गयी। श्री रविशंकर ने कहा कि देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रपति नहीं बनने देना चाहते थे। इतना ही नहीं राष्ट्रपति का कार्यकाल पूरा होने के बाद नेहरू सरकार ने उनका ख्याल नहीं रखा। बिहार कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम में श्री प्रसाद दयनीय हालत में रहे जिसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बिहार के लोकनायक जयप्रकाश नारायण को गिरफ्तार किया, उनकी किडनी खराब हो गई। इतना ही नहीं जगजीवन राम को देश का प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया गया। श्री रविशंकर ने आरोप लगाते हुए कहा कि चारा घोटाला मामले में, कांग्रेस पार्टी ने कभी श्री लालू प्रसाद यादव की गतिविधियों का विरोध नहीं किया। यह घोटाला 2000 करोड़ रुपये का था और इस मामले में श्री यादव को दोषी ठहराया गया है। इसके अलावा श्री यादव पर रेलवे घोटाला और जमीन-नौकरी घोटाला मामले में भी आरोप हैं। तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी भी इन मामलों में आरोपी हैं। उन्होंने कहा '' मेरा दृढ़ रूप से कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लालू का समर्थन किया है, जिनकी बिहार में सरकार का मतलब था डर, लूट, अपहरण और भ्रष्टाचार।

## अपने अधिकारों के लिए विकासशील देशों के समक्ष बड़ी चुनौतियां: जयशंकर

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस स्थिति में विकासशील देशों को विशेष रूप से अपने अधिकारों और अपेक्षाओं को पूरा करने में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। डा जयशंकर ने बहुपक्षवाद की अवधारणा को खतरे में बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठन अप्रभावी हो रहे हैं या संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं और समकालीन व्यवस्था की आधारशिलाएँ बिखरने लगी हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं में अत्यंत आवश्यक सुधारों में देरी का परिणाम सबके सामने है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र में हिस्सा लेने न्यूयार्क गये डा सिंह ने मंगलवार को समान विचारधारा वाले ग्लोबल साउथ देशों की उच्च स्तरीय बैठक में भारत का दृष्टिकोण रखा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि डा सिंह ने मौजूदा वैश्विक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के लिए बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी , यूक्रेन और गाजा में दो बड़े संघर्ष, चरम जलवायु घटनाएँ, व्यापार में अस्थिरता, निवेश प्रवाह , ब्याज दरों में अनिश्चितता, और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के एजेंडे की धीमी गति बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में विकासशील देशों के अधिकार और अपेक्षाएँ – जिसे कई दशकों में इतनी लगन से विकसित किया गया है – आज चुनौती का सामना कर रही हैं। डा सिंह ने कहा कि इस स्थिति में यह स्वाभाविक है कि ग्लोबल साउथ चुनौतियों के समाधान के लिए बहुपक्षवाद की ओर रुख करेगा लेकिन दुर्भाग्य से वहाँ भी हमारे सामने एक बेहद निराशाजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि बहुपक्षवाद की अवधारणा ही खतरे में है। अंतर्राष्ट्रीय संगठन अप्रभावी हो रहे हैं या संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। समकालीन व्यवस्था की आधारशिलाएँ बिखरने लगी हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए समान विचारधारा वाले वैश्विक दक्षिण देशों के रूप में हमें विश्व मामलों पर एकजुट होकर और सिद्धांतों के आधार पर कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। इन मुद्दों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इनमें निष्पक्ष और पारदर्शी आर्थिक व्यवस्था जो उत्पादन का लोकतंत्रीकरण करें और आर्थिक सुरक्षा को बढाये, संतुलित और सतत आर्थिक गतिविधियों के लिए एक स्थिर वातावरण, जिसमें दक्षिण-दक्षिण व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग में बढोतरी, लचीली, विश्वसनीय और छोटी आपूर्ति श्रृंखलाएँ जो किसी एक आपूर्तिकर्ता या किसी एक बाज़ार पर निर्भरता को कम करे, खाद्य, उर्वरक और विकास के लिए प्रौद्योगिकी का सहयोगात्मक लाभ उठाना, विशेष रूप से एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का निर्माण, और विभिन्न क्षेत्रों में एक निष्पक्ष और समान अवसर जो वैश्विक दक्षिण की विकासात्मक चिंताओं के साथ न्याय करता हो शामिल है।

# स्वदेशी वस्तुएं खरीदें तो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता: अमित शाह

एजेंसी

गांधीनगर। केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे घर पर एक भी विदेशी वस्तु खरीद कर न ले जाएं। उन्होंने कहा कि अगर देशवासी सिर्फ स्वदेशी वस्तुएं खरीदनी शुरू कर दें तो भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता। शाह ने खुशी जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी में खाद्य वस्तुओं पर कर हटा दिया है और किसानों की सभी वस्तुओं पर कर आधा कर दिया है। वह मंगलवार रात गुजरात के गांधी नगर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले शाह ने गांधीनगर जिले के कलोल स्थित भारतमाता टाउनहॉल में 144 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने मौजूद जनसमूह से कहा, ''एक सांसद के रूप में कलोल को उतना समय नहीं दे पाता। लेकिन मैं यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि मेरे 10 साल पूरे होते ही आप सबको हिसाब-किताब करने का पूरा हक है। इन 10 वर्षों में यदि देशभर के सभी संसदीय क्षेत्रों में सबसे अधिक विकास कार्य कहीं हुए होंगे, तो हमारे गांधीनगर में हुए होंगे। इसकी जिम्मेदारी मेरी और मेरे साथियों की है।'' दीपावली हर्षोल्लास से मनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने फिर एक बार स्वदेशी अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोगी बनने की अपील की। कार्यक्रम में गांधी नगर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिलभाई पटेल, गांधीनगर दक्षिण के विधायक अल्पेशभाई ठाकोर, अमूल के चेयरमैन अशोकभाई चौधरी, गांधीनगर कलेक्टर मेहुल के. दवे आदि मौजूद रहे।

कलोल नगरपालिका की बदलेगी सूरतशाह ने कलोल नगरपालिका क्षेत्र के लिए लगभग 53 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच योजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें 35 करोड़ रुपये की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 11 करोड़ रुपये की लागत से ज्योतेश्वर तालाब का निर्माण, और एक रैन बसेरा शामिल है। इसके अलावा, सफाई उपकरण और विभिन्न बोरवेल के काम पूरे हो चुके हैं और आज उनका लोकार्पण हुआ है। साथ ही, स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री विकास योजना और एयूडीए अनुदान के अंतर्गत 91 करोड़ रुपये की लागत से कई अन्य कार्य शुरू किए गए।

अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2029 तक कलोल को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के समन्वय के साथ एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने की योजना तैयार की गई है। कलोल में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 350 बिस्तरों वाला एक विशाल अस्पताल बनाने की शुरुआत हो चुकी है।

# वायु प्रदूषण की समस्या का स्थायी समाधान जैव ईंधन : गडकरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली सहित देश के कई शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं, जिनमें वाहन सबसे बड़ा कारण हैं। दिल्ली के वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत योगदान वाहनों का है और इस समस्या का स्थायी समाधान केवल वैकल्पिक ईंधन यानी जैव ईंधन ही है।

गडकरी ने बुधवार को भारत जैव ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी एक्सपो के उद्घाटन समारोह में कहा कि जैव ईंधन नीति का आधार कच्चे तेल का प्रतिस्थापन, प्रदूषण मुक्त वातावरण और घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वदेशी ऊर्जा का उपयोग तीन मिशनों पर टिका है। किसी भी समाज की मजबूती के लिए अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और पर्यावरण तीन स्तंभ होते हैं। आज पूरी दुनिया पारिस्थितिकी और पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि को ऊर्जा और बिजली उत्पादन की ओर मोड़ना समय की मांग है, क्योंकि जीवाश्म ईंधन की तुलना में जैव ईंधन काफी सस्ता विकल्प है। भारत को इथेनॉल का अधिशेष उत्पादन निर्यात करने पर विचार करना चाहिए। हम पेट्रोलियम और वित्त मंत्रियों से इस पर चर्चा करेंगे। इथेनॉल का उत्पादन 70 प्रतिशत खाद्यान्न से हो रहा है, जो भी अधिशेष है। भारत को जैव ईंधन उत्पादन में अग्रणी बनना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर ई-20 और इथेनॉल कार्यक्रम के खिलाफ चल रहे अभियानों को निहित स्वार्थों का सशुल्क प्रयास बताया और कहा कि लोग सच्चाई समझते हैं। हम दिल्ली में लोगों की जीवन प्रत्याशा 10 साल बढ़ाएंगे और इसके लिए जैव ईंधन बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने उद्योग जगत से वैकल्पिक ईंधन उत्पादन के प्रयासों को जारी रखने की अपील की और भरोसा जताया कि उद्योग की मदद से भारत ऊर्जा के आयातक से निर्यातक बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करेगा।

## सीआईडी को सबूत कब दे रहे हैं आप : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि उनके द्वारा मामला उठाए जाने के बाद ही निर्वाचन आयोग ने ''वोट चोरी'' पर रोक लगाई है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से पूछा कि वह आलंद में मतदाताओं के नाम 'हटाने' के बारे में कर्नाटक सीआईडी ??को सबूत कब उपलब्ध कराएंगे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता मीडिया में आयी उन खबरों का जिक्र कर रहे थे कि निर्वाचन आयोग ने एक नया 'ई-हस्ताक्षर' फीचर शुरू किया है, जिसके तहत मतदाता का नाम जोड़ने या हटाने के लिए आधार आधारित सत्यापन की आवश्यकता होगी। राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में पूछा, ''ज्ञानेश जी, हमने चोरी पकड़ी तब आपको ताला लगाना याद आया- अब चोरों को भी पकड़ेंगे। उन्होंने कहा, ''तो बताइए, सीआईडी को सबूत कब दे रहे हैं आप? राहुल गांधी ने पहले दावा किया था कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में कई वोट हटाने की कोशिश की गई थी।

# वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने लड़ाकू विमान मिग-21 में भरी उड़ान

एजेंसी

नई दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने 62 साल देश की सेवा करके रिटायर होने जा रहे लड़ाकू विमान मिग-21 में बुधवार को 'बादल' फॉर्मेशन में उड़ान भरी। विदाई से पहले फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन पर फ्लाईपास्ट में शामिल होकर मिग-21 ने आसमान में अपना जलवा बिखेरा। इस रिहर्सल में मिग-21, जगुआर और सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम ने शानदार फ्लाई पास्ट किया।

लड़ाकू विमान मिग-21 की विदाई के साथ भारतीय वायुसेना के लिए एक दौर का अंत हो रहा है। चंडीगढ़ एयर फोर्स स्टेशन पर 26 सितंबर को एक समारोह में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को विमानों की



लॉगबुक (फॉर्म-700) सौंपकर मिग फ्लीट के युग का समापन करेंगे। बुधवार को हुई फुल ड्रेस रिहर्सल 26 सितंबर को होने वाले विदाई समारोह की तैयारी थी। इस रिहर्सल में मिग-21, जगुआर और सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम ने आसमान में शानदार फ्लाई पास्ट किया। चंडीगढ़ एयर फोर्स स्टेशन पर रिहर्सल में पूर्व सैनिक, उनके परिवार और आमंत्रित मेहमान जुटे।

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने 'बादल' और 'पैंथर' फॉर्मेशन फॉर्मेशन में उड़ान भरकर मिग-21 की ताकत दिखाई। एयर चीफ की मिग-21 में इस उड़ान ने संदेश दिया कि यह विमान अब भी लड़ाई के लिए तैयार है। रिहर्सल के दौरान मिग-21 और जगुआर के बीच 'डॉग फाइट' (हवाई लड़ाई) का भी प्रदर्शन किया गया। इस हवाई प्रदर्शन में जगुआर को घुसपैठिए के रूप में दिखाया गया, जबकि मिग-21 ने रक्षा की। इस प्रदर्शन ने साल 2019 के बालाकोट हमले के बाद विंग कमांडर अभिनंदन वर्थमान की बहादुरी की याद दिलाई, जब उन्होंने इसी विमान को उड़ाकर पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराया था। इसी दौरान उनके मिग-21 को भी गोली मार दी गई, जिसकी वजह से उन्हें पाकिस्तानी सेना ने उन्हें बंदी बना लिया था, लेकिन कूटनीतिक दबावों के बाद उन्हें चंद दिनों बाद रिहा करना पड़ा। मुख्य समारोह में 26 सितंबर को मिग-21 को विदाई के समय पानी की तोपों से सलामी दी जाएगी, जो मिग फ्लीट का अंतिम समापन होगा। उसी दिन मिग-21 को सम्मान देने के लिए विशेष 'डे कवर' भी जारी किया जाएगा। मिग-21 के सेवानिवृत्त होने के बाद वायु सेना के पास लड़ाकू विमानों की 29 स्क्वाड्रन बचेंगी, जबकि जरूरत 42 की है। इसलिए नए एलसीए तेजस एमके-1 और एमके-2 को शामिल करके इनकी भरपाई की जाएगी। ये स्वदेशी विमान मिग-21 की जगह लेकर वायु सेना को मजबूत बनाएंगे। मिग-21 की विदाई के साथ ही रूसी विमानों के युग का अंत जरूर है, लेकिन इसकी विरासत हमेशा जिंदा रहेगी।

# पेज एक का शेष

### जीवन रक्षक 33...

ग्राहकों से संवाद भी किया। व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री के प्रति आभार जताया। सीएम योगी ने कहा कि यह रिफॉर्म भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक थे और देश को महंगाई से राहत देने की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगे।

### निवेश, नवाचार...

साझा मंच उपलब्ध होगा। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग, तकनीकी साझेदारी और संयुक्त उपक्रमों को प्रोत्साहित करने का यह अवसर उत्तर प्रदेश के उद्योगों और कारोबारियों के लिए नई संभावनाएं खोलेगा। एआई मॉडल और तकनीकी नवाचार आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग 200 वर्ग मीटर क्षेत्र में एआई मॉडल का लाइव डेमॉन्सट्रेशन पेश करेगा। कर्व्ड एलईडी वॉल, स्मार्ट वीडियो डिस्प्ले, वीआईपी लाउंज और स्टार्टअप्स के लिए समर्पित क्षेत्र जैसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह पवेलियन तकनीकी प्रगति और नवाचार को प्रदर्शित करेगा और दिखाएगा कि कैसे योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को उद्यम, नवाचार और तकनीकी कौशल का नया केंद्र बनाया है। निवेश और विकास का केंद्र बनेगा इंडिया एक्सपो मार्ट मास्टर एग्ज़िबिशन लेआउट के तहत हॉल-1 से 8 और 15 बी2बी गतिविधियों, हॉल-9, 10 और 12 बी2सी गतिविधियों तथा हॉल-11 और 14 दोनों का हब बनेगा। ग्राउंड फ्लोर पर प्रदर्शनी में यूपीसीडा, इन्वेस्ट यूपी, जीनीडा, यीडा, सिविल एविएशन, रूस पवेलियन, आईटी/आईटीईएस, इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक्स, पर्यटन, क्लीन मिशन, ओडीओपी, कृषि, डेयरी, टेक्सटाइल और लॉजिस्टिक्स शामिल होंगे। सेकेंड फ्लोर पर इनॉगरेशन, बी2बी मीटिंग्स, नॉलेज सेशन, रिन्यूएबल एनर्जी, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थ, एजुकेशन और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होगा। स्वाद उत्तर प्रदेश दिखाएगा खानपान की विविधता ''स्वाद उत्तर प्रदेश'' थीम के तहत गेट नंबर-3 से हॉल नंबर-7 तक 25 आकर्षक फूड स्टॉल्स लगाए जाएंगे। मुरादाबादी दाल, बनारसी पान व लस्सी, पंछी पेठा, जैन शिकंजी, मथुरा का पेड़ा और खुर्जा की खुरचन जैसे लजीज व्यंजन आगंतुकों को यूपी की खानपान परंपरा का अनुभव कराएंगे। 3x3 मीटर ऑक्टोनॉम स्टॉल्स और 100 किलोवॉट पावर बैकअप से सुसज्जित यह सेक्शन एमएसएमई उद्यमियों और फूड ब्रांड्स को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। सीएम युवा पवेलियन युवाओं को उद्यमिता से जोड़ेगा मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षा योजना सीएम युवा के तहत हॉल नंबर 18ए में 150 इनोवेटिव स्टॉल्स स्थापित किए जाएंगे, जहां फ्रेंचाइजी और टेक्नोलॉजी आधारित बिजनेस मॉडल्स, एग्रीटेक, हेल्थटेक और स्टार्टअप आइडियाज प्रदर्शित होंगे। 27 सितंबर को 27 प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ एमओयू हस्तांतरण होगा। अंतिम वर्ष के छात्र और पूर्व छात्र इन प्रोजेक्ट्स में शामिल हो सकेंगे, जबकि बैंकर्स और इंडस्ट्री लीडर्स वित्तीय सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। प्रदेश के सभी 75 जिलों के सीएम युवा फ़ेलोज ब्रांड्स की जानकारी अपने क्षेत्रों तक पहुंचाएंगे। डिजिटल कैंपेन और वेबसाइट conclave.cmyuva.org.in युवाओं को इस प्लेटफॉर्म से जोड़ेगा। नॉलेज सेशन्स होंगे योगी सरकार की प्राथमिकताओं का केंद्र 26 से 28 सितंबर तक आयोजित होने वाले नॉलेज सेशन्स में स्टार्टअप्स, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल हेल्थ, इंश्योरेंस अवेयरनेस, ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट्स और स्किल डेवलपमेंट जैसे विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। 27 सितंबर को सीएम युवा योजना के तहत 27 यूनिवर्सिटीज के साथ एमओयू एक्सचेंज और खादी फैशन शो आयोजित होंगे। बी2बी और बी2सी मीटिंग्स के साथ यह नॉलेज हब युवाओं, उद्यमियों और निवेशकों को नवाचार और विकास की नई दिशा देगा। सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रदर्शन यूपीआईटीएस 2025 न केवल व्यापार का मंच होगा, बल्कि उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी जीवंत प्रदर्शन करेगा। आगंतुक भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू लोक परंपराओं के रंगीन प्रदर्शन के साथ-साथ सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत का आनंद लेंगे। प्रसिद्ध कलाकार दिनेश लाल 'निरहुआ, पद्मश्री मालिनी अवस्थी और प्रतिभा सिंह बघेल अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहेंगे, जिससे हर शाम इस मेगा आयोजन में कला और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

### 71 माओवादियों...

कैडर (क्रमांक 30 से 71) विभिन्न गतिविधियों में शामिल सदस्य थे, जिन पर विभिन्न मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार, सभी 71 आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत लाभ प्रदान किए जाएंगे, जिसमें 50,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि, कौशल प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। शेष आत्मसमर्पित कैडर (क्रमांक 30 से 71) विभिन्न गतिविधियों में शामिल सदस्य थे, जिन पर विभिन्न मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार, सभी 71 आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत लाभ प्रदान किए जाएंगे, जिसमें 50,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि, कौशल प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

### अदालत ने मतपत्र ...

निर्वाचन आयोग के अधिकारी ईवीएम प्रणाली की बारीकियों से अवगत हैं। उपेन्द्र नाथ दलाई नामक व्यक्ति ने देश में आम चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ शिकायत की। पीठ ने कहा कि ये मुद्दे पहले भी कई मौकों पर उच्चतम न्यायालय सहित विभिन्न अदालतों में उठाए जा चुके हैं। शीर्ष अदालत ने पहले कहा था कि वीवीपीएटी प्रणाली को शामिल करने से मत सत्यापन का सिद्धांत मजबूत होता है, जिससे चुनावी प्रक्रिया की समग्र जवाबदेही बढ़ जाती है।

### राजोआना को अब...

रही थी। इस दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने याचिका का विरोध करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ से कहा कि अपराध बहुत गंभीर श्रेणी का है। इस पर पीठ ने नटराज से पूछा, ''आपने उसे अब तक फांसी क्यों नहीं दी? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? कम से कम हमने तो फांसी पर रोक तो नहीं लगाई है।'' इस पर नटराज ने जल्द से जल्द जवाब देने की बात कही। इस दौरान राजोआना की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उनके मुवक्किल की दया याचिका पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। रोहतगी ने कहा, ''पता नहीं क्या हो रहा है।'' उन्होंने आगे कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले भी कहा था कि दया याचिका पर समय पर फैसला होना चाहिए। मुकुल रोहतगी ने राजोआना की स्वास्थ्य को लेकर भी सवाल उठाए। रोहतगी ने कहा, ''अगर मौत की सजा को खारिज करना है, तो सजा कम की जानी चाहिए। अगर सजा कम होती है, तो वह बाहर आ सकते हैं। इससे पहले 20 जनवरी को उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से उसकी दया याचिका पर निर्णय लेने को कहा था। केंद्र ने तब मामले की संवेदनशीलता का हवाला दिया था और कहा था कि दया याचिका विचाराधीन है। वहीं पिछले साल 25 सितंबर को, सर्वोच्च न्यायालय ने राजोआना की याचिका पर केंद्र, पंजाब सरकार और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासन से जवाब मांगा था। फिलहाल पीठ ने मामले की सुनवाई 15 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी है और कहा है कि केंद्र के कहने पर मामले को दोबारा स्थगित नहीं किया जाएगा।

### मेडिकल कालेजों में...

की संख्या में इस उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद, कुछ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की माँग, पहुँच और सामर्थ्य के अनुरूप क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है।

### सीबीएसई की 10वीं ...

अनुमानित डेटशीट है। स्कूलों से छात्रों की अंतिम सूची मिलने के बाद अंतिम डेटशीट जारी की जाएगी।

# कैमूर सहित पूरे बिहार में अब कानून का राज है : मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जगजीवन स्टेडियम भभुआ में कैमूर जिला के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) कार्यकर्ताओं के साथ आज आयोजित संवाद कार्यक्रम में कहा कि हमलोग बिहार के विकास में लगे हुए हैं। 2005 से पहले कैमूर जिला की स्थिति काफी दयनीय थी। अपराध चरम पर था, समाज में काफी विवाद होता था। हमलोगों ने यहां विकास के अनेक काम कराए हैं। अब शांति का माहौल कायम है। कानून का राज है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैमूर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक संस्थान, महिला आईटीआई, सभी अनुमंडलों में आईटीआई, जीएनएम संस्थान एवं पारा मेडिकल संस्थान की स्थापना की गई है। भभुआ में सदर अस्पताल का निर्माण कराया गया है। यहां अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों का निर्माण, कर्पूरी छात्रावास, बड़ी संख्या पुलों एवं पथों का निर्माण तथा कई सड़कों का चौड़ीकरण कराया गया है। मोहनिया-आरा फोर लेन पथ का निर्माण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत भभुआ एवं मोहनिया शहर में दुर्गावती जलाशय पाइप लाइन के जरिए पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसकी प्राकलित राशि 198 करोड़ रुपये है। कैमूर जिले में सिंचाई सुविधाओं का भी काफी विस्तार किया गया है। यहां स्थित मां मुंडेश्वरी मंदिर काफी प्राचीन, ऐतिहासिक एवं पवित्र स्थल है। यहां सालों भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजन एवं दर्शन करने पहुंचते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई काम कराए गए हैं। कैमूर जिले में 103 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कराया गया है। बचे हुए पंचायत सरकार भवनों के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है, जो इसी साल पूरा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भभुआ विधानसभा क्षेत्र में विकास के अनेक कार्य कराए गए हैं। यहां स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक संस्थानों तथा कई पथों का निर्माण कराया गया है। रामपुर प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पारा मेडिकल संस्थान की स्थापना की गई है। 287 ग्रामीण पथों

# आईपीयू ने अपना फिल्म स्कूल शुरु करने का किया ऐलान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) ने सिनेमा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने की दिशा में कदम बढ़ाया है। पद्मश्री से सम्मानित और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) महेश वर्मा ने बुधवार को अपनी खुद की फिल्म स्कूल शुरू करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को फिल्म निर्माण के हर पहलू में प्रशिक्षित कर उन्हें वैश्विक मंच पर स्थापित करना है। यह घोषणा विश्वविद्यालय के पूर्वी परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में की गई, जहां नई हिंदी फिल्म 'तुम मेरी पूरी कहानी' के प्रमोशन के साथ इस महत्वाकांक्षी योजना का खुलासा हुआ।

विश्वविद्यालय ने इस अवसर पर मूनलाइट फिल्म्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए। उसके निदेशक इमरान जाहिद भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा ने इस अवसर पर सिनेमा की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में भी सिनेमा सबसे प्रभावशाली माध्यम है। यह न केवल कहानियां सुनाता है, बल्कि समाज की सोच को बदलता है, भावनाओं को उभारता है और युवाओं को बड़े सपने देखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इस फिल्म स्कूल के जरिए नई प्रतिभाएं उभरें और भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयां मिलें।

# पथ निर्माण मंत्री व सांसद ने आरओबी सहित 350 करोड़ योजनाओं का किया शिलान्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नवादा। बिहार में नवादा-जमुई पथ पर कन्हाई इंटर स्कूल के समीप बुधवार को बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन एवं नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का भूमिपूजन के साथ साथ नवादा बाईपास सहित पथ निर्माण विभाग के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया। जिसमें हिदुआ तथा मस्तानगंज बायपास भी शामिल है।

सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि नवादा में बनने वाले रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) पर कुल 174.43 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसमें केंद्र सरकार (रेलवे बोर्ड) 99.05 करोड़ और बिहार सरकार 75.38 करोड़ रुपये देगी। इसके निर्माण से नवादा में लगने वाले जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी और यह नवादा-जमुई पथ पर स्थित रेलवे गुमटी के पास बनेगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि सांसद विवेक ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रयास से आज नवादा में साढ़े तीन सौ करोड़ की लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है ।जिसमें मस्तानगंज बाईपास से लेकर हिसुआ में बनने वाला बाईपास भी शामिल है। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान हमारे घोषणा पत्र में रेलवे ओवरब्रिज शामिल था। जिसे मैं प्रधानमंत्री तथा रेल मंत्री के आशीर्वाद से पूरा कर दिखाया है । उन्होंने कहा कि विकसित नवादा की ओर कदम तेजी से बढ़ रहा है। नागरिकों का साथ मिला तो निश्चित तौर पर विकसित नवादा ही बना कर दम लूंगा ।इस अवसर पर नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश, भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष अनिल मेहता ,जनता दल युग के अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार चुन्नू आदि उपस्थित थे। रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य का शिलान्यास से नवादा के नागरिकों में खुशी देखी जा रही है। इस ओवर ब्रिज के निर्माण से नवादा को एक भयानक जाम से भी मुक्ति मिलेगी। नवादा जिले के हिसुआ में आयोजित शिलान्यास समारोह में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन तथा स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर ने बाईपास निर्माण कार्य सम्पन्न किया।

# नवाचार को बढ़ावा देने को 2,277 करोड़ के परिव्यय के साथ डीएसआईआर योजना को मंजूरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली, । केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में नवाचार और युवा प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए कुल 2,277.397 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग/वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (डीएसआईआर/सीएसआईआर) योजना को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ल्क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकासङ्क नामक योजना को 15वें वित्त आयोग चक्र 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए मंजूरी दी है।



यह योजना सीएसआईआर द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।

वैष्णव ने बताया कि यह योजना देशभर के सभी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों को कवर करेगी। यह पहल विश्वविद्यालयों, उद्योग, राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में करियर बनाने के इच्छुक युवा, उत्साही शोधकर्ताओं के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रख्यात वैज्ञानिकों और प्रोफ़ेसरों के मार्गदर्शन में ये योजना विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग, चिकित्सा और गणितीय विज्ञान के विकास को बढ़ावा देगी।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो की मौत

बेतिया। बेतिया पुलिस जिला के भंगहा थाना क्षेत्र स्थित गरदेही गांव के पास सड़क पर धान लदे ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से एक अबोध बच्ची और एक महिला की मौत हो गयी है।घटना बुधवार की सुबह है। जानकारी के अनुसार नगरदेही गांव निवासी चंदप्रकाश पासवान की छह वर्षीय बेटी आरती कुमारी और हरिशंकर प्रसाद की पत्नी निर्मला देवी सड़क पर टहल रहे थे।उसी दौरान भंगहा से धान लदे ट्रैक्टर ट्रॉली इनरवा के तरफ आ रहा था।उसी दौरान नगरदेही गांव से सटे इंडो नेपाल बार्डर सड़क पर टहल रही एक बच्ची और एक महिला को अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने ठोकर मार दी। आसपास टहल रहे लोगों ने घायल हालात में दोनों को इनरवा बजार एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए ले गये।जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए बेतिया ले जाने को कहा गया। परिजन ने इलाज के लिए दोनों को बेतिया ले गये लेकिन बेतिया पहुंचते पहुंचते दोनों ने दम तोड़ दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने दुर्घटना में शामिल धान लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने पास रखा है। भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली चालक सेढ़वा निवासी मुकेश कुमार को थाना लाया गया है।जबकि ग्रामीणों के कब्जे में धान लदे ट्रैक्टर ट्रॉली के पास पुलिस कैंप कर रही है।मृतक बच्ची आरती कुमारी और मृतका निर्मला देवी के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## छात्र संघ चुनाव के लिए डीएसबी परिसर नैनीताल में नामांकन प्रक्रिया पूरी

नैनीताल। कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में छात्र संघ चुनाव 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुई। कुल 18 पदों में से 12 पर नामांकन हुए, जिनके लिए 18 अभ्यर्थियों ने पर्चे दाखिल किए। ध्यक्ष पद के लिए तनिष्क मेहरा और करण सती, उपाध्यक्ष पद के लिए शशांक भंडारी और दिनेश चंद्र, उपाध्यक्ष (छात्रा) पद के लिए प्राची नेगी और तनीशा जोशी, महासचिव पद के लिए आयुष आर्य, संयुक्त सचिव पद के लिए नितांत और जयवर्धन चंद्रा, कोषाध्यक्ष पद के लिए शिवेश कुमार, सांस्कृतिक सचिव पद के लिए भावेश विश्वकर्मा और सत्यम सिंह, कला संकाय प्रतिनिधि पद के लिए दीपांशु अधिकारी और करण कुमार, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद के लिए वेदांत पांडे, विधि संकाय प्रतिनिधि पद के लिए यशिता करगेती, बायोमेडिकल संकाय प्रतिनिधि पद के लिए अतुल रावत तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए आशीष कबडवाल ने नामांकन प्रस्तुत किये।

## कमिश्नर दीपक रावत ने कुष्ठ आश्रम में मनाया जन्मदिन

हल्द्वानी। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बुधवार को अपना जन्मदिन अनोखे अंदाज में मनाया। उन्होंने यह विशेष दिन हल्द्वानी बरेली रोड मोतीनगर हाथीखाल स्थित कुष्ठ आश्रम के निवासियों के बीच मनाकर उन्हें मिठाई खिलाई और वस्त्र वितरित किए।

इस दौरान आश्रम के बच्चों और रोगियों के चेहरों पर खासा उत्साह देखने को मिला। आयुक्त ने आश्रम में रह रही 23 महिलाओं, 9 पुरुषों और उनके बच्चों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। निवासियों ने आश्रम भवनों की मरम्मत और आवश्यक सुविधाओं की मांग रखी। वहीं, एक व्यक्ति ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की मांग पर आयुक्त ने तत्काल सीएमओ को निर्देश दिए कि संबंधित व्यक्ति का कार्ड शीघ्र बनाया जाए।

सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि आश्रम में रहने वाले सभी लोगों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है।

# अनुकरणीय पहल: विद्यालय में यहीं उगने वाली सब्जियों से बनता है पौष्टिक मध्याह्न भोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैनीताल। जनपद मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित दुर्गम क्षेत्र बेतालघाट के राजकीय प्राथमिक विद्यालय घिरोली ने एक शिक्षक के नवाचारी प्रयासों व प्रयोगों के माध्यम एक अनुकरणीय विद्यालय के रूप में अपनी पहचान बना ली है। इसका श्रेय विद्यालय के अध्यापक टिकेश्वर प्रसाद को जाता है, जिन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से विद्यालय को दर्शनीय बना दिया है।

शिक्षक प्रसाद ने विद्यालय में बच्चों की शिक्षा को रोचक और आकर्षक बनाने के लिए स्वयं के प्रयासों से विद्यालय में रंग-बिरंगी मछलियों के एक्वेरियम, साइकिल और फव्वारे का निर्माण किया है। साथ ही विद्यालय परिसर में स्थापित अशोक वाटिका में सालभर हरी सब्जियां उगाई जाती हैं, जिनमें आलू, मूली, भिंडी,



ककड़ी, तोरई, करेला आदि प्रमुख हैं। इन्हीं ताजे उत्पादों को प्रतिदिन मध्याह्न भोजन में परोसा जाता है। बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने की यह अनूठी पहल वर्ष 2005 से निरंतर जारी है।

बच्चों की संख्या 3 गुना हुई

टिकेश्वर प्रसाद की मेहनत से कभी आठ विद्यार्थियों तक सीमित रह गया यह विद्यालय अब 24 बच्चों तक पहुँच गया है। अभिभावक पब्लिक स्कूलों से बच्चों का नाम कटवा कर सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिला रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के इन प्रयासों से विभाग ने विद्यालय को स्मार्ट क्लास, टीवी और कंप्यूटर शिक्षा हेतु तीन लाख रुपये की धनराशि भी स्वीकृत की है।

पुरस्कार भी मिल रहे

शिक्षक टिकेश्वर प्रसाद को उनके प्रयासों के लिए अनमोल रत्न शिक्षक पुरस्कार समेत कई सम्मान मिल चुके हैं। अधिकारी वर्ग भी विद्यालय को अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बताते हुए यहाँ दौरा करते रहते हैं। डीईओ बेसिक गोपाल स्वरूप भारद्वाज का कहना है कि ऐसे शिक्षकों की लगन और बच्चों के प्रति स्नेह ही सरकारी शिक्षा के प्रति समाज का नजरिया बदल सकते हैं।

# विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियो की हुई बैठक

पूर्वी चंपारण। जिले के रक्सौल अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बुधवार को अनुमंडल अंतर्गत सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक का नेतृत्व एसडीपीओ मनीष आनंद ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीपीओ ने सेक्टर पुलिस को चुनाव से जुड़े हर बिंदु पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी बूथों का सत्यापन गंभीरता से किया जाए।सभी थाना क्षेत्र के फरार एवं सक्रिय अपराधियों को टीम गठित कर कार्रवाई सुनिश्चित करे।असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कदम उठाए। बीएलओ और मजिस्ट्रेट के साथ बूथ का संयुक्त सत्यापन हो। सभी बीएलओ, मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों का संपर्क नंबर संकलित कर पूर्व में ही डायरेक्टरी तैयार कर ले। बूथों पर पोलिंग पार्टी के ठहरने की व्यवस्था का पूरा डाटा संकलित कर ले। आपराधिक गतिविधि से जुड़े व्यक्तियों को चिन्हित कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। एसडीपीओ ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर मोतिहारी प्रशिक्षण प्रभारी इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार, इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार, रक्सौल थानाध्यक्ष विजय कुमार, हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान, पलनवा थानाध्यक्ष अनिल कुमार, नकरदेई थानाध्यक्ष भरत कुमार, हरपुर थानाध्यक्ष उतम कुमार, आदापुर थानाध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी समेत पूजा कुमारी, अंशुली आर्य, अनीता कुमारी और सोनालाल साह मौजूद थे। बैठक में चुनाव से संबंधित तैयारी को अंतिम रूप देने पर बल दिया गया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। भारतीय जनता पार्टी जिला हरिद्वार के द्वारा नगर निगम परिसर हरिद्वार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा ही संकल्प राष्ट्र प्रथम की प्रेरणा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उनके त्याग, समर्पण, सेवा एवं जनकल्याणी कार्यों पर उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का नगर निगम महापौर किरण जैसल, हरिद्वार नगर विधायक मदन कौशिक, रानीपुर विधायक आदेश चौहान व सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक लव शर्मा के द्वारा रिबन काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जो उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करता है। यह प्रदर्शनी उनके बचपन से लेकर वर्तमान तक के जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों को दर्शाती है। जैसे कि उनका बचपन, शिक्षा, और राजनीतिक जीवन। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन से संबंधित फोटो और दस्तावेज प्रदर्शित किए गए हैं। इस प्रदर्शनी का




उद्देश्य हम सभी को उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। महापौर किरण जैसल ने कहा कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन के प्रेरणादायक पहलुओं को भी प्रदर्शित किया गया है, जैसे कि उनकी कड़ी मेहनत और देश के प्रति उनकी निष्ठा। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधान सेवक के रूप में देश की बागडोर संभाली है तब से देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।

विधायक रानीपुर आदेश चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी एक महत्वपूर्ण मंच है जो लोगों को उनके जीवन के बारे में जानने का अवसर प्रदान करती है। यह प्रदर्शनी लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के जीवन के प्रेरणादायक पहलुओं से प्रेरित होने का अवसर भी प्रदान करती है। आज हम सब यहां उपस्थित जन उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश के विकास में अपना अपना योगदान देने का प्रण लें। दायित्वधारी राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से प्रधान सेवक की जिम्मेदारी संभाली है तब से देश लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है चाहे देश का सड़क नेटवर्क हो, रेल नेटवर्क हो, चाहे स्वास्थ्य की दिशा में उठाए गए सराहनीय कदम हो, किसान भाइयों के हित में लाभकारी योजनाएं ,महिलाओं के हित में लाभकारी योजनाएं चला कर लाभ देने का काम किया है। सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक लव शर्मा ने कहा कि आज इस नगर निगम परिसर में लगाई गई इस प्रदर्शनी का उद्देश्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित अनुभूति प्रदर्शनी का आत्म अवलोकन करना है।

इस अवसर पर तरुण नैय्यर, विनीत जौली, अरविंद कुशवाहा, मनोज शर्मा, रितु ठाकुर, मन्नू रावत, रेनू शर्मा, पार्षद राजेश शर्मा, सचिन कुमार, दीपक शर्मा, अनु मेहता, पिंकी चौधरी, नागेंद्र राणा, अनिल वशिष्ठ, सूर्यकांत शर्मा, सपना शर्मा, सूर्यकांत शर्मा, हरविंदर सिंह, अनुज सिंह, मोनिका सैनी, इष्ट देव सोनी, विपिन शर्मा, प्रदीप त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## सरोवरनगरी में रामलीला की धूम, कुमाऊं विश्वविद्यालय में भी हुआ मंचन

नैनीताल। कुमाऊं मंडल के मुख्यालय नैनीताल में शारदीय नवरात्र के दौरान परंपरागत तौर पर तल्लीताल, मल्लीताल, सूखाताल व सात नंबर क्षेत्रों में रामलीला का मंचन बेहद धार्मिक हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है।

अब तक श्रीराम जन्म के बाद भगवान राम के द्वारा महर्षि विश्वामित्र के साथ वन में जाकर ताड़िका का वध एवं अहिल्या उद्धार करते हुए जनकपुरी पहुंचने और वहां धनुष यज्ञ के उपरांत माता सीता से विवाह करने के दृश्यों का मंचन दो दिनों में किया जा चुका है। वहीं कुमाऊं विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में आईटीईपी कार्यक्रम के विद्यार्थियों ने नयी पहल करते हुए बुधवार को रामलीला का मंचन किया। दीप प्रज्वलन से आरंभ हुए कार्यक्रम में छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा और संवादों के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्श जीवन को जीवंत किया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063